ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

चित्रांगदा सिंह ने 'गैसलाइट' किरदार के लिए... पेज 10 पर



www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● चैत्र कृष्ण पक्ष 15 ● विक्रम संवत 2079 ● मंगलवार, 21 मार्च 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-154 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50




NEWS इन ब्रीफ

### श्रीरामचरित मानस महायज्ञ की कलश यात्रा आज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में जपला महावीर मंदिर में चैत नवरात्र को लेकर श्रीरामचरित्र मानस नवाह परायण यज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसकी शुरूआत मंगलवार को सुबह 7:00 बजे से कलश यात्रा के साथ होगी। कलश यात्रा महावीर जी भवन में से निकाला जायेगा। जो शहर के विभिन्न मार्ग से होते हुए देवरी सोन नदी घाट पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरकर जपला महावीर जी मंदिर में आकर स्थापित किया जायेगा। सभी श्रद्धालु इस पुनीत कार्य में अपना योगदान देकर पुण्य के भागी बनें।

### मैट्रिक सोशल साइंस की परीक्षा संपन्न

**मोहम्मदगंज।** स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र में सोमवार को जैक संचालित मैट्रिक परीक्षा के सोशल साइंस विषय की परीक्षा हुई। जिसमें 4 स्कूलों के कुल 510 में 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे और कुल 504 शामिल हुये। कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट सह बीडीओ प्रभाकर ओझा के अलावा स्ट्रैटिक मजिस्ट्रेट सहायक अभियंता बसंत कुमार व केंद्राधीक्षक सह प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह व वीक्षक लगे हुये थे। शांति और सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखने के लिए पुअनि आशीष कुमार, महिला कांस्टेबल सहित दल बल मुस्तैद थे।

### गुरी में शतचंडी महायज्ञ की तैयारी जोरो पर

**नावा बाजार।** गुरी पंचायत के गुरी ग्राम में शतचंडी महायज्ञ की तैयारी धूमधाम से चल रही है। जिसकी शुरूआत 22 मार्च दिन बुधवार कलश यात्रा के साथ धूम-धाम से निकाला जायेगा। वहीं अयोध्या से पधारे पंडित मानस सुरेश मिश्रा का भक्तिमय प्रवचन 3.00 बजे से शाम छह बजे तक होगा।

# सामग्री खरीदी को लेकर जन आरोग्य की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** मरीजों के इलाज व केयर से सम्बंधित जरूरी सामाग्रियों की खरीददारी को लेकर जन आरोग्य समिति की बैठक सोमवार को सीएचसी में अध्यक्ष मुखिया कमला देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में लिए गये निर्णय की जानकारी सीएचओ सह समिति की सचिव रामी किण्डो ने दी है। उन्होंने बताया कि बैठक में दर्री, कुर्सी, आलमारी, हैंडवॉश, सेनेटाइजर, ग्लब्स, मास्क, वाटर फिल्टर, इमरजेंसी लाइट, नोटिस बोर्ड सहित जरूरी 26 सामाग्रियों की खरीदारी पर सहमति बनी। उन्हें ही वित्तीय नियमानुसार इन सामाग्रियों की खरीदारी करने की जिम्मेवारी दी गई। जिससे संबंधित विपत्र को अगली बैठक में पेश करते हुए निकासी की गई राशि की व्यय विवरणी को अपडेट करने की भी जवाबदेही तय की गई। बैठक में सह सचिव उर्मिला कुमारी, सदस्य सुरेखा कुमारी (एएनएम), अनिता देवी (मुखिया, कादलकुर्मी), विंदा देवी, ममता देवी, नीरज सिंह, हरिहर मेहता, नंद कुमारी देवी सहित आरोग्य समिति के सदस्य शामिल थे।

# मैट्रिक व इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण रही



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा मैट्रिक व इंटर की वार्षिक परीक्षा 2023 सोमवार को शांतिपूर्ण रही। वहीं विभिन्न केन्द्रों पर कुल 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। हुसैनाबाद के केंद्रों पर मैट्रिक की सामाजिक विज्ञान व इंटर की अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा ली गई। मैट्रिक के सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में 32 छात्र अनुपस्थित रहें। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परीक्षा केंद्र पर मैट्रिक के परीक्षा में 643 में 9, एसबीएस कॉलेज में 751 में 9,प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय में 523 में 2, बक्शी उच्च विद्यालय में 409 में 4,उर्दू मध्य विद्यालय में 250 में 0, मध्य विद्यालय में 250 में 1, हार्वे उच्च विद्यालय में 579 में 3, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय कामगारपुर में 381 में 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। परीक्षा के दौरान बीईईओ राम नरेश राम, केंद्राधीक्षक जितेंद्र बहादुर सिंह, विश्वजीत चौबे,आमोद प्रकाश,संतोष प्रसाद, अनवारुल हक, शशिकांत यादव, बैजनाथ राम, वीक्षक शंकर राम, अनिल कुमार पासवान, रामप्रवेश राम, ममता कुमारी सिंह, संध्या कुमारी, रविशंकर विभूति, अखिलेश यादव, बीरेंद्र कुमार चौधरी, संजय कुमार, अभिषेक कुमार पासवान आदि सक्रिय रहें।

# देवी धाम मंदिर में चैत्र नवरात्र मेला का शुभारंभ

**श्रद्धालुओं को आपातकाल सूचना के लिये मंदिर कार्यालय में उद्घोषणा केन्द्र व पूरा मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे 24 घंटा रहेगा सक्रिय।**



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रसिद्ध देवी धाम में चैत्र मास में लगने वाले नवरात्र मेला की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिये पूरे मंदिर प्रागंण की साफ सफाई के अलावे रंगरोगन, प्रकाश, पानी, शौचालय व श्रद्धालुओं की अन्य सुविधाओं के प्रति मंदिर प्रबंध समिति के सदस्य जोर शोर से जुटे हैं। बुधवार को नवरात्र शुरू होने से पूर्व मेला को लेकर समिति अध्यक्ष सह बीडीओ धीरज कुमार ठाकुर, सीओ राजीव नीरज, जिप सदस्य संगीता देवी, मुखिया संतोष कुमार सिंह ने जायजा लेने के बाद कहा कि शांतिपूर्ण मेला आयोजन के लिये सभी दिशा निर्देश समिति सदस्यें को दी गई है। वहीं श्रद्धालुओं को आपातकाल सूचना के लिये मंदिर कार्यालय में उद्घोषणा केन्द्र व पूरा मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे 24 घंटा सक्रिय रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष दोनों नवरात्र मेला में यहां इलाके के अलावे सीमावर्ती राज्यों के लाखों श्रद्धालुओं का आगमन होता है। इस मेले में अधिकांश तौर पर होने वाली भीड़ के बीच बस इन्हें मां के दर्शन प्रसाद चढ़ावा के बाद गंतव्य को लौटने की बेचैनी होती है। हालांकि सदियों से जारी इस मंदिर मेला को लेकर सरकार, प्रशासन के अलावे रेल यातायात की कोई विशेष व्यवस्था आजतक नहीं होने से श्रद्धालुओं को काफी कष्ट उठाना पड़ता है। गिनी चुनी ट्रेनों में श्रद्धालुओं सहित आम यात्रियों की भीड़ देख रोंगटे खड़े होते हैं। बस किसी तरह गंतव्य और घर तक सुरक्षित पहुंचने की चिंता भी सताती है। लगातार रेल प्रशासन को जानकारी के बावजूद विशेष ट्रेनों की व्यवस्था नहीं कराया जाना भी उपेक्षात्मक रवैया ही उजागर होता रहा है।

### नेहा सिंह राठौर ने बेरोजगारी पर दी बड़ा बयान

**मेदिनीनगर।** इप्टा का राष्ट्रीय सम्मेलन 17 से 19 मार्च तक आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में देश भर से कलाकार शामिल होने पहुंचे। 19 मार्च को शिवाजी मैदान में बिहार की चर्चित लोक गायिका नेहा सिंह राठौर का लोक गीत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इप्टा के राष्ट्रीय सम्मेलन में पलामू वासियों का प्यार पाने के लिए नेहा सिंह राठौर पहुंची। बता दें की कार्यक्रम में देश भर से आए कलाकार ने अपनी-अपनी कल का जोहर दिखाया। इस कार्यक्रम में देश भर के 20 प्रांतों के प्रतिनिधि और संस्कृति पलामू पहुंची। कार्यक्रम के पहले दिन देश के जाने माने सूफी गायक मीर मुख्तियार अली ने जलवा बिखेरा तो वहीं कार्यक्रम के अंतिम दिन शिवाजी मैदान में भोजपुरी लोक गायिका नेहा सिंह राठौर ने समाज की समस्या पर आधारित कई लोक गीत गाए। नेहा सिंह राठौर ने पत्रकारों को बताया कि मैं बिहारी की रहने वाली हूं और उत्तर प्रदेश में ससुराल है। उन्होंने कहा कि मैं समाज की समस्या, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और गरीबी पर सवाल और व्यंग को लोक गीत के माध्यम से प्रस्तुत करती हूं। आज के समय में देश में सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की समस्या है। इससे पहले नेहा सिंह राठौर के कई गीत वायरल हुए है। आपको बता दें कि नेहा सिंह राठौर बिहार राज्य के कैमूर जिले की रहने वाली है। इनका गीत बिहार में का बा, यू पी में का बा, यू पी में का बा पार्ट 2 समेत कई गीत गा चुकी हैं। नेहा सिंह राठौर का गीत काफी वायरल होता रहा है। वह भोजपुरी भाषा में गीत गाती है।

### मैट्रिक की परीक्षा में 551 में 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**हरिहरगंज।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में सोमवार को मोतीराज महिला इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से हुई। इस दौरान मैट्रिक के 551 में 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे । मौके पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी शिवशंकर चौधरी, केंद्राधीक्षक राजकुमार रविदास ने परीक्षा कक्ष का निरीक्षण किया। वहीं एस आई रंजीत कुमार पुलिस बल के साथ विधि व्यवस्था के लिए तैनात रहे।

### पीएमजीएसवाई से निर्मित सड़कें गड्ढों में तब्दील : शत्रुघ्न

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने आज अपने पैतृक पंचायत व ग्राम रबदा का दौरा कर मुख्य पथ एनएच 98 कण्डा से लेकर खमडीहा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पिछले लगभग 7 साल पूर्व निर्मित ग्रामीण सड़क की रुग्ण स्थिति व भयावह गड्ढों में तब्दील होने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने स्थानीय विधायक व सांसद की आलोचना करते हुए इस इलाके के लाइफलाइन बन चुके इस रोड के शीघ्र जीर्णोद्धार की दिशा में ठोस पहल करने की मांग किया है। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि निर्माण काल से लेकर अभी तक एक बार भी इस सड़क की मरम्मत कराने का जहमत ना तो बनानेवाली एचसीएल कम्पनी ने किया,और ना ही विभागीय स्तर पर किसी ने रुचि ली है। जारी बयान में जेकेएम अध्यक्ष ने कहा है कि पड़वा प्रखण्ड के प्रसिद्ध लामीपतरा पशु बाजार को जोड़नेवाली यह सड़क नावाबाजार व पड़वा प्रखण्ड के सैकड़ों गांवों का व्यवसायिक सम्पर्क पथ है। अगर इसका विस्तार सदाबह नदी पर छेछौरी में पुल बनाकर लामीपतरा तक कर दिया जाए तो पाटन से इस इलाके की ना केवल दूरी कम हो जाएगी।

## सभी केन्द्रों पर कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** प्रखंड अंतर्गत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय नौडीहा,किशुनपुर +2उच्च विद्यालय,पाटन +2उच्च विद्यालय,मध्य विद्यालय पाटन व कुवंरबांध बीएस इण्टर कॉलेज में जैक दसवीं बोर्ड की सामजिक विज्ञान की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। परीक्षा के दौरान उड़नदस्ता सह गश्ती दण्डाधिकारी पाटन बीडीओ मनोज कुमार तिवारी स्तरोन्नत उच्च विद्यालय नौडीहा परीक्षा सेन्टर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने केन्द्राधीक्षक को सख्त निर्देश दिया कि परीक्षाकेन्द्र के सौ मीटर के आसपास कोई बाहरी व्यक्ति नजर नहीं आना चाहिए, ताकि सेन्टर पर बच्चों को कोई परेशानी न हो। नौडीहा केन्द्राधीक्षक त्रिपुरारी प्रसाद ने बताया कि सोमवार को सामजिक विज्ञान की परीक्षा ली गई। यहां 403 परीक्षार्थी में 398 परीक्षा में शामिल हुए। केन्द्राधीक्षक अनिता कुमारी ने बताया कि हीरानन्द +2उच्च विद्यालय किशुनपुर में 587 परीक्षार्थी में 576 शामिल हुए। राजकीय कृत +2उच्च विद्यालय पाटन में 498 परीक्षार्थी में 495 शामिल हुए। कुवंरबांध बीएस इण्टर कॉलेज में 531 परीक्षार्थी में से 522 शामिल हुए।

# 23 मार्च को किसानों का लगेगा जमावड़ा

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** किसान ब्रिगेड के बैनर तले आगामी 23 मार्च को हुसैनाबाद अनुमंडल के कपूर्री ठाकुर मैदान में होने वाले किसान महापंचायत को लेकर किसान ब्रिगेड की टीम लगातार पंचायतों का दौरा कर जनसंपर्क कर लोगों को जागरूक कर रही है। सोमवार को किसान ब्रिगेड की टीम बड़ेपुर, बनियाडीह, ढंगवार, बेलबिघा, महुअरी तथा बेनी कलां पंचायत के लोगों से मिलकर अपनी बातों को रखा और जन समस्याओं से रुबरु हुए। लोगों से बातचीत करते हुए किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि सरहद पर हमारी लड़ाई दुश्मनों से होती थी। लेकिन आज हमारी लड़ाई भ्रष्टाचार, गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी जैसी समस्याओं से है तथा उन भ्रष्ट जनप्रतिनिधियों से है, जिन्होंने केवल आपको ठगने और छलने का काम किया है। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। लेकिन उनका सुधी लेने वाला कोई नहीं है। किसान डबल बिजली बिल, भूमि गड़बड़ी, सिंचाई की समस्या, राशन घोटाला, पेयजल की समस्या, सुखाड़ का पैसा नहीं मिलने को लेकर काफी परेशान है।

## रामनवमी पूजा के अध्यक्ष बनें नितेश व उपाध्यक्ष आकाश

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के देवरी कला पंचायत में हर साल की तरह इस बार भी रामनमी पूजा समिति के द्वारा शोभायात्रा निकालने को लेकर बड़े पैमाने पर तैयारी की जा रही है। इस बार भी रामनवमी शोभायात्रा देवरी कला में ऐतिहासिक हो इसके लिए एकजुटता के साथ समितियों की बैठकों का दौर शुरू हो गया है। आगामी 30 मार्च को आयोजित की जाने वाली श्री रामनवमी पूजा समिति को सफल संचालन को लेकर देवरी कला पंचायत के राम भक्तों द्वारा दुर्गा मंदिर के प्रांगण में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक के दौरान शोभायात्रा के मार्ग, प्रशासनिक स्वीकृति और अन्य तैयारियों के साथ ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं को शोभायात्रा में शामिल कराने पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नितेश कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह को अध्यक्ष, आकाश कुमार सिंह को उपाध्यक्ष, विकास यादव को कोषाध्यक्ष, जितेंद्र चौधरी को उप कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में आदित्य सिंह,काजू सिंह, हिमांशु चौधरी,विवेक यादव, सोनू कुमार चौधरी, जगमाल चौधरी, विपुल सिंह,वीरेंद्र कुमार, बसंत लाल चौधरी अरुण पासवान, बिट्टू कुमार, अभय चौधरी, विशाल चौधरी, विवेक राज, मनोज प्रजापति, अंशु कुमार उर्फ पोलू कुमार, प्रिंस कुमार सिंह आदि का नाम शामिल है। मौके पर समिति के अध्यक्ष नितेश कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह ने पंचायत वासियों से अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर भगवान राम के जन्मदिवस पर 30 मार्च को आयोजित भव्य शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है।

## युवा वाहिनी निकालेगी परशुराम जयंती पर भव्य शोभायात्रा

**मेदिनीनगर।** प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में रविवार को युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में बैठक की गई । जिसकी अध्यक्षता करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि पलामू में शोभायात्रा की शुरूआत युवा वाहिनी के द्वारा की गई थी और इस परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी शोभायात्रा निकाली जाएगी। विचार विमर्श के क्रम में अनुशासन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी ने बताया कि इस दौरान पूरे शहर को सजाया जाएगा। वहीं शहर के सभी प्रमुख स्थानों पर होडिंग व बैनर लगाया जाएगा। चर्चा के क्रम में प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय ने बताया कि पूर्णतः पारंपरिक रुप से शंखनाद व ढोल मांदर,सिंघा जैसे वाद्ययंत्रों के साथ जीवंत झांकी इस शोभायात्रा के मुख्य आकर्षण के केंद्र होगें। इस दौरान युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष विकास दूबे ने बताया कि संगठन के द्वारा प्रांरभ की गई इस परंपरा को आगे बढाय़ा जाएगा। शोभायात्रा में समाज में अलग अलग नाम से चल रहे सभी संगठन को भी आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जीवंत शोभायात्रा के साथ भक्ति जागरण भी किया जाएगा। इस बैठक में कार्यक्रम की सफलता हेतु अनुशासन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी(पिंकु तिवारी) को कार्यक्रम प्रभारी व 31 सदस्यीय कोर कमिटी का गठन किया गया । बैठक में पूर्व प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सोनू मिश्रा,कोर कमेटी सदस्य विजय मिश्रा, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी, प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय, अजय शुक्ला, रवि शर्मा, पंकज शुक्ला, रौशन शुक्ला, ओमप्रकाश शुक्ला, राकेश उपाध्याय, अनुज शुक्ला, आनंद प्रकाश दूबे, विकास दूबे, आशीष प्रकाश दूबे,विक्रांत त्रिपाठी, तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार
जिला खनन कार्यालय, लातेहार
(खनन शाखा)
e-mail- dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in

-:: आम सूचना ::-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आदेशानुसार, लातेहार जिला के बरवाडीह/चन्दवा/लातेहार/महुआडांड़ थानान्तर्गत क्षेत्र में निम्नांकित मात्रा में जप्त भण्डारित लघु खनिज यथा पत्थर (पत्थर चिप्स) एवं बालू खनिज का झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली 2017, 2019 के नियम–54A के तहत् निम्नांकित थानान्तर्गत स्थल पर भण्डारित पत्थर एवं बालू खनिज का आम नीलामी अपर समाहर्त्ता, लातेहार की अध्यक्षता में पुनः दिनांक–28.03.2023 को समय 2:00 बजे अपराहन् में जिला समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। डाक में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार द्वारा Covid-19 के तहत् निर्गत SOP का पालन करना अनिवार्य होगा।

भण्डारण स्थल का विवरण निम्नवत् है–

| क्र0 सं0 | थाना का नाम | जप्त भण्डारित खनिज के भण्डारण स्थल की विवरणी | खनिज का नाम | खनिज की मात्रा | सुरक्षित जमा राशि | सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बरवाडीह काण्ड संख्या–69/22 दिनांक –04.07.2022 | मौजा–पोखरीकला, थाना–बरवाडीह स्थित तौकिर मियाँ के घर के समीप | बालू | लगभग =10,000 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 10,000 × 7.50 = 75000.00 रूपया (पचहत्तर हजार रूपया मात्र) | 7500.00 |
| | | बरवाडीह थानान्तर्गत बरवाडीह मेन रोड, षांती निकेतन विद्यालय के पास | पपत्थर | लगभग =10,350 CFT | पत्थर खनिज का बाजार बिक्री मूल्य प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 12.73 की दर से = 10250 × 12.73 = 131755.50 रूपया (एक लाख एकतीस हजार सात सौ पच्चपन रूपया) | 13176.00 |
| 2. | चन्दवा काण्ड संख्या–123/22, दिनांक–27.10.22 | चन्दवा थानान्तर्गत मौजा माल्हन में रेलवे लाईन निर्माण स्थल के पास | बबालू | लगभग 15000 CFT + 5000 CFT कुल लगभग – 20,000 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 20,000 × 7.50 = 1,50,000.00 रूपया (एक लाख पच्चास हजार रूपया मात्र) | 15000.00 |
| 3. | चन्दवा, काण्ड सं0–129/22, दिनांक– 9.11.2022 | मौजा–चिरो, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार | बबालू | लगभग –1,000 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 1,000×7.50 = 7500.00 रूपया (सात हजार पाँच सौ रूपया मात्र) | 750.00 |
| 4. | चन्दवा | मौजा–मालहन (बैरियाटांड़ टोला), थाना–चन्दवा स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के विद्यालय परिसर में भण्डारित | बबालू | लगभग –1,700 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 1,700 × 7.50 = 12750.00 रूपया (बारह हजार सात सौ पच्चास रूपया मात्र) | 1275.00 |
| 5. | लातेहार काण्ड सं0–283/22, दिनांक–20.11.2022 | मौजा–बारियातु खालसा /चटनाही थाना–लातेहार | बबालू | लगभग (1300 + 3500) CFT = 4800 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 4,800 × 7.50 = 36000.00 रूपया (छतीस हजार रूपया मात्र) | 3600.00 |
| 6. | लातेहार काण्ड संख्या –151/22, दिनांक– 04.06.2022 | मौजा–बेंदी, लातेहार थाना (थाना परिसर) | बबालू | लगभग –300 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 300 × 7.50 = 2250.00 रूपया (दो हजार दौ सौ पच्चास रूपया मात्र) | 225.00 |
| 7. | महुआडांड़ काण्ड संख्या–63/2021 | महुआडांड़ थाना परिसर | बबालू | लगभग –300 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 300 × 7.50 = 2250.00 रूपया (दो हजार दौ सौ पच्चास रूपया मात्र) | 225.00 |

उपरोक्त स्थल पर भण्डारित लघु खनिज पत्थर एवं बालू के लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्तों आदि के जानकारी के लिए दिनांक–20.03.2023 से दिनांक–28.03.2023 तक लातेहार जिला के Website: latehar.nic.in पर देखा जा सकता है अथवा जिला खनन कार्यालय, लातेहार में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी, लातेहार

PR 293089 Mines and Geology(22-23)#D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

द्वितीय शुद्धि-पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट (1st Call) निविदा सूचना संख्या– DWSD/GAR/SVS-24/2022-23 (Construction of 14 Nos SVS **under JJM** जो PR No. 289397 (NIT Published) and PR No. 291306 (1st Corrigendum) द्वारा 14 ग्रुपों की निविदा प्रकाशित है, जिसमें अपरिहार्य कारणों से प्राक्कलित राशि, अग्रधन की राशि, तिथि एवं समय में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

तिथि एवं समय :–

| क्र0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित कर प्रकाशित |
|---|---|---|---|
| 1 | Date & time of Publication of Tender on Website | 06.03.2023/ 12:30 P.M. | 21/03/2023 12:30 P.M. |
| 2 | Last date/Time for receipt of Bid | 15.03.2023/ 05:00 P.M. | 28/03/2023 05:00 P.M. |
| 3 | Last date/Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost (in Hard copy) | 16/03/2023 10:30 AM to 05:00 P.M. (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar | 29/03/2023 10:30 AM to 05:00 P.M. (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation, Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking |
| 4 | Date & time of Opening Tender | 17.03.2023/ 04:00 P.M. | 31/03/2023 05:00 P.M. |

| क्र0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित | | | | संशोधित कर प्रकाशित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| - | Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through DT/HYDT/GPT (Solar based) 01/2.0 H.P. DC Motor pump complete set for different tolas of concern villages which is not included/included in MVS etc. work **under (JJM)** For the year 2022-23 . | Group No. | Estimated cost (in Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Estimated cost (in Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) |
| 1 | **Salgada, SVS** Group of Scheme under Garhwa Block | Gar-01 | 19,38,222.00 | 39,000.00 | 5000,00 | 19,52,232.00 | 40,000.00 | वही |
| 2 | **Gadhauta, SVS** Group of Scheme under Garhwa Block | Gar-02 | 7,38,045.00 | 15,000.00 | 1250.00 | 7,38,541.00 | वही | वही |
| 3 | **Achali, SVS** Group of Scheme under Garhwa Block | Gar-03 | 5,35,392.00 | 11,000.00 | 1250.00 | 5,36,765.00 | वही | वही |
| 4 | **Khajuri, SVS** Group of Scheme under Garhwa Block | Gar-04 | 24,60,942.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 24,67,936.00 | वही | वही |
| 5 | **Bana, SVS** Group of Scheme under Garhwa Block | Gar-05 | 5,41,629.00 | 11,000.00 | 1250.00 | 5,43,420.00 | वही | वही |
| 6 | **Dohopal, SVS** Group of Scheme under Garhwa Block | Gar-06 | 5,47,866.00 | 11,000.00 | 1250.00 | 5,48,869.00 | वही | वही |
| 7 | **Murka, SVS** Group of Scheme under Garhwa Block | Gar-07 | 5,44,797.00 | 11,000.00 | 1250.00 | 5,46,145.00 | वही | वही |
| 8 | **Lawadohar, SVS** Group of Scheme under Dandai Block | Gar-08 | 49,18,419.00 | 99,000.00 | 5000.00 | 48,08,854.00 | 97,000.00 | वही |
| 9 | **Jarde, SVS** Group of Scheme under Dandai Block | Gar-09 | 63,20,853.00 | 1,27,000.00 | 10,000.00 | 61,65,696.00 | 1,24,000.00 | वही |
| 10 | **Lora, SVS** Group of Scheme under Dandai Block | Gar-10 | 33,73,128.00 | 68,000.00 | 5000.00 | 31,44,625.00 | 63,000.00 | वही |
| 11 | **Chakari, SVS** Group of Scheme under Dandai Block | Gar-11 | 33,76,692.00 | 68,000.00 | 5000.00 | 31,65,123.00 | 64,000.00 | वही |
| 12 | **Nawadih, SVS** Group of Scheme under Dandai Block | Gar-12 | 57,34,377.00 | 1,15,000.00 | 10,000.00 | 54,37,499.00 | 1,09,000.00 | वही |
| 13 | **Tori kala, SVS** Group of Scheme under Dandai Block | Gar-13 | 97,12,296.00 | 1,95,000.00 | 10,000.00 | 95,16,102.00 | 1,91,000.00 | वही |
| 14 | **Sinjo, SVS** Group of Scheme under Bhandaria Block | Gar-14 | 51,65,127.00 | 1,04,000.00 | 10,000.00 | 47,72,144.00 | 96,000.00 | 5000.00 |

नोट – (I) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।
(ii) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।
(iii) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर या कार्यालय में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 293131 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • चैत्र कृष्ण पक्ष 15 • विक्रम संवत 2079 • मंगलवार, 21 मार्च 2023 • वर्ष-29 • अंक-154 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50



चित्रांगदा सिंह ने 'गैसलाइट' किरदार के लिए... पेज 10 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड में तीन दिनों तक बारिश से राहत नहीं

**रांची।** राज्य के कई हिस्सों में पिछले चार दिनों से रूक-रूक कर बारिश हो रही है। तेज आंधी के साथ वज्रपात भी हो रहा है। मौसम में हुए इस बदलाव की वजह से तापमान में नौ डिग्री तक की गिरावट आई है। लगभग पूरे राज्य में ठंड बढ़ी है। हवा में भी नमी है। बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। इस बारिश से भले ही लोगों को गर्मी से राहत मिली है, लेकिन तापमान में उतार-चढ़ाव से लोग बीमार पड़ रहे हैं। अगले तीन दिनों तक मौसम का यही हाल रहने वाला है। बारिश भी होगी और तेज रफ्तार से हवा भी चलेगी।

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत तीन अप्रैल तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति केस में राजधानी की एक अदालत ने सोमवार को सीबीआई वाले मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत तीन अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी है। अदालत ने 17 मार्च को इसी मामले में सिसोदिया की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत 22 मार्च तक बढ़ा दी थी। सीबीआई द्वारा सिसोदिया को 26 फरवरी को गिरफ्तार किए जाने के बाद ईडी ने भी उन्हें इसी मामले में नौ मार्च को गिरफ्तार किया था।

### डॉ. आरएन प्रसाद बने आईएमए के स्थायी सदस्य

**रांची।** देवघर के जाने-माने चिकित्सक डॉ. आरएन प्रसाद को आईएमए की नेशनल कमिटी फॉर ईल्डरली का सदस्य बनाया गया है। 2022-23 और 2023-24 की अवधि के लिए डॉ. आरएन प्रसाद को आईएमए की इस स्थायी समिति का सदस्य बनाया गया है। गौरतलब है कि 28 दिसम्बर 2022 को प्रयागराज में आयोजित आईएमए की केंद्रीय परिषद की 143वीं साधारण बैठक आयोजित हुई थी। बैठक के निर्णय के अनुसार 2022-23 और 2023-24 की अवधि के लिए आईएमए की नेशनल कमिटी फॉर ईल्डरली की स्थायी समिति का पुनर्गठन किया गया।

# झारखंड में एच3एन2 व कोरोना के दो एक्टिव केस, सरकार अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में एक तरफ जहां एच3एन2 इन्फ्लूएंजा के भी दो केसेज सामने आए हैं, वहीं कोविड के एक्टिव केस की संख्या 10 हो गई है। इन मामलों को लेकर राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों और प्रखंडों को अलर्ट कर दिया गया है। संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट के फॉर्मूले पर कदम उठाने के निर्देश दिये गये हैं। स्वास्थ्य कर्मियों को मास्क पहनने, हाथों की स्वच्छता बनाए रखने और कोविड के अन्य प्रोटोकॉल का पालन करने को कहा गया है।




एच3एन2 इन्फ्लुएंजा का पहला केस शनिवार को जमशेदपुर में मिला, जबकि दूसरा केस रविवार को रांची में पाया गया। जमशेदपुर में एक 68 वर्षीय महिला इस वायरस से संक्रमित मिली। उनका इलाज टाटा मेन हॉस्पिटल में चल रहा है। पूर्वी सिंहभूम के सिविल सर्जन डॉ. जुझार मांझी के मुताबिक संभावित लक्षण वाले छह मरीजों के सैंपल जांच के लिए माइक्रो वायरोलॉजी लैब में भेजे गए थे। इनमें महिला मरीज में वायरस की पुष्टि हुई। महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद परिवार के चार अन्य सदस्यों को भी जिला सर्विलांस विभाग ने घर में आइसोलेट कर दिया है। उनके सैंपल भी लिए गए हैं। इनमें से दो लोगों को हल्की सर्दी-खांसी है। पीड़ित महिला की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# पलामू : जानलेवा सड़कों का तैयार हो रहा डाटा

### चिन्हित किए जा रहे ब्लैकस्पॉट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में कई ऐसी सड़क हैं जो जानलेवा हो गई हैं। प्रतिदिन हादसों में इन सड़कों पर लोगों की जानें जा रही है। पलामू प्रमंडल में सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत के आंकड़े को रोकना बड़ी चुनौती बन गई है। सड़क दुर्घटना में होने वाले मौत के आंकड़े को रोकने के लिए झारखंड की पुलिस ने पूरी ताकत लगा दी है। आईजी स्तर के अधिकारी लगातार इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं । साथ ही सड़क हादसों को रोकने के लिए समीक्षा कर रहे हैं। पलामू, गढ़वा और लातेहार में जनवरी 2023 में मार्च के दूसरे सप्ताह तक सड़क हादसों में 126 से अधिक लोगों की मौत हुई है। इन सड़क हादसों में कई परिवार बिखर गए हैं। पलामू रेंज के आईजी राजकुमार लकड़ा ने सड़क हादसों को रोकने के लिए तीनों जिले के पुलिस अधिकारियों को कई बिंदुओं पर निर्देश भी जारी किया हैं। आईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि सड़क हादसों को रोकने के लिए मोटर एक्ट के पालन के लिए पुलिस जरूरी कदम उठा रही है। पुलिस लोगों को जागरूक कर रही है। साथ ही साथ सख्त रवैया भी अपना रही है। आईजी ने बताया कि सड़कों पर नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ



कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। सड़क हादसों में होने वाली मौत के आंकड़ों को रोकना पुलिस के लिए प्राथमिकता है और सभी पुलिस अधिकारियों को इस संबंध में कई जिम्मेवारी सौंपी गई है। पलामू, गढ़वा और लातेहार में नेशनल हाईवे 75, 98, 133, स्टेट हाइवे और ग्रामीण सड़कों पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए जा रहे हैं। ब्लैक स्पॉट और एक्सीडेंटल जोन में पुलिस बल की पेट्रोलिंग बढ़ाई जा रही है। इलाके में एंबुलेंस की भी तैनाती की योजना है। पुलिस की पेट्रोलिंग वाहन को फर्स्ट एड किट भी दिया जा रहा है। पेट्रोलिंग में शामिल पुलिस अधिकारी और जवानों को दुर्घटना के दौरान बरती जाने वाली सावधानी और इलाज के बारे में भी बताया जा रहा है। पलामू प्रमंडल में नेशनल हाईवे 75, 98 और 133 पर सबसे अधिक सड़क हादसों में लोगो की जान जाती है। पलामू रेंज की पुलिस पिछले 10 वर्ष में हुए सड़क दुर्घटनाओं के कारण से जुड़े हुए मुकदमों की स्थिति का भी आंकलन कर रही है। पुलिस सड़क दुर्घटनाओं में शामिल वाहनों के बारे में भी डाटा तैयार कर रही है।

# कई मुद्दों पर गरमाया सदन


## मंत्री बोले - सारे आंदोलनकारियों को दिलायेंगे सम्मान

### सदन में जेपी, झारखंड, वनांचल आंदोलनकारियों की उठी मांगें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड, वनांचल और जेपी आंदोलनकारियों को चिन्हित करने की मांग पर सोमवार को सदन गरमा गया। बोकारो के भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से सवाल उठाया था कि अलग राज्य बनाने के लिए झारखंड और वनांचल के नाम पर वृहद आंदोलन अलग-अलग विचारधारा के लोगों ने किया था, लेकिन कई लोगों ने जिन्होंने वनांचल नाम से आंदोलन किया उनका नाम छोड़ दिया गया। बिरंची ने बताया कि पूर्व सांसद रामदास सिंह, पूर्व विधायक छत्रुराम महतो समेत दर्जनों नाम नहीं जोड़े गए। बिरंची के सवाल पर जवाब देते हुए मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि झारखंड हो या वनांचल सारे नामों से आंदोलन करने वालों को चिन्हित कर सम्मान दिया जायेगा। मंत्री ने कहा की अलग राज्य के लिए जिस नाम से भी आंदोलन हुए सभी को चिन्हित कर सम्मान दिया जायेगा। मंत्री ने कहा की जेपी आंदोलन का मामला झारखंड आंदोलन से नहीं जुड़ा है।

**जेपी आंदोलनकारियों को सम्मान नहीं मिला :** मंत्री के जवाब पर सीपी सिंह ने आपत्ति जताई की जेपी आंदोलन संयुक्त बिहार में हुआ था, तब झारखंड भी बिहार का हिस्सा था। वह खुद आंदोलन में छह माह जेल में रहे, लेकिन उन्हें कभी आयोग ने आंदोलनकारी के तौर पर चिन्हित नहीं किया। वहीं, सरयू राय ने सूचना दी कि झारखंड में जेपी आंदोलनकारियों को पेंशन बिहार की तर्ज पर दी जाए, बिहार सरकार ने पेंशन बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों को कुछ जिलों में कई माह से पेंशन नहीं मिला है। झामुमो विधायक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### नियोजन नीति को लेकर भाजपा विधायकों का धरना




झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 13वें दिन सोमवार को भी विधानसभा के बाहर भाजपा विधायकों ने नियोजन नीति को लेकर धरना प्रदर्शन दिया। भाजपा विधायकों ने कहा कि स्थानीय और नियोजन नीति के नाम पर हेमंत सरकार ने राज्य के युवाओं के साथ क्रूर मजाक किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य बर्बाद करने वाले मुख्यमंत्री इस्तीफा दें। राज्य में जल्द नियोजन नीति लागू किया जाए।

### सरयू राय अगर साबित कर दें कि मैंने एक रुपया भी प्रोत्साहन राशि ली है तो दे दूंगा इस्तीफा : स्वास्थ्य मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा में सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि अगर सरयू राय साबित कर दें कि मैंने एक रुपये भी प्रोत्साहन राशि ली है, तो मैं इस्तीफा देने को तैयार हूं। विधानसभा में सोमवार को बजट अनुदान मांग पर सरकार की



ओर से जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरयू रायजी आपके डराने से हम नहीं डर सकते। आपके आधार पर सिस्टम नहीं चल सकता है, ऐसा नहीं है कि इस धरती पर आप ही एक ईमानदार हैं और सारे बेईमान हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ट्रेजरी बंद हो गया इस कारण मंत्री के खाते में पैसा नहीं गया। आखिर आप चाहते क्या हैं, यह सदन को स्पष्ट ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### पांच जिलों में ओबीसी को आरक्षण नहीं : मुंडा

भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने सूचना के तहत बताया कि मीडिया में आज जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर का प्रकाशन हुआ है, जिसमें पांच जिला ऐसे हैं, जहां एक वर्ग को शून्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि खूंटी, सिमडेगा सहित पांच जिले ऐसे हैं, जहां ओबीसी को आरक्षण नहीं दिया गया है। उन्होंने मांग की कि इन जिलों में भी ओबीसी को आरक्षण की व्यवस्था की जाए।

# लातेहार में 5 लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

नक्सली संगठन टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर दशरथ उरांव उर्फ रोशन ने सोमवार को लातेहार पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। रोशन पांच लाख रुपये का इनामी नक्सली है। लातेहार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में आईजी राजकुमार लकड़ा और लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली को सम्मानित किया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए आईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि रोशन पूर्व में माओवादी संगठन से जुड़ा हुआ था, परंतु बाद में इसने टीएसपीसी का दामन थाम लिया। यह मुख्य रूप से चतरा जिले के टंडवा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। इस पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगभग 60 से अधिक मामले दर्ज हैं। आईजी ने बताया कि इसका एक साथी ने वर्ष 2021 में सरकार के आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाते हुए सरेंडर किया था। उसी से प्रभावित होकर इसने भी आत्मसमर्पण करने की योजना बनाई थी। इसके बाद लातेहार एसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन के बाद इसने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। एसपी ने कहा कि झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति नक्सलियों के लिए काफी फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि रोशन ने आत्मसमर्पण कर काफी अच्छा काम किया है। अब यह समाज के मुख्यधारा में जुड़ कर अपने परिवार के साथ सामान्य जीवन जी सकता है। एसपी ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुलिस हर संभव मदद करने को तैयार है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली रोशन ने कहा कि 19 वर्षों तक नक्सल गतिविधियों में वह सक्रिय रहा है। नक्सलवाद और हिंसा कभी भी किसी को इंसाफ नहीं दिला सकती। 19 साल तक नक्सलवाद से जुड़े रहने के बाद उसे एहसास हो गया है कि यह रास्ता कभी भी सही नहीं है। उसने अन्य नक्सलियों से भी अपील की कि सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ लें और पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करें।

# रिटायर्ड डीएसपी व दरोगा से ईडी ने की पूछताछ

### पंकज मिश्रा से न्यायिक हिरासत में मिलने की बात स्वीकारी

### पंकज मिश्रा को केस में भी डीएसपी रहते हुए यज्ञनारायण तिवारी ने दी थी राहत

### बरियातू थाने में ड्यूटी के दौरान दारोगा प्रयाग दास ने की थी पंकज मिश्रा से मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध खनन व मनी लाउंड्रिंग के केस में ईडी ने सोमवार को सेवानिवृत डीएसपी यज्ञनारायण तिवारी व बरियातू थाने में तैनात रहे




दारोगा प्रयाग दास से पूछताछ की। यज्ञनारायण तिवारी जनवरी महीने में साहिबगंज हेडक्वार्टर डीएसपी के पद से सेवानिवृत हुए थे। ईडी ने पाया है कि साहिबगंज में पंकज मिश्रा के खिलाफ दर्ज एसटी-एससी एक्ट के केस में यज्ञनारायण तिवारी ने पद पर रहते हुए राहत दी थी। **दोनों पुलिस पदाधिकारियों ने मुलाकात की बात स्वीकारी :** ईडी की पूछताछ में रिटायर्ड डीएसपी यज्ञनारायण तिवारी और दारोगा प्रयाग दास ने पंकज मिश्रा से न्यायिक हिरासत में पूछताछ की बात स्वीकार की है। हालांकि, प्रयाग दास ने ईडी को कहा है कि बरियातू थाना में तैनाती के दौरान वह ड्यूटी में पंकज मिश्रा से मिले थे। प्रयाग दास के बयान के आधार पर ईडी अब इस मामले में रिम्स में पंकज मिश्रा के सुरक्षा में तैनात जवानों का भी बयान दर्ज करेगी, साथ ही पुलिस के द्वारा भेजे गए ड्यूटी रोस्टर से भी इसका मिलान किया जाएगा। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सुप्रीम कोर्ट ने सैनिकों के वन रैंक वन पेंशन मामले में केंद्र का सीलबंद लिफाफा नहीं लिया

# मुख्य न्यायाधीश ने कहा : सॉरी, सबके सामने पढ़िए या वापस ले जाइए

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

जिस तरह का तेवर केंद्र सरकार, उपराष्ट्रपति, कानून मंत्री अपनाये हुए हैं और जिस तरह सर्वोच्च न्यायालय व उसके जजों पर अपरोक्ष रूप से कहा जा रहा है, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उसका सौम्य तरीके से सटीक जवाब मिलने लगा है। सोमवार 20 मार्च को वन रैंक वन पेंशन के तहत पूर्व सैन्य कर्मियों के बकाया भुगतान पर केंद्र सरकार को एक बार फिर से झटका लगा है। सर्वोच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ के समक्ष वन रैंक वन



पेंशन के तहत पूर्व सैन्य कर्मियों के बकाया भुगतान मामले को लेकर केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए अटॉर्नी जनरल ने एक सील बंद लिफाफा पेश किया। जिसमें रक्षा मंत्रालय का जवाब था। जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने लेने से इंकार कर दिया। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहाः सॉरी, सबके सामने पढ़िए या वापस ले जाइए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा : हम इस तरह से बिना वजह सीलबंद लिफाफा पेश करने की प्रक्रिया को खत्म करना चाहते हैं। यह निष्पक्ष न्याय की बुनियादी प्रक्रिया के विपरीत है।

> 'हम इस तरह से बिना वजह सीलबंद लिफाफा पेश करने की प्रक्रिया को खत्म करना चाहते हैं। यह निष्पक्ष न्याय की बुनियादी प्रक्रिया के विपरीत है।'

चीफ जस्टिस ने कहाः मैं व्यक्तिगत रूप से सीलबंद लिफाफे के खिलाफ हूं। वैसे भी यह एक आदेश लागू करने से जुड़ा मामला है। इसमें गुप्त क्या है। सीलबंद लिफाफे की जानकारी की एक कॉपी दूसरी पार्टी को भी देनी चाहिए। इसका सहारा तभी लेना चाहिए जब किसी स्रोत का जीवन खतरे में हो या ऐसी कोई परिस्थिति हो। अदालत में पारदर्शिता होनी चाहिए... यह आदेशों को लागू करने के बारे में है। यहां गुप्त क्या हो सकता है। इसके साथ ही पीठ ने बकाया भुगतान का नया फॉर्मूला भी दे दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**प्रतिभा**

## उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित

# शिक्षित राज्य से ही पूरी होगी राज्य की परिकल्पना : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के इतिहास में पहली बार यहां की शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर ऐसा आयोजन हुआ है। हमारी सोच है कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में हमारे सरकारी विद्यालयों के बच्चे निजी विद्यालयों या बड़े शहरों के विद्यालयों के बच्चों से किसी भी क्षेत्र में कम न रहें। हमारी सरकार ने राज्य में सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को क्वालिटी एजुकेशन उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। पहले चरण में 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसई की तर्ज पर हमारे बच्चों को शिक्षा मिलनी शुरू हो चुकी है। आने वाले समय में



राज्य में चार हजार से अधिक सरकारी विद्यालयों में यह व्यवस्था लागू की जाएगी। आने वाली पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उन्हें बौद्धिक तथा सामाजिक रूप से मजबूत बनाया जाएगा। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को टाना भगत स्टेडियम खेलगांव में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा आयोजित उत्कृष्ट विद्यालय के प्रबंधन समिति के सदस्यों का राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित राज्य की परिकल्पना शिक्षित राज्य से ही पूरी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो राज्य शिक्षित होता है उसे किसी के सहारे की जरूरत नहीं पड़ती है। मुख्यमंत्री ने केरल राज्य का उदाहरण पेश करते हुए अपने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईश्वर ने हमारे राज्य को प्राकृतिक संसाधनों के साथ-साथ प्राकृतिक सुंदरता से भी नवाजा है। हमारे राज्य में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### राज्य के बच्चे-बच्चियां खेलकूद के साथ-साथ शिक्षा में परचम लहराएंगे

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारे बच्चे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, जरूरत है कि हम उन्हें संसाधनों के साथ जोड़ें। जो बच्चे-बच्चियां पिछड़ापन और गरीबी के कारण संसाधनों के अभाव में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं वैसे बच्चे-बच्चियों को आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के बच्चे-बच्चियां खेल के क्षेत्र में देश और दुनिया में झारखंड का नाम रोशन किया है। बहुत अच्छा लगता है जब हमारे बच्चे जब देश और दुनिया में खेल के क्षेत्र में झारखंड का डंका बजाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि खेल के साथ-साथ अब हमारे बच्चे देश के अंदर शिक्षा के क्षेत्र के क्षेत्र में भी अपना परचम लहराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के वैसे बच्चे जो स्कूली शिक्षा से आगे बढ़कर इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित अन्य स्ट्रीम में पढ़ाई करना चाहते हैं उन्हें राज्य सरकार आर्थिक मदद देते हुए पढ़ाई में होने वाले सभी खर्चा वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में पहली बार इस राज्य ने अपने बच्चों को उच्चतर शिक्षा के लिए विदेशों में पढ़ाई करने के लिए 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान किया है। राज्य सरकार के खर्च पर विदेश पढ़ाई करने गए कुछ बच्चे डिग्रियां लेकर वापस राज्य पहुंचकर अच्छा कर रहे हैं, वहीं कुछ बच्चों को तो विदेशों में नौकरी भी मिल गई।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना

# झारखंड के 1000 तीर्थयात्री हुए रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना - 2023 के तहत विशेष ट्रेन के द्वारा राज्य के सभी जिलों से कुल एक हजार तीर्थयात्रियों को (60 वर्ष से अधिक एवं बीपीएल श्रेणी के) द्वारिका-सोमनाथ की विशेष तीर्थयात्रा के लिए रांची के हटिया रेलवे स्टेशन से संध्या 5:15 बजे ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा 20 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च को समाप्त होगी। यात्रा में सभी तीर्थ ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

## बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो घायल, भेजा अस्पताल



**चिनीयां।** चिनीयां थाना क्षेत्र के रानीचेरी गांव स्थित चइतवादामर के पास सोमवार की सुबह करीब 9:30 बजे दो मोटरसाइकिल की हुई आमने-सामने की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये है। जिसे राहगीरों एवं आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायल पड़े युवकों को उठा कर एंबुलेंस के माध्यम से बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भेज दिया गया है।

## सात केन्द्रों पर 152 नव साक्षरों ने दिया आंकलन परीक्षा



**केतार।** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत रविवार को केतार प्रखंड के सात केन्द्रों पर आंकलन सह जांच परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। प्रखंड के सात पंचायतों में आयोजित आंकलन परीक्षा में 152 नव साक्षर शामिल हुए। प्रखंड समन्वयक अनीता प्रकाश परीक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया की नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के अनपढ़ महिला पुरुष को नव साक्षर अभियान से जोड़कर उन्हें साक्षर बनाना ताकि वो अपने हक अधिकार को समझ सकें। इस मौके पर पंचायत प्रेरक त्रिपुरारी सिंह, चंचला कुमारी, पुनम देवी के साथ-साथ सभी परीक्षा केंद्र पर विद्यालय के प्रधानाध्यापको ने आंकलन परीक्षा में सहयोग कर परीक्षा को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराया।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 6 तीर्थयात्री हुए रवाना



**मेराल।** झारखंड सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत छह तीर्थयात्री मेराल प्रखंड से सोमवार को हुए रवाना। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत सोमवार को मेराल के छह यात्रियों को मुखिया रामसागर मेहता ने माला पहना कर रवाना कराया। यात्रा करने जाने वालों में मथुरा बैठा अशर्फी महतो रजल देवी लक्ष्मी महतो मथुरा महतो अनार मनी देवी शामिल है। जो द्वारका भेंटद्वारका सोमनाथ मंदिर दर्शन करेंगे मुखिया रामसागर मेहता ने बताया कि श्रद्धालु द्वारिका तथा सोमनाथ यात्रा के लिए जा रहे हैं। जो दर्शन के साथ क्षेत्र में अमन शांति के लिए भगवान से कामना करेंगे। इस मौके पर समाज सेवी डॉ लालमोहन मेराल, पूर्वी पंचायत के पूर्व मुखिया सुषमा कुशवाहा, प्रखंड सहायक रिजवान अख्तर, सहित कई लोग मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क मरम्मती में ग्रामीणों ने लगाया अनियमितता का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

ग्रामीण हिस्सों में बेहतर पहुंच पथ उस क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास के लिए अति आवश्यक है। जो सामानों के आदान-प्रदान, स्वास्थ्य सुविधाओं के बेहतरी, और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए रास्ता खोलता है। जिससे ग्रामीण आबादी के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षणिक विकास में मदद मिलती है। इसी उद्देश्य के पूर्ति हेतु केंद्र ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत ग्रामीणों क्षेत्रों में पक्की सड़क का निर्माण हो रहा हैं। बहियार मोड़ से सपही मिशन विद्यालय तक ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के उद्देश्य से बन रहे प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में घोर अनियमितता का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों का कहना हैं की संवेदक द्वारा मनमानी तरिके से सड़क निर्माण कराया जा रहा, सड़क निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर घपला हो रहा हैं। इस प्रकार बनी सड़क ज्यदा दिनों तक नहीं टीक पायेगी और जल्द ही हमलोग फिर से जर्जर सड़क से आवागमन के लिए बाध्य होंगे। इससे पूर्व शहीद भगत सिंह चौक से मानदोहर, भागोडीह ग्राम होते हुए सुखड़ा शिव मंदिर तक सड़क मरम्मती मे अनियमितता की मामला सोशल मिडिया में चला था। जिससे ग्रामीण व्यथित हैं की करोड़ों की लागत से सड़क मरम्मती में इस कदर से लूट क्षेत्र में भ्रस्टाचार की चरम सीमा को साबित करता हैं।

### ग्रामीणो ने कहा

**अजय** बैठा सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा करते हुए कहा की संवेदक द्वारा काम आरंभ करने से पूर्व कार्य विवरणी की बोर्ड नही लगाया गया है, जिससे योजना के बारे में ग्रामीणों को कुछ पता नहीं चले और अपना काम निकल जाये। इरफान अंसारी ने कहा कि सड़क मरम्मती मे जीएसबी ग्रेडिंग टू,मेटल ग्रेड टू,मेटल ग्रेड 3 और डब्ल्यूएमएम के स्थान पर सिर्फ पुरानी सड़क को खोद कर तीन इंची मेटल भर कर कालीकरण करने की तैयारी कर दी गयी है। मुन्ना उरांव ने कहा कि कालिकारण की तैयारी हो चुकी हैं और संवेदक के द्वारा अभी तक कार्य स्थल पर कार्य से जुड़ी विवरणी बोर्ड नही लगाया जाना ही संवेदक के लापरवाही को दशार्ता हैं। सब्बू हुसैन कहते हैं कि सड़क मरम्मती स्थल पर अभीतक विभाग के अधिकारी या प्रशासनिक अधिकारी सड़क निर्माण कार्य की जांच हेतु नही आयें है और काम भी पुरा होने की स्थिति मे है। जिससे कार्य में अनियमितता को दशार्ता हैं। संजीत कुमार टोप्पो बोले कि मरम्मती के नाम पर संवेदक विभागीय अधिकारियों के साथ साठगांठ कर अनियमितता बरत रहे है, जिससे गुणवातापूर्ण सड़क का निर्माण नहीं हो रहा हैं। मंसूर अंसारी ने कहा कि सड़क मरम्मत किया जा रहा है इसके लिए शासन-प्रशासन बधाई के पात्र है। लेकिन मरम्मती के नाम पर संवेदक विभागीय अधिकारियों के साथ साठगांठ कर अनियमितता बरत रहे जो जनकल्याण हेतु कार्यों में असहनीय हैं। ग्रामीणों ने कहा कि विभागीय अधिकारी के समक्ष कार्य स्थल पर संवेदक के द्वारा सोमवार तक संपूर्ण कार्य विवरणी बोर्ड नही लगाया जाएगा तो आगे चरणवद्ध आंदोलन चलाया जाएगा।सांसद,विधायक के साथ-साथ सरकार को पत्र भेज कर संवेदक के द्वारा बरती जा रही अनियमितता का शिकायत किया जाएगा। इस सम्बन्ध में संवेदक बोले कि मरम्मती कार्य में तीन लेयर चार लेयर क्या होता हैं? कार्य गुणवातापूर्ण हो रहा हैं, अनुमंडल पदाधिकारी बोले कि इस मामले को जाँच के लिए सक्षम पदाधिकारी को दिशानिर्देश दिया गया हैं जांचोपरान्त कारवाई कि जाएगी।



# अवैध रूप से बालू लदे 5 ट्रैक्टर जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। चिनियां**



चिनियां थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा अवैध बालू के धंधे करने वालों पर गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी अभियान चलाकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार इंस्पेक्टर रामजी महतो द्वारा बालू लदे पांच ट्रैक्टर को जब्त कर चिनिया थाना परिसर में लाया गया है। जब्त ट्रैक्टर बरवाड़ीह गांव निवासी ट्रैक्टर मालिक उमेश यादव, रुपेश पासवान, मुख्तार अंसारी, रामा शंकर गुप्ता, तथा चिनिया निवासी बदन कुमार रवि का नाम शामिल है। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है इन लोगों द्वाराअवैध खनन किया जा रहा था ट्रैक्टर की जब्ती रविवार की शाम लगभग 7:30 बजे चिनियां थाना क्षेत्र के मसरा मोड के पास से की गई है। तथा ट्रैक्टर मालिक पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है करवाई हेतु अंचलाधिकारी चिनिया को पतत्राचार किया गया है। इन सभी अवैध बालु लदे ट्रैक्टर जिसके लिए पत्राचार चिनिया अंचलाधिकारी को किया गया है जब्त ट्रैक्टर में चार महिंद्रा ट्रैक्टर है जबकि एक जॉन डियर ट्रैक्टर का नाम शामिल है। वही छापेमारी अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार इंस्पेक्टर रामजी महतो चिनीयां थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर गुप्तेश्वर सिंह सहित पुलिस बल शामिल थे।

## श्री बंशीधर नगर : एक दिवसीय गैर आवासीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में सोमवार को समावेशी शिक्षा के तहत एक दिवसीय गैर आवासीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना प्रवीण, बीआरपी श्रीकांत चौबे, शिक्षक अनिल कुमार विश्वकर्मा, प्रशिक्षक अखिलेश प्रसाद, रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर बीपीओ व सीआरपी ने कहा कि शिक्षकों के लिये यह प्रशिक्षण काफी महत्वपूर्ण है सभी शिक्षक गम्भीरता पूर्वक इस प्रशिक्षण को लें। दिव्यांग बच्चों की पहचान करने में यह प्रशिक्षण सहायक होगा प्रशिक्षक अखिलेश प्रसाद ने शिक्षकों को समावेशी शिक्षा के महत्व पर विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि समावेशी शिक्षा, शिक्षा का एक नया दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों व सामान्य बच्चों को एक साथ शिक्षा प्रदान किया जाता है शिक्षा का यह दृष्टिकोण सभी बच्चों को उनकी ताकत व कमजोरी की परवाह किये बिना एक साथ एक ही कक्षा व समुदाय में लाने का प्रयास किया जाता है। प्रशिक्षक सह रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल ने शिक्षकों को दिव्यांगता के लक्षण, उसके पहचान के सबंध में विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि 21 प्रकार के निशक्तता होते हैं। उन्होंने सभी प्रकार के निशक्तता की जानकारी दिया प्रशिक्षण में अविनाश सहाय, अलीम अंसारी, चन्द्रदेव राम, अनिल कुमार विश्वकर्मा, अरविन्द कुमार ठाकुर, ज्ञान प्रकाश, सुग्रीव राम, बिनोद ठाकुर, अनूप कुमार विश्वकर्मा, सुजीत कुमार यादव,अखौरी प्रवीण कुमार सिन्हा, कुमारी नीलम पांडेय, संध्या कुमारी, गीता कुमारी, रंजू कुमारी, अंजली कुमारी, रमेश प्रसाद, शशिकांत यादव, निर्मल कुमार, उदय कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## चिकित्सक की लापरवाही से गई प्रसूता की जान

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

शहर के कचहरी रोड स्थित मां लक्ष्मी क्लीनिक में प्रसव कराने पहुंची एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई है। मौत के बाद मृतक के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार मृतक मझिआंव थाना क्षेत्र के मझिआंव गांव निवासी विशाल कुमार चंद्रवंशी की पत्नी नेहा कुमारी 25 वर्ष बताया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि नेहा कुमारी को प्रसव पीड़ा हो रहा था। जिसके बाद यह लोग अपने गांव के सहिया संगीता कुमारी से संपर्क किया। सहिया के कहने पर यह लोग अपने मरीज को लेकर महालक्ष्मी क्लीनिक के पास पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मरीज को भर्ती कराने के बाद उसे ऑपरेशन कराने का सलाह दिया। जिसके बाद विभिन्न तरह के इंजेक्शन लगाए गए। इलाज के दौरान कुछ देर के बाद महिला को होश नहीं आया। जिसके बाद मां लक्ष्मी क्लीनिक के चिकित्सकों के द्वारा उसे यह कहते हुए रेफर कर दिया गया कि आपका मरीज काफी सीरियस है। मरीज के परिजनों ने तत्काल एंबुलेंस से लेकर उक्त महिला को बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाने लगे। जिसके बाद उसकी हालत और गंभीर हो गई। मरीज के परिजनों ने वापस मरीज को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने नेहा कुमारी को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मरीज के परिजनों ने मां लक्ष्मी क्लीनिक पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामला को जाना। मृतक के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन व चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है।

## प्रखंड के 1180 छात्रों ने दी सामाजिक विज्ञान की परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

प्रखंड क्षेत्रों में सोमवार को अलग-अलग तीन केंद्रों पर बोर्ड की परीक्षा आयोजित की गई। जमा 2 उच्च विद्यालय लवाही कला, स्तरोनन्त उच्च विद्यालय जरही और उत्क्रमित उच्च विद्यालय तास रार के केंद्रों पर परीक्षार्थियों के द्वारा सामाजिक विज्ञान की परीक्षा लिखी गई। इस बीच जमा 2 उच्च विद्यालय लवाही कला में 507 के जगह 497 स्तरोन्नत उच्च विद्यालय जरही में 364 के जगह 362 और उत्क्रमित उच्च विद्यालय तास रार में 324 के जगह 321 छात्र-छात्राओं के द्वारा परीक्षा लिखने का काम किया गया। प्रखंड के उक्त तीनों केंद्रों पर सोमवार को कुल 1180 छात्रों ने परीक्षा लिखा। जबकि 3 केंद्रों के बीच कुल 13 छात्र अनुपस्थित भी रहे। केंद्रों पर पुलिस ड्यूटी पूरी तरह सक्रिय रही। परीक्षा केंद्र के बाहर से लेकर भीतर तक अपने-अपने ड्यूटी पर पुलिस के जवान पूरी तरह तैनात रहे। वही केंद्राध्यक्ष महिला पर्यवेक्षिका के साथ-साथ बीडीओ व थाना प्रभारी के द्वारा भी अपनी-अपनी ड्यूटी को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ा गया। इस बीच एक तरफ बीडीओ सोमा उरांव के द्वारा बार-बार केंद्रों की जांच पड़ताल की गई तो दूसरी तरफ थाना प्रभारी शाहबाज अंसारी ने भी भी दल बल के साथ सभी केंद्रों पर भ्रमण करने से पीछे नही हटे। मौके पर बीडीओ ने कहां की कदाचार परीक्षा को लेकर केंद्रों की पड़ताल करना लाजमी थी। उस लिहाज से तीनों केंद्रों पर बार-बार जांच पड़ताल करने का काम किया गया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि परीक्षार्थियों को किसी भी तरह से मन में डर और दहसत ना हो कि वे परीक्षा लिखने से वंचित रह जाएं। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों पर दल बल के साथ मैं पूरे दिन भ्रमण करते रहा।

### खरौंधी : 861 परीक्षार्थियों ने दिया सामाजिक विज्ञान की परीक्षा

**खरौंधी(गढ़वा)।** सोमवार को मैट्रीक बोर्ड परीक्षा केंद्र पर झारखंड अधिविध परिषद के द्वारा वोकेशनल विषय की परीक्षा ली गई। प्लस टू उच्च विद्यालय राजी एवं परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में समाजिक विज्ञान बिषय में 634 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिया। वही 3 छात्र अनुपस्थित रहे। वही परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा में 229 छात्र में 227 छात्रों ने परीक्षा दिया। प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में 3 छात्र अनुपस्थिति था।परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा में 2 छात्र अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा को कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ दंडाधिकारी और महिला पर्यवेक्षिका को प्रतिनियुक्त किया गया है। वहीं परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लगाया गया है।

## भंडरिया : पशु शेड बनाने वालों को नहीं मिली योजना की राशि

**भंडरिया।** जिले के रमकंडा प्रखंड के बलीगढ़ पंचायत अंतर्गत कुशवार एवं गोबरदाहा गांव के पशु शेड में काम किए मेठ एवं मेशन कि मजदूरी की राशि का गबन कर लिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए पशु शेड के लाभुक विक्की मंसूरी, सलीमा बीवी, मनसूर मंसूरी, प्रियंका देवी, रिजवान मंसूरी सहित अन्य लोगों ने कहा कि उन्हें मनरेगा योजना द्वारा पशु शेड एवं बकरी शेड निर्माण का कार्य मिला था। कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उक्त शेड में योजना के मेठ एवं मिस्त्री के मजदूरी का भुगतान अब तक नहीं हो सका है। उक्त मेठ एवं मेशन की 50728 रुपये मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत से निकासी कर गबन कर लिया गया है, लाभुकों ने कहा कि उनकी योजना में मेठ एवं मेशन की मजदूरी की राशि ऑनलाइन चेक करने पर भुगतान दिखाई पड़ रही है, परंतु उनके खाता ने अब तक राशि नहीं पहुंची है। लाभुकों ने आरोप लगाया कि मनरेगा कर्मी की मिलीभगत से उनकी राशि का गबन कर लिया गया है। लाभुकों ने पंचायत सेवक, मुखिया, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं बीडीओ से भी इसकी शिकायत की गई। परंतु अब तक सीर्फ आश्वाशन मिलता रहा है। दो माह गुजर जाने के बाद भी अब तक संतोषजनक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इधर मजदूरी की राशि नहीं मिलने के कारण मेठ एवं मिस्त्री के समक्ष भुखमरी की नौबत पहुंच गई है।

## साम्प्रदायिक सौहार्द से रामनवमी पर्व मनाने को लेकर बैठक

**विशुनपुरा।** गढ़वा थाना परिसर में रामनवमी पूजा को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक की गयी। थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आए पंचायत प्रतिनिधियों और दोनों समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में पूजा के दौरान शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने, दूसरे समुदाय के धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखने, निर्धारित रूट पर अखाड़ा जुलूस निकालने, संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात करने और स्थानीय लोगों का सहयोग लेने, हुड़दंगियों पर नजर रखने आदि पर विमर्श किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी बुद्धराम सामद ने कहा की पूजा के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले गानों पर प्रतिबंध रहेगा। रामनवमी के त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाना है। उन्होंने बैठक में आए लोगों से पूजा के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर नजर रखने और इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। ताकि समय रहते पुलिस अपनी कारवायी कर सके। उन्होंने कहा कि अखाड़े के लोग जुलूस अपने रुट के अनुसार ले जाएंगे। इस मौके पर जिलापरिसद सदस्य शंभूराम चन्द्रवँशी, विष सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, राधेश्याम पांडेय, सुरेंद्र यादव, रामनाथ प्रसाद, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## रामनवमी महापर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

**भवनाथपुर।** रामनवमी महापर्व को लेकर थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सी ओ रामा शंकर श्रीवास्तव ने किया। बैठक में थाना क्षेत्र सेआए विभिन्न पूजा कमिटी के सदस्य,पंचायत प्रतिनिधि,राजनीति दल के सदस्य व दोनों समुदाय के गणमान्य लोग ने भाग लिया। बैठक में प्रखंड प्रशासन के द्वारा दोनों समुदाय के लोगों से रामनवमी महापर्व शांति एवं सद्भाव के साथ मनाने की अपील की गई। बैठक में 107 का कारवाई होने पर आवाज उठाया गया लोगों द्वारा बोला गया कि ऐसे लोग पर भी 107 की कारवाई किया जाता है जिनके ऊपर कभी कोई मुकदमा नही हुआ है। सीओ रमाशंकर श्रीवास्तव ने कहा कि राम नवमी पूजा के दौरान जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकलने व समय पर समाप्त करें। जुलूस के दौरान प्रशासन का भी पूरा सहयोग रहेगा। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि अन्य त्योहारों की तरह यह त्यौहार भी सभी लोगों को मिलकर मनाएंगे । कहा कि जुलूस के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले गाने व शराब बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर किसी तरह का आपत्तिजनक पोस्ट नहीं डालने की अपील की। पूजा के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी, जिन कमेटी का लाइसेंस नही है वो थाना में आवेदन देकर सूचित करेंगे। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, पूर्व बिससूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह,एस आई राम प्रसाद इंदवार, कुंदन यादव, एएसआई अभिमन्यु सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित है।

## बड़गड़ में सीआरपीएफ ने किया एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**बड़गड़।** सीआरपीएफ 172 बटालियन द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले युवाओं में प्रतिभा को निखारने के लिए सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। सीआरपीएफ द्वारा भंडरिया थाना क्षेत्र के बड़गड़ प्रखंड अंतर्गत बरकोल पुलिस पिकेट मैदान में आयोजित एक दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता में प्रखंड अंतर्गत नक्सल प्रभावित कुल्ही, हेसातू बहेराटोली, पुनदाग, झालूडेरा बूढ़ा पहाड़ एवं मदगढ़ी गांव की टीमों ने भाग लिया। उपरोक्त सभी टीमों में से कुल्ही एवं हेसातू की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में अपनी जगह बनाई। जिसमें हेसातू की टीम ने मध्यांतर के पूर्व दो गोल एवं मध्यांतर के बाद के खेल में तीन गोल दागकर कूल्ही टीम को 5 -1 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। मैच की समाप्ति के पश्चात सीआरपीएफ दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के समापन समारोह पर कमांडेंट नृपेंद्र कुमार सिंह के द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपरोक्त के अलावा द्वितीय कमान अधिकारी श्री जय प्रकाश सिंह सहायक कमांडेंट नीरज कुमार, प्रियदर्शन पांडे, मस्के हर्ष गौतम, कैश प्रकाश, इंस्पेक्टर बिरेंद्र सिंह पलावत, सिविल पुलिस प्रशासन के अभियान एसपी विवेकानंद सिंह, इंस्पेक्टर सह भंडरिया थाना प्रभारी संजय खाखा आदि उपस्थित थे।

## प्रमुख ने डीसी को लिखा पत्र

**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने उपायुक्त को पत्र लिखकर पंचायत समिति की बैठक में विधायक प्रतिनिधि एवं सांसद प्रतिनिधि पर बैठक में बाधा उत्पन्न करने की शिकायत की है। प्रमुख चंद्रावती ने कहा है की जब से मैं केतार ब्लांक प्रमुख बनी हु तब से सभी पंचायत समिति की बैठक में राजनीतिक पार्टी विशेष की आड़ में एक साज़िश के तहत बीडीओ की मिलीभगत से कुछ पंचायत समिति सदस्यों को गुमराह कर कार्यकारिणी जैसी अहम बैठक में बाधा उत्पन्न की जाती है।साथ ही पंचायत समिति मद की राशि भी इसी बाधा के कारण खर्च नहीं हो पा रही है। जिसके कारण प्रखंड क्षेत्र में जन उपयोगी योजनाएं प्रभावित हो रही है। प्रमुख ने कहा की पंचायत समिति की बैठक में सभी विभागीय कर्मी, जनप्रतिनिधि,सासंद और विधायक प्रतिनिधि के समक्ष बैठक होती है परंतु पंचायत समिति कार्यकारिणी योजना चयन की बैठक में शामिल होने के लिए बीडीओ पर दबाव डालकर अपना नाम शामिल कराकर बांधा उत्पन कि जा रही है। उन्होंने उपायुक्त से आग्रह कि है की जनादेश का सम्मान करते हुए प्रखंड प्रमुख एवं सभी पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में योजना स्वीकृत कि जाये।

उद्घाटन समारोह

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन, डॉ कुलदेव बोले

# मेडिकल सेंटर खुलने से ग्रामीणों को बचेगा पैसा व समय

### ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना हमारा उद्देश्य : डॉ जुली

**नवीन मेल संवाददाता। डंडा**



प्रखंड के भिखही पंचायत के बोंगासी, गढ़वा शाहपुर मुख्य मार्ग पर भिखही मोड़ के पास चौधरी मेडिकल सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सेवानिवृत रेलवे कर्मचारी पूज्यनीय माताजी श्रीमती रामगति देवी, विशिष्ट अतिथि डंडा जिला पार्षद अजय कुमार चौधरी, पूर्व डंडा जिला पार्षद प्रतिनिधि विजय चौधरी, पूर्व प्रमुख सह भिखही मुखिया वीरेन्द्र चौधरी, समाजसेवी ललन चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बतौर मुख्य अतिथि सह उद्घाटनकर्ता रामगति देवी ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेडिकल सेंटर खोलकर स्थानीय लोगों को लाभ पहुंचाना उद्देश्य होना चाहिए। अगर किसी व्यक्ति के पास फीस देने के लिए पैसा न हो तो भी उसे वापस नहीं जाने देना है बल्कि उस मरीज को काफी गम्भीरता से इलाज करने की जरूरत है। ऐसे लोगों से पैसा मिले न मिले दुआ जरूर मिलेगी, जिसे पैसा से कभी खरीदा नहीं जा सका। विशिष्ट अतिथि जिला पार्षद अजय कुमार चौधरी ने कहा कि मैं इस क्षेत्र के एक जनप्रतिनिधि होने कारण काफी खुश हूं कि कम से कम किसी डॉक्टर ने ग्रामीण मरीजों की सुध लेने की इच्छा जाहिर की है। क्योंकि गरीब मरीज पैसों के अभाव में शहर नहीं जा पाते हैं और समुचित इलाज नहीं हो पाता है। अंततः मौत के मुंह में चले जाते हैं। लेकिन सही समय पर प्राथमिक उपचार ही मिल जाये यही बहुत है। जनहित में काफी सराहनीय कदम है। संस्थापक डॉ. कुलदेव चौधरी ने कहा कि मेडिकल सेंटर खोलने का मुख्य उद्देश्य है कि कोई भी रोगी बड़े शहरों में इलाज कराने जाते हैं, तो उनको आने जाने और खाने पीने में काफी खर्च हो जाता है। उन्हें घण्टों लाइन में खड़ा रहना होता है। एसे स्थिति में अपने गांव में ही सुविधा मिल जाएगी और उन्हें समय और पैसा दोनों की बचत होगी। विशेष परिस्थिति में बड़े अस्पताल में जाकर इलाज कराना चाहिए। वहीं भिखही मुखिया वीरेन्द्र चौधरी ने कुछ वर्षों पहले का दृश्य दिखाकर लोगों को बताया कि पहले की स्थिति काफी भयावह थी, लेकिन आज बहुत सुधार हुआ है। इस मेडिकल सेंटर खुल जाने से निश्चित रूप से लोगों को फायदा मिलेगा। हम सभी जनप्रतिनिधियों की ओर से भी काफी सहयोग मिलेगा। निःशुल्क शिविर में निदेशक डॉ जुली कुमारी, डॉ अमित कुमार, डॉ कुमार प्रशांत प्रमोद, डॉ गौरव विक्रम, डॉ जे पी ठाकुर, डॉ अर्चना कुमारी, डॉ अभिषेक चंचल, डॉ ब्यूटी सिंह, डॉ अभिषेक दिवाकर, डॉ संतोष कुमार, बिस्मिला अंसारी, फैयाज अंसारी, फार्मासिस्ट राहुल कुमार चौधरी, लैब टेकनीशियन पंकज कुमार गुप्ता, एएनएम सीमा कुमारी, एएनएम संजू कुमारी शामिल थे। इस कार्यक्रम में दादी बन्हिया कुँवर, सेविका रूबी कुमारी, ओलिविया रानी, रंका बौलिया मुखिया पतिया देवी, छपरदागा मुखिया प्रतिनिधि यदु चौधरी, डंडा पूर्व मुखिया कामेश्वर चौधरी, भिखही के पूर्व मुखिया नंदू चौधरी, डंडा पूर्व उप प्रमुख विनेश्वर चौधरी, डंडा बीडीसी बहादुर चौधरी, रंका बौलिया उप मुखिया देवी, चेचरिया पंचायत मुखिया राजेन्द्र चौधरी, अमरेन्द्र चौरसिया, उमेश चौधरी, अम्बिका चौधरी आदि सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

## गौरैया दिवस पर गोष्ठी का आयोजन



**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। संचालन संजय कुमार ने किया। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि आज का दिन पुरी दुनिया में गौरैया पक्षी के संरक्षण के प्रति जागरूकता को ले कर विश्व गौरैया दिवस मनाया जा रहा है। गौरैया पक्षी बिलूप्त होने के कागार पर है। घरों में चहकने वाली चिड़ीयां अब दिखाई नहीं दे रही है। ऐसी स्थिति में यह जरूरी हो गया हैं कि पर्यावरण और सृष्टि कि संरक्षणा कायम रखने के लिए हम सब मिलकर संरक्षण के प्रति संजिदा हो कर विचार करें। गौरैया पक्षी के अस्तित्व पर संकट न सिर्फ गौरैया पक्षी के लिए है बल्कि मनुष्यों के लिए भी खतरनाक है। गौरिया पक्षी का अस्तित्व बचाने के लिए दिल्ली सरकार ने राज्य पक्षी घोषित किया है। भारतीय डाक विभाग ने 9 जूलाई 2010 को 5/- रुपए का डाक टिकट जारी किया है। मोर्चा सदस्यों ने झारखंड सरकार से मांग किया हैं कि गौरैया पक्षी को अस्तित्व बचाने लिए गौरैया पक्षी को राज्य पक्षी घोषित किया जाए। गौरैया पक्षी को बचाने लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। इस अवसर पर संजित कुमार, सन्नी पासवान, उपेन्द्र तिवारी, संजय मिस्त्री, मनोज सिंह, विनय राम, यशवंत कुमार, संजय तिवारी, दिपक कुमार, प्रभात कुमार, प्रदिप राम, संजय चौरसिया, अजित कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। राम नरेश महतो ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दूसरा मंगलवारी शोभायात्रा आज

**मेदिनीनगर।** महावीर नवयुवक दल के द्वारा आज दूसरा मंगलवारी शोभायात्रा निकाला जायेगा। स्थानीय शिवाला रोड स्थित शिव मंदिर के प्रांगण से शाम 7.30 बजे से दूसरा मंगलवारी शोभायात्रा पूरे धूमधाम से निकाला जायेगा। ये जानकारी जेनरल के मीडिया प्रभारी के द्वारा दिया गया। शहर श्रीराम और बजरंगबली के भक्ति में लीन होने जा रहा है। सभी महावीर नवयुवक दल जेनरल के सम्मानित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को ससमय इस शोभायात्रा में शामिल होने को कहा गया है।

## झारखंड आंदोलनकारी मंच के अध्यक्ष बने सत्येंद्र



**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी मंच के द्वारा सोमवार को बरवाडीह बाजार समिति स्थित सामुदायिक भवन में बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता सत्येंद्र सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रमंडलीय संयोजक मुरलीधर प्रसाद ,आकाशदीप सदस्य अली हसन अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित हुवे। बैठक में सर्वसम्मति से सभी लोगों के बीच प्रखंड कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें झारखंड आंदोलनकारी मंच के बरवाडीह अध्यक्ष विक्टर केरकट्टा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर, सचिव राकेश कुमार,कोषाध्यक्ष रामनरेश सिंह, प्रवक्ता कुंदन कुमार एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में बीना देवी,बिंदा देवी, विजय सिंह,प्रेमनाथ राम,अशोक सिंह को बनाया गया। मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने कहा कि सभी दल के आंदोलनकारी को इस मंच से जोड़कर अपने हक अधिकार मान सम्मान को लेकर सड़क से सदन तक आंदोलन को धारदार बनाने पर बल दिया। मौके पर मुटकुम राम, डीएन राम,शंकर चौधरी,संतोष कुमार,मकसूद आलम,निजाम खान,कौशल्या देवी,फुला कुंवर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# खल गई अपने शहर में रंगशाला की कमी

अमिताभ दीक्षित



**मेदिनीनगर।** शहर में चलने वाला इप्टा का राष्ट्रीय सम्मेलन 17 से19 मार्च को आयोजित था। जो सफलता पूर्वक संपन्न हो गया । लेकिन सम्मेलन के अंतिम दिन की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के प्रदर्शन के दौरान बारिश ने रंग में भंग डाल दिया। संध्या में कार्यक्रम शुरू होते ही आसमान से बूंदा-बांदी शुरू हो गई और आयोजकों के समक्ष उसे स्थानीय टॉउन हॉल में स्थानान्तरित करने के अतिरिक्त और कोई चारा नहीं बचा। ध्वनि नियंत्रक की कमी होने और बैठने की सपाट व्यवस्था होने की वजह से नई जगह पर होने वाले प्रदर्शनों से दर्शकों का तारतम्य समूचित रूप से होना संभव नहीं हो पाया। अतः बारिश रूकने पर आयोजकों ने पुनः शिवाजी मैदान की ओर का रूख किया। जहां पुनः कुछ समय बाद बूंदा-बांदी ने व्यवधान डाला। इन हालातों में सांस्कृतिक प्रदर्शनों हेतू एक अच्छे ऑडिटोरियम की कमी खल गई। वस्तुतः प्रदर्शन हेतु निर्मित रंगशाला में ध्वनि प्रबंधन की समुचित व्यवस्था होने के साथ-साथ बैठने की सीढ़ीनुमा व्यवस्था होती है। इसके साथ-साथ रंग-आलोकन(स्टेज-लाईट) की व्यवस्था की भी चाक-चौबंद होती है। तमाम तरह की नाट्य एवं सांस्कृतिक सक्रियताओं के बावजूद अभी तक शहर के संस्कृतिकर्मी और सुधि दर्शकगण एक अदद अच्छी रंगशाला की कमी से रू-ब-रू होते हैं। इस तरह की प्रस्तुतियों के लिए उपलब्ध कोयल किनारे स्थित स्थानीय टाउन हॉल के दोनों भवन नाकाफी हैं। बेलवाटीका स्थित मेमोरियल हॉल की भी कमोबेश यही हालत है। जहां रंगशााला की बुनियादी सूविधाएं न के बराबर हैं। डालटनगंज शहर राष्ट्रीय स्तर के कई कार्यक्रमों का गवाह रहा है । जहां अलग-अलग राज्यों व देश के विभिन्न हिस्सों से लोग शिरकत करते हैं। ऐसे में शहर में एक अदद तमाम सुविधाओं से लैस रंगशाला की जरूरत है। जहां संशाधनों के अभाव में प्रस्तुतियों का प्रदर्शन न प्रभावित हो और लोग सुरूचीपूर्ण तरीके से होने वाले कार्यक्रमों का आनंद ले सकें ,उसमे शिरकत कर सकें।

# प्रभारी शिक्षा मंत्री को संयुक्त संघों ने ज्ञापन सौंपा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ, झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ ,झारखंड प्लस 2+ शिक्षक संघ,राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्लस टू संवर्ग के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू ,प्लस टू शिक्षक संघ प्रदेश महासचिव राकेश कुमार ,डॉक्टर सुधांशु कुमार सिंह ,झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष सफदर इमाम, सचिव मुकेश कुमार सिंह ,प्रमंडलीय संयोजक कुर्बान अली , प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष मोहम्मद कयामुद्दीन, प्रदेश कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद साहू , प्रमंडलीय प्रवक्ता लाल रंजीत नाथ शाहदेव, जिला अध्यक्ष शंकर लकड़ा ,कोषाध्यक्ष जिउरा उरांव, संतोष व प्रतिनिधिमंडल शामिल रहे। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम जो वर्त्तमान में शिक्षा विभाग के भी प्रभारी मंत्री है से मिलकर विभागीय सचिव द्वारा हाल में विद्यालय समय सारिणी को लेकर पत्र निकाला गया है। उसका विरोध करते हुए ज्ञापन सौंपा। यह आदेश छात्र और शिक्षक हित मे व्यवहारिक तौर पर सही नही है।

# 5 से 10 दिन पर मरीजों के बेड का बदला जाता है चादर



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में मरीजों के लिए बेड पर बिछाने वाले चादरों की कमी नहीं है, अस्पताल प्रबंधक के द्वारा अस्पताल में मरीजों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। इसके बाद भी अस्पताल के हेड नर्स इंचार्ज के द्वारा घोर लापरवाही बरती जा रही है। अस्पताल में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि किसी किसी बेड पर चादर है और किसी बेड पर चादर है भी नहीं। मरीजों से पूछे जाने पर बताया कि 5 दिन 10 दिन पर मरीजों का चादर बदला जाता है। ऐसा ही हाल अस्पताल के सभी वार्डों में देखा जाता है,चादर रहते हुवे भी यहां के कर्मचारी मरीजों को चादर देने में आनाकानी करते हैं। अस्पताल में मरीजों को संक्रमण न फैले इसके लिए प्रतिदिन चादर को बदलना जरूरी होता है। लेकिन 5 दिन 10 दिन तक चादर नहीं बदलना यह घोर लापरवाही है। इतना ही नहीं अस्पताल के कई बेड ऐसे हैं जो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है । उसी पर मरीज लेट कर अपना इलाज करवाने को मजबूर हैं। यदि समय रहते इन सभी विषयों पर ध्यान नहीं दिया गया तो मरीजों को आगे अन्य कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। अस्पताल अधीक्षक डीके सिंह ने भी कई बार अस्पताल कर्मियों को चेतावनी दिया है कि अस्पताल को पूरी तरह से साफ व स्वच्छ रखा जाए और मरीजों पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके बाद भी यहां के कर्मचारी लापरवाही से बाज नहीं आ रहा है।

## चंद्रवंशी समाज ने चलाया सदस्यता अभियान

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासमा के पलामू जिला संयोजक सह वरिष्ठ अधिवक्ता रंजन चंद्रवंशी की अध्यक्षता में शहर के बेलवाटिका में सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई। जिसमें चंद्रवंशी समाज के शैलेश चंद्रवंशी, संजय किशोर सिंह, ललन प्रसाद, सुनील कुमार, लक्ष्मण राम, महेश कुमार, अरुण कुमार वर्मा, बिंदुल राम, ध्रुव कुमार, रंजन कुमार, विनोद चंद्रवंशी, अशोक कुमार सहित कई लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया। अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में प्रस्तावित राष्ट्रीय महासम्मेलन लखीसराय बिहार में होना निश्चित हुआ है। इस संदर्भ में बातचीत की गई और सामूहिक निर्णय के तहत महासम्मेलन में भाग लेने का विचार किया गया। महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए पलामू जिला से अधिक से अधिक संख्या में चंद्रवंशी समाज के लोगों से बिहार के लखीसराय में हो रहे महासम्मेलन में भाग लेने अपील की गई।

# बारिश ने बदला मौसम का मिजाज

## मार्च में कराया ठंड का एहसास



### बारिश होने से मौसमी बीमारी का खतरा बढ़ा



पलामू में बारिश होने से मौसम में बदलाव हो गया है। ठंड और गर्म दोनों का असर हो रहा है। ऐसे में लोगों के बीच मौसमी बीमारी का खतरा बढ़ गया है। बच्चे,बुजुर्ग,बीमार व्यक्ति को ठंड से बचने की सलाह चिकित्सक द्वारा दी जा रही है। सर्दी,खांसी ,बदन दर्द और सिर दर्द की शिकायत होने की सम्भवना अधिक हो जाती है। गर्म खाने और गर्म पानी के सेवन से बीमारीं का खतरा टल सकता है।

**मौसम विज्ञान केंद्र, रांची की माने तो पलामू समेत पूरे सूबे में अगले दो दिनों तक आसमान में बादल छाये रहेंगे।**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में मौसम ने जो करवट ली है वो खत्म होने का नाम ही नही ले रही है। रविवार को एक बार फिर पलामू में रात में बारिश हुई। जिसमें मार्च में दिसंबर वाला ठंड का एहसास करा दिया । वैसे तो एक सप्ताह से ही पलामू के आसमान में बादल छाए रहे है। जो सोमवार को भी आते जाते रहे। शाम होते ही हवाओं के साथ हल्की बारिश होने लगती है। आसमान पर बादल छाए रहने से ठंड में वृद्धि भी हो रही है। लोग गर्म कपड़े पहनकर ही बाहर निकल रहे है। रविवार की शाम स्थानीय शिवाजी मैदान में इप्टा के कार्यक्रम में कार्यक्रम देखने आए दर्शक स्वेटर और टोपी में नजर आये। बुजुर्गों के अलावा युवा भी ठंड में परेशान नजर आये। दिन के भी बाजारों में कम ही चहल पहल हो रही है। काम होने पर ही लोग घरों से बाहर निकल रहे है। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची की माने तो पलामू समेत पूरे सूबे में अगले दो दिनों तक आसमान में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान बूंदाबांदी से लेकर हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है। केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसका असर झारखंड में भी देखने को मिल रहा है। इसके प्रभाव से पलामू समेत राज्य के कई जिलों में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान बूंदाबांदी से लेकर हल्के दर्जे की बारिश की संभावना है। इसके साथ ही तेज हवा चल सकती है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करने के बाद साथ- साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान लगाया है।

# नेहरू युवा केंद्र ने किया युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नेहरू युवा केंद्र पलामू के तत्वावधान में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सोमवार को जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में किया गया। जिसमें विभिन्न प्रखंडों से लगभग 650 युवाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि 44वीं बटालियन कमांडिंग ऑफिसर अमिताभ मुखर्जी, विशिष्ट अतिथि के रुप में एनपीयू के कुलपति डॉ. राम लखन सिंह, निगम महापौर अरुणा शंकर, उपमहापौर मंगल सिंह,मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज के प्राचार्या श्वेता कुमारी एवं नेहरु युवा केन्द्र के ज़िला युवा अधिकारी कंचन कुमारी उपस्थित हुए। साथ ही इस कार्यक्रम में विषयों को विस्तार पूर्वक युवाओं के बीच रखने के लिए राजनीतिक विज्ञान के व्याख्याता डॉ. रिचा सिंह एवं एमबीए के व्याख्याता सुमित मिश्रा उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर एवं युवा हृदय सम्राट स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रभारी जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को जी 20,वाई 20,इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स, समकालीन सामाजिक-आर्थिक विकास के मुद्दों के बारे में शिक्षित करने के लिए स्थानीय और वैश्विक समुदायों का सामना करना और उन्हें ऐसे मुद्दों पर मन्तव्य रखने का मौका देना है। मुख्य अतिथि अमिताभ मुखर्जी ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन सराहनीय है। इसके अंतर्गत जिन विषयों को रखा गया है बहुत महत्वपूर्ण है। इस विषय में युवाओं को जागरूक होना चाहिए। वहीं एनपीयू के कुलपति डॉ रामलखन सिंह ने कहा कि नेहरु युवा केन्द्र, पलामू लगातर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय युवाओं के बिच विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने का काम कर रहा है । साथ ही युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु कार्यरत है। महापौर अरुणा शंकर ने वाई-20 के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि युवाओं को एक साथ लेकर बेहतर कल की चर्चा करना और उसके लिए एजेंडा तैयार करना है एवं जी -20 के विषय में बताते हुए कहा कि मोटे अनाज को अधिकाधिक उपयोग में लाने के मकसद से ही इसका थीम रखा गया है। वहीं इस कार्यक्रम के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पलामू के लगभग सभी प्रखण्ड के स्वंसेवक सहित एनवाईके द्वारा चलाए जा रहे ट्रेनिंग सेन्टर के प्रतिभागियों एवं युवा मण्डल के सैकड़ों सदस्य शामिल हुए।

## उल्टा चोर कोतवाल को डांटेः हाजी ललन

**मेदिनीनगर।** झामुमो के वरिष्ठ अल्पसंख्यक नेता हाजी मोहम्मद शमीम अहमद उर्फ हाजी ललन ने पांकी विधायक पर हल्ला बोला। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा उल्टा चोर कोतवाल को डांटे। एक कार्यपालक अभियंता पर बेबुनियाद आरोप लगा कर पांकी विधायक शशिभूषण मेहता ने अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दिया है। अभियंता नसीम अली को सिर्फ उनके धर्म के वजह से टारगेट करना विधायक के घटिया मानसिकता का परिचय देता है। विधायक टेंडर मैनेज नहीं कर पा रहे हैं तो उन्हें दुख हो रहा है। इसी वजह से एक अल्पसंख्यक पर झूठा आरोप लगा रहे हैं। शिक्षा माफिया से अब ठेकेदारी माफिया बनना चाहते हैं।

# मेदिनीनगर में शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा जारी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा संचालित मैट्रिक व इंटर की परीक्षा पलामू जिले के संबंधित परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ली जा रही है। सोमवार को बीएन कॉलेज में सीएस राम प्रकाश शर्मा और मजिस्ट्रेट अभय दुबे के देखरेख में सोशल साइंस विषय का परीक्षा लिया गया। कॉलेज में परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों की कुल संख्या 366 है। जबकि परीक्षा में मात्र 360 परीक्षार्थी ही परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल के साथ मजिस्ट्रेट की भी नियुक्ति की गयी है। इसके अलावे उड़नदस्ता के लिए वरीय पदाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रत्येक केंद्र पर एक केंद्राधीक्षक नियुक्त किए गए हैं। मौके पर उपस्थित नियुक्त मजिस्ट्रेट अभय दुबे ने कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त हो रही है। उन्होंने शांतिपूर्ण एवम कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन के लिए अभिभावकों से भी सहयोग की अपील की। वहीं दूसरी ओर जिला स्कूल में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से ली जा रही है। जिला स्कूल के प्रिंसिपल करुणा शंकर तिवारी ने बताया कि आज दिन सोमवार को सोशल साइंस विषय के परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। सभी परीक्षार्थी शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा लिख रहे हैं। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हो इसके लिए महिला और पुरुष पुलिस बल की भी तैनाती की गई है।

## वेटरनरी होलसेल दुकान का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के सतगावां मोड़ पर सोमवार को लवली मेडिकल तथा वेटरनरी होलसेल दुकान का उद्घाटन वयोवृद्ध 85 वर्षीय महिला जैबुन निशा ने फीता काटकर किया। यह दुकान लवली कंपलेक्स में स्थित है। संचालक सह एनसीपी नेता मोहम्मद असलम ने बताया कि यहां मेडिकल तथा वेटरनरी संबंधित सभी दवाइयां उचित मूल्य पर थोक बिक्री के लिए उपलब्ध है। वहीं विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि इस दुकान के खुलने से आसपास के छोटे दुकानदारों को काफी सहूलियत मिलेगी।

## निष्पक्ष जांच कराने को लेकर एसपी को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** हैदरनगर रेलवे स्टेशन के समीप विगत शनिवार को ग्राम बिंदु बिगहा निवासी राजेश कुमार की हत्या कर रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया था। इस हत्या की निष्पक्ष जांच के लिए जिला सांसद मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, हुसैनाबाद विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, एवं समाजसेवी अरविंद सिंह के नेतृत्व में काफी संख्या में ग्रामीण सोमवार को आरक्षी अधीक्षक पलामू चंदन सिन्हा से मिले एवं उन्हें ज्ञापन सौंपकर कहा कि मृतक के मृत शरीर को देखकर यह साफ पता चल रहा है कि राजेश कुमार की हत्या कर रेलवे ट्रैक पर डाला गया है। ग्रामीणों ने कहा कि मृतक के सिर एवं पीठ पर तेज धारदार हथियार से वार कर उसे मारा गया है । जिसके निशान साफ साफ दिख रहे हैं एवं बाद में उसे आत्महत्या साबित करने के लिए रेलवे ट्रैक पर रख दिया गया है। एसपी चंदन सिन्हा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जीआरपी के पदाधिकारियों को फोन कर बताया कि ग्रामीण कह रहे हैं कि यह हत्या का मामला है और मृतक के मृत शरीर की फोटो को देख कर भी ऐसा प्रतीत होता है। अतः इस इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाये। सांसद जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने मौके पर कहा कि इस पूरे मामले में आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का निष्पक्ष जांच की जाये। वही हुसैनाबाद विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि यह आत्महत्या नहीं है। मृतक के शरीर को देखकर ऐसा लगता है जैसे उसकी हत्या कर रेलवे ट्रैक पर रख दिया गया हो। वहीं समाजसेवी अरविंद सिंह ने निष्पक्ष जांच की मांग की और कहा कि अगर निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो हम सभी ग्रामीण आंदोलन के लिए तैयार हैं। मौके पर मुख्य रूप से यशवंत सिंह, पंकज सिंह ,गब्बर सिंह ,विनोद सिंह, चिंकू सिंह ,गुड्डू सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

सांस्कृतिक महोत्सव

## शिवाजी मैदान में गूंजा नेहा सिंह राठौर का गीत

# इप्टा का 15वां राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

**डॉ. वनजा शुक्ला ने सीमा घोष को किया सम्मानित**

**मौसम खराब हो जाने के कारण कई टीम अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां नहीं कर पाई**

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** इप्टा के 15 वें राष्ट्रीय सम्मेलन के तीसरे दिन की शाम सांस्कृतिक महोत्सव की शुरूआत मौसम खराब हो जाने के कारण टाउन हॉल में की गई। लेकिन बारिश रुकने के बाद फिर से शिवाजी मैदान में नेहा राठौर ने श्रोताओं को झुमाया। इसके पूर्व पंडवानी शैली की लीजेंड तीजन बाई की शिष्या सीमा घोष के द्वारा पांडवानी शैली में गायन प्रस्तुत किया गया। सीमा घोष ने अपने गायन के दौरान अभिमन्यु के चक्रव्यूह में फंस जाने की कथा सुनायी। गायन के दौरान शुभजीत चक्रवर्ती, अर्जित चक्रवर्ती, निलोय चक्रवर्ती, विमल चंद्र बैरागी पारंपरिक वाद्य यंत्रों के द्वारा साथ दे रहे थे। सीमा घोष के गायन में शब्दों के साथ आंगिक भंगिमा लोगों को काफी भाव विभोर कर रहा था। सीमा घोष के गायन के बाद स्वागत समिति की डॉ वनजा शुक्ला ने सीमा घोष को सम्मानित किया। इसके बाद मौसम साफ होते ही सांस्कृतिक महोत्सव के कार्यक्रमों को शिवाजी मैदान में शिफ्ट किया गया। जहां बिहार इप्टा के द्वारा श्वेता भारती के निर्देशन में झिझिया नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद देश की जानी मानी लोक गायिका प्रतिरोध की स्वर नेहा सिंह राठौर का गायन शुरू हुआ। बेरोजगार बानी साहेब रोजगार मांगी ला और यूपी में का बा के साथ कई गीत प्रस्तुत करते हुए खेती किसानी तथा नशे बाजी के सवालों को अपने गीतों में उठाया। वहीं मौसम की बेरुखी पर भी नेहा ने गाया कि धत्त तेरी की इन्द्र मउगा आयोजन बिगड़ले रे.. दर्शक उनके गीतों पर झूम उठे। नेहा सिंह राठौर के गायन में नाल पर भूपेश तथा खंजरी पर संजीत दुबे साथ दे रहे थे। पुनः मौसम खराब हो जाने के कारण कई टीम अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां नहीं कर पाई। अंत में मार्टिन लूथर किंग द्वारा लिखित कामयाबी गीत हम होंगे कामयाब के साथ तीन दिवसीय नीलांबर पीतांबर लोक महोत्सव का समापन किया गया। संपूर्ण सांस्कृतिक महोत्सव का संचालन शैलेंद्र कुमार कर रहे थे। अंत मे उन्होंने नीलांबर पीतांबर लोक महोत्सव के आयोजन में सहयोग देने के लिए झारखंड सरकार के सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला-संस्कृति,खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के प्रति आभार प्रकट किया । आयोजन समिति की ओर से लोक गायिका नेहा सिंह राठौर व उनके पति हिमांशु को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।

# केंद्र की सरकार अहम मुद्दों को भटकाने में माहिर : बिट्टू



**मेदिनीनगर।** दिल्ली पुलिस द्वारा राहुल गांधी से पूछताछ की करवाई के खिलाफ पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में पलामू जिले के हृदय स्थली स्थानीय छह मुहान चौक पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूकने का कार्य किया गया। कांग्रेस जनों के द्वारा राहुल गांधी जिंदाबाद नारा से पूरे छह मुहान चौक गूंज उठा। जिसमें जिले के कामगार कर्मचारी कांग्रेस कोऑर्डिनेटर सह जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह एवं तमाम कांग्रेसी जनों ने एक सुर में केंद्र की तानाशाही सरकार के रवैया का विरोध किया। पुतला दहन कार्यक्रम में जिला के वरिष्ठ कांग्रेसी दीनानाथ तिवारी सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, विजय कुमार चौबे, लक्ष्मी नारायण तिवारी, विनोद तिवारी, पप्पू अजहर ,रिजवान खान, ईश्वरी प्रसाद सिंह ,भिकारी राम, मिथिलेश कुमार सिंह, नसीम खान, विजय अग्रवाल ,सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता, जितेंद्र कमलापुरी ,सत्येंद्र सिंह ,आमुख प्रियदर्शी ,नफीस खान ,दयाशंकर तिवारी ,अनवर अहमद, अशोक पासवान ,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुन्ना खान, राजेश चौरसिया ,मुकेश सिंह,रामानंद पाठक, खुर्शीद आलम ,अरविंद अग्रवाल ,जतरू उरांव, साकेत सिंह ,एमडी जाहिद ,रविंद्र कुमार ,शशांक सुमन ,आरिज आलम, सुनील दुबे ,अभय पांडे, रामानंद पांडे, गुप्तेश्वर पांडे, खुर्शीद आलम, प्रमोद कुमार सिंह ,सौरभ पांडे ,देवांश शुक्ला ,सौरभ तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# उपलब्धि : सीआरपीएफ 158 बटालियन को मिला सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले में स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 158वीं बटालियन को सम्पूर्ण एलडब्ल्यूई क्षेत्र में तैनात बटालियनों में वर्ष 2022 की बेस्ट परिचालनिक बटालियन ट्राफी में द्वितीय स्थान से नवाजा गया है। बटालियन को बेस्ट परिचालनिक बटालियन ट्राफी में द्वितीय स्थान प्राप्त होने के मौके पर सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार ने बटालियन में तैनात सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को बधाई देते हुए उनके सराहनीय सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में अपने मनोबल एवं दायित्व के प्रति समर्पण भाव को उत्तम दर्जे का बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। सीआरपीएफ महानिदेशालय द्वारा सीआरपीएफ डे मनाए जाने के उपलक्ष्य में देश के विभिन्न थियेटरों में तैनात बटालियनों में से जम्मू कश्मीर, पुर्वोत्तर व एल.डब्ल्यू.ई. थियेटर तथा कोबरा बटालियनों के लिए परिचालनिक दृष्टि से प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली बटालियनों को महानिदेशक, सीआरपीएफ द्वारा बधाई दी गई। गौरतलब है कि 158 बटालियन ने वर्ष 2022 के फरवरी माह में दिनांक 08/02/2022 से 25/02/2022 तक लोहरदगा जिले के बुलबुल पहाड़ी क्षेत्र में चले विशेष संयुक्त परिचालनिक



कार्रवाई डबल बुल में अहम भूमिका निभाते हुए एक सफल अभियान को अंजाम दिया। इस अभियान में एक कट्टर माओवादी को मार गिराया गया तथा 08 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया एवं भारी मात्रा में हथियार/गोला-बारूद / विस्फोटक भी बरामद किये गए। समय- समय पर चलाए गए अभियानों में बटालियन ने भारी मात्रा में विस्फोटक, गोला-बारूद व हथियार अम्युनिशन बरामद किया है। पुनः दिनांक 29/12/2022 से 30/12/2022 तक लोहरदगा पुलिस के साथ संयुक्त रूप से कोरगो अभियान₹ चलाया गया। अभियान के दौरान एक दुर्दान्त नक्सली चन्द्रभान पाहन, (सब जोनल कमाण्डर) को मार गिराया गया तथा गोविंद बिर्जिया (सब जोनल कमाण्डर) को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों नक्सली 05-05 लाख के ईनामी थे। इस अभियान के दौरान भी भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, आई.ई.डी आदि बरामद किया गया था। इन सफलतापूर्ण परिचालनिक अभियानों के कारण पूरे क्षेत्र में नक्सलियों के प्रभाव को कम करने में मदद मिली। परिचालनिक कार्रवाई के अतिरिक्त बटालियन के तैनाती क्षेत्र में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत कई कल्याणकारी कार्यक्रम चलाये गए जिसमें मेडिकल कैम्प का आयोजन, आवश्यक सामग्री वितरण एवं जनजातीय युवाओं को देश के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण कराना शामिल है। इन कार्यक्रमों के आयोजन से सशस्त्र बलों व आम जनता के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों में सुधार हुआ। इस तरह के कार्यक्रमों से जनता का स्थानीय पुलिस एवं सशस्त्र बलों के बीच विश्वास व भरोसा को बढ़ावा मिला। नेहरू युवा केन्द्र संगठन के सहयोग से बटालियन द्वारा चलाये गए 14वें जनजातीय आदान-प्रदान कार्यक्रम में कुल 240 जनजातीय युवाओं को देश के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कराने में सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया गया जिससे लोहरदगा के आदिवासी युवाओं को अन्य राज्यों की संस्कृति/रहन-सहन/ परंपरा/ औद्यौगिक संस्थानों/पर्यटन स्थलों से वाकिफ होने एवं उन्हें अन्य क्षेत्रों के आदिवासी युवाओं से मिलकर उनसे संवाद करने का अवसर मिला । स्थानीय पुलिस के सहयोग से 158 बटालियन ने जनता से सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखे जिससे बटालियन के परिचालनिक क्षेत्र में अमन-चैन कायम रहा एवं जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में विकास के काम हुए। 158वीं बटालियन ने वर्ष 2022 में पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अभियान के तहत अपने परिचालनिक क्षेत्र में कुल 5000 पौधारोपण किए जिससे कि पर्यावरण संतुलन व क्षेत्र में हरियाली बनी रहे।

# जिला स्तरीय पुनरीक्षण और परामर्शदात्री समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

डीडीसी समीरा एस की अध्यक्षता में जिला खाद्य सुरक्षा परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई। बैठक में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार द्वारा जानकारी दी गई कि 11 तरह के प्रतिबंधित पान मसाले (रजनीगंधा, पान पराग, विमल, बहार, शिखर, दिलरुबा, राजनिवास, मुसाफिर, मधु, सेहरत और पान प्रीमियम) की बिक्री, भण्डारा, वितरण एवं सेवन से संबंधित जिला में कार्रवाई की गई है जिसमें अब तक कुल छहः तरह के प्रतिबंधित पान मसाला विक्रेताओं पर कुल 52 हजार रुपए का जुर्माना किया जा चुका है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के उल्लंघन के आलोक में जिला में कुल 14 खाद्य कारोबारियों पर जुमार्ना किया गया है जिसमें साफ-सफाई में अनियमितता पाये जाने वाले 09 कारोबारियों पर 48 हजार रुपए का जुर्मार्ना, मिठाई में अखाद्य रंगों का प्रयोक करनेवाले 02 कारोबारियों पर चार हजार रुपए का जुर्माना और गलत फूड प्रोडक्ट बेचने वाले 03 दुकानदारों पर 25 हजार रुपए का जुमार्ना किया गया है। उप विकास आयुक्त द्वारा निदेश दिया गया कि प्रतिबंधित पान मसालों से संबंधित कार्रवाई निरंतर जारी रहनी चाहिए। खाद्य सामग्रियों की जांच नियमित रूप से हो और सैंपल जांच की संख्या बढ़ायी जाए। ज्यादा से ज्यादा सैंपल लोहरदगा जिला से जांच के लिए भेजा जाए। जनवितरण प्रणाली के तहत आपूर्ति किये जाने वाले फोर्टिफायड चावल व नमक के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने का कार्य किया जाए। जनवितरण प्रणाली दुकानों से भी सैपल लेकर जांच कराया जाए। मध्याह्न भोजन बनानेवाली रसोइया/ आंगनवाड़ी सेविका/ सहायिका/ स्ट्रीट फूड वेंडर को फूड सेफ्टी ट्रेनिंग व सर्टिफिकेट का एफएसएसएआई द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंसी द्वारा प्रशिक्षण दिये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार, आत्मा परियोजना उप निदेशक तृप्ति तिर्की, एपीआरओ आशीष कुमार, एलजीएसएस सचिव सीपी यादव समेत अन्य आमंत्रित सदस्य उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### कदाचार मुक्त तरीके से सामाजिक विज्ञान की परीक्षा हुई संपन्न



**बानो।** बानो के एसएस हाई स्कूल बानो में सोमवार को सामाजिक विज्ञान की मैट्रिक की परीक्षा शांति पूर्वक सम्पन्न हो गई। एसएस हाई स्कूल बानो में मैट्रिक की परीक्षा को लेकर प्रखंड के सात विद्यालयों के विद्यार्थियों का केंद्र पड़ा है। सोमवार को सामाजिक विज्ञान विषय के लिये 471विद्यार्थियों को परीक्षा देना था। जिसमें 27 विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित थे। मैट्रिक की परीक्षा को कदाचार बनाने के लिये सीसीटीवी जगह जगह लगाया गया है। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण मजिस्ट्रेट के रूप में प्रखंड बिकास पदाधिकारी यादव बैठा ने किया। केंद्र की बिधि व्यवस्था को देखे। उधर प्रखंड के राजकीय उच्च विद्यालय हुरदा में मैट्रिक परीक्षा में 256 विद्यार्थियों को भाग लेना था परंतु 7 विद्यार्थी अनुपस्थित थे। मौके पर केंद्राधीक्षक अनन्त किशोर पण्डा, रबिंद्र कश्यप आदि उपस्थित थे। बानो परीक्षा केंद्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये एसआई अजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ उपस्थित थे।

### जंगली हाथी कि हमले से महिला की हुई मौत

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के तलमंगा डीपा टोली गांव में जंगली हाथी ने महुआ चुनने के क्रम में एक महिला को सूंढ़ से पटक कर जान से मार डाला इस मौके पर घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बोलबा प्रखण्ड के डीपाटोली गांव में 20 मार्च की सुबह 9:00 बजे महुवा चुनने के क्रम में पाकैर देवी नामक एक महिला को जंगली हाथी ने सूंढ़ से पटक कर जान से मार डाला। ग्रामीणों ने घटना की सूचना बोलबा पुलिस एवं वन विभाग को दिया। घटनास्थल पर पहुंचकर बोलवा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। वही वन विभाग ने मृतक के पति रघु राणा को तत्काल रू.10,000 रुपये मुआवजा राशि भुगतान किया गया। बताया गया कि प्रक्रिया के बाद बकाया राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। इस मौके पर वनपाल पदाधिकारी जतरू उरांव, एएसआई भोला सिंह, वन रक्षा समिति के जैनुल अंसारी, सतीश शर्मा एवं अन्य लोग घटनास्थल पर मौजूद थे।

### विवाद : कैंसर पीड़ित ने कीटनाशक पीकर की आत्महत्या

**ठेठईटांगर।** थाना क्षेत्र के तारा बोगा नदी पार गांव में पारिवारिक विवाद से पीड़ित गांव के विष्णु बिंझिया नामक व्यक्ति ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली घटना की जानकारी मिली तब इसकी सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाते हुए शव परिजनों को सौंप दिया।

## डीसी ने हंस फाउण्डेशन के मोबाईल मेडिकल यूनिट का किया शुभारंभ

# ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिलेगी नि:शुल्क चिकित्सीय सुविधाएं



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा आज हंस फाउण्डेशन की ओर से संचालित चार मोबाईल मेडिकल यूनिट का शुभारंभ किया गया। इन मोबाईल मेडिकल यूनिट (मेडिकल वैन) के द्वारा वर्तमान में चार प्रखण्डों-सेन्हा, कुडू, भण्डरा और सदर प्रखण्ड के 20-20 राजस्व ग्रामों में लोगों को चिकित्सीय जांच, ईलाज व दवाओं की निःशुल्क सुविधा मुहैया करायी जाएगी। इस मेडिकल वैन में मेडिकल अफसर, फार्मासिस्ट, लैब तकनीशियन और एएनएम की टीम रहेगी जो प्रतिदिन गांव-गांव जाकर मरीजों की जांच, ईलाज के साथ-साथ दवाईयां उपलब्ध कराएगी। आवश्यकतानुसार, गंभीर मरीजों को सदर अस्पताल, लोहरदगा में रेफर करने का भी कार्य यह टीम करेगी।

उपायुक्त ने इस मौके पर कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह मेडिकल कैंप की तरह होगा जहां लोगों को एक ही जगह विभिन्न तरह के रोगों की जांच की सुविधा मिलेगी। मरीजों को सदर अस्पताल में रेफर करने का भी अधिकार इस टीम को होगा। इसमें मेडिकल टीम मौजूद रहेगी जिसमें एमबीबीएस डॉक्टर, फार्मासिस्ट, लैब टेक्निशियन और एएनएम होगी। मौके पर प्रभारी सिविल सर्जन डॉ० डी०एन० सिंह, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, एपिडेमियोलॉजिस्ट प्रशांत चौहान, हंस फाउण्डेशन के प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर विभास मुखर्जी समेत सभी मेडिकल टीम के सदस्य उपस्थित थे।

### लोहरदगा : 18 तीर्थ यात्री द्वारिका और सोमनाथ के लिए रवाना, डीसी ने बस को दिखायी हरी झंडी

**मुख्यमंत्री** तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत बीपीएल श्रेणी के 17 तीर्थयात्रियों और एक नोडल पदाधिकारी को सोमवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को समाहरणालय परिसर से हटिया स्टेशन, रांची के लिए रवाना किया गया। सभी तीर्थयात्रियों को हटिया स्टेशन से विशेष ट्रेन से द्वारिका और सोमनाथ की तीर्थ यात्रा पर ले जाया जाएगा। तीर्थयात्रियों का यह जत्था निर्धारित तीर्थस्थलों के दर्शन उपरांत दिनांक 27.03.2023 को वापस हटिया स्टेशन पहुंचेगा। इस अवसर उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत द्वारिका और सोमनाथ की यात्रा पर जा रहे सभी यात्रियों की सकुशल यात्रा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किये गये हैं। इससे पूर्व उपायुक्त ने सभी तीर्थयात्रियों को झारनेट वीसी रूम में संबोधित करते हुए कहा कि तीर्थयात्रा के लिए शुभकामनाएं और आप सभी स्वस्थ, सकुशल यात्रा कर वापस आएं।अगर यात्रा के क्रम में कोई भी दिक्कत हो तो साथ जा रहे नोडल पदाधिकारी को तुरंत जानकारी दें। पर्यटन विभाग के नामित व्यक्तियों का नंबर भी रखें। समय एवं अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए सकुशल यात्रा करें।

### विधायक नमन बिक्सल ने सामुदायिक वन पट्टा को लेकर सदन में उठाई मांग




**सिमडेगा।** सोमवार को कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने झारखंड विधानसभा के सदन पटल पर आदिवासी एवं मूलवासियों की चीर परिचित मांग को रखा। विधायक ने अनूसूचित क्षेत्र अन्तर्गत आने वाला सभी प्रकार का गैरमजरूआ जमीन सी एन टी एक्ट1908,पेसा कानून 1996, पंचायती राज अधिनियम 2001, एवं वन अधिकार अधिनियम 2006 में पूर्वजों के दखलकारों को ग्रामसभा के अनुशंसा पर पट्टा देने का प्रावधान है। किन्तु पूर्व की भाजपा सरकार अपने पूंजीपतियों को देने के उद्देश्य से लैंड बैंक बना कर सभी गैरमजरूआ जमीन को उसमें डाल दिया। जो ग्रामसभा के अधिकार का हनन है। इसलिए लैंड बैंकिंग को रद्द करते हुए ग्रामसभा के अनुशंसा पर पूर्वजों के दखलकारों को उपरांकित कानून के प्रावधानों को मजबूती प्रदान करते हुए वन पट्टा दिया जाए।

# टांगी से काटकर पत्नी की हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**

जलडेगा थाना क्षेत्र के सावनाजारा नदी टोली निवासी निरल तोपनो ने अपनी पत्नी प्यारी तोपनो(34) को कुल्हाड़ी (टांगी) से काटकर निर्मम हत्या कर दी। पत्नी को काटने के बाद आरोपी पति कुल्हाड़ी शव के पास ही कुल्हाड़ी लहराते हुए जो भी सामने आएगा उसको भी काट देगें कहकर धमकी देते रहा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस को भी आरोपी को काबू करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस जैसे ही आरोपी के घर पहुंची, तो आरोपी पति निरल तोपनों ने पुलिस को भी कुल्हाड़ी लहराते हुए पास आने पर काट डालने की धमकी देने लगा। थाना प्रभारी हिरालाल महतों की सूझबूझ से काफी मशक्कत के बाद आरोपी को पकड़ा जा सका। आरोपी पति को पुलिस ने जेल भेज दिया। वही शव को अंत्यपरीक्षण हेतु सिमडेगा भेज दिया है। मामले पर पुलिस ने धारा 302 के तहत मामला भी दर्ज कर लिया है। ग्रामीणों और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पति-पत्नी दोनों रायगढ़ में रहकर राजमिस्त्री व लेबर का काम करते थे, और घटना के दिन याने रविवार को ही गांव लौटे थे। गांव लौटे परिवार ने पडोसियों को बताया था



की निरल की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण गांव में ईलाज कराने आए हैं। मृतका के पांच बच्चे हैं, जिसमें दो बच्चों को रायगढ़ में ही कही छोड़ आए हैं, जबकी तीन बच्चे घर में ही मौजूद हैं। घटना रविवार शाम लगभग पांच-छः बजे की बतायी जा रही है। घटना के बाद पड़ोस के ग्रामीण आरोपी को पकड़ना चाह रहे थे मगर खून से लथपथ कुल्हाड़ी को लहराकर जो भी सामने आएगा उसको काटने की धमकी पर पडोसी भी सहमे रहे। फिलहाल पांचों बच्चे अनायास ही अनाथ हो गए हैं। आरोपी के बड़े भाई अलफ्रेड तोपनों पंजाब में काम करता है, जिसे घटना की जानकारी दी गई है। बताया जा रहा है की आरोपी कई सालों से मानसिक असंतुलन का शिकार था। और रायगढ़ में भी ईलाज करा रहा था। अनाथ बच्चों को देखरेख करने वाला भी कोई नहीं है, बच्चों को पड़ोसियों ने शरण दे रखा है।

## सेन्हा : मोपेड को बचाने में खड़ी पिकअप में कार ने मारी टक्कर





**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा में सड़क दुर्घटना में टीवीएस मोपेड चालक बाल बाल बचा, हल्की चोट आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बता दें कि टीवीएस मोपेड बाइक चालक को बचाने के दौरान खड़ी पिकअप को स्वीट डिजायर कार चालक ने सीधा टक्कर मार दिया। वहीं सड़क दुर्घटना में मोपेट बाइक चालक को हल्की चोटें आई है। बताया जाता है कि रांची रेलवे स्टेशन से टूरिस्ट को लेकर स्विपट डिजायर नेतरहाट जा रहा था। सभी टूरिस्ट बंगाल से आ रहे थे। घटना में वाहन सवार टूरिस्ट को चोट नही लगने की बात बताई जा रही है। सड़क दुर्घटना में जे एच 01बी एन 7107 स्वीट डिजायर कार के चालक सूझ बूझ खो दिया और अनियंत्रित हो खड़ी मालवाहक पिकअप जेएच 03 यू 6305 में टक्कर मार दिया जिससे मालवाहक पिकअप एवं स्वीट डिजायर कार दोनों क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को प्राप्त होते ही उनके निर्देश पर पुलिस बल पहुंच क्षतिग्रस्त दोनों वाहन को जब्त कर थाना ले आई और पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई। वही मोपेट बाइक चालक घटना के पश्चात भाग निकला।

### सदर अस्पताल में वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे कार्यक्रम का आयोजन

# मुख कैंसर से बचने के लिए तंबाकू उत्पाद से करें परहेज : डॉ राजेश

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सदर अस्पताल परिसर स्थित सभागार में सोमवार को विश्व मुख दिवस (वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे )का आयोजन किया गया। इस दौरान दंत चिकित्सक डॉ राजेश कुमार, डॉ जीके हाजरा, डॉ राजीव कुमार रंजन, कार्यक्रम सहायक आलोक गुप्ता आदि ने मुंह में होने वाले विभिन्न संक्रमण रोग और उसके रोकथाम के लिए उपस्थित लोगों को जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में मौजूद एएनएम, जीएनएम एवं हेल्थ वर्कर महिलाओं को विभिन्न प्रखंडों के ग्रामीण इलाकों में मुंह में होने वाले रोगों के संदर्भ में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रामीणों को सचेत करते हुए उन्हें समय पर मुंह और दांत की जांच




कराने के लिए जागरूकता फैलाने को कहा गया। मुंह का कैंसर समेत दांत में होने वाले विभिन्न संक्रमण से बचाव के लिए तंबाकू उत्पाद का सेवन नहीं करने की हिदायत दी गई। मौके पर प्रशिक्षक सदर अस्पताल के डॉ राजेश कुमार ने कहा कि मुख के भीतर और दांत में होने वाले संक्रमण पेट में चला जाता है। यह स्वास्थ्य के लिए घातक होता है। इसे समय पर जांच कर रोकने की जरूरत है। मुंह और दांत का समय-समय पर जागरूक होकर जांच करानी चाहिए। डॉ राजेश कुमार ने कहा महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान मुंह का संक्रमण प्रायः हो जाता है। गर्भवती महिलाओं को महिला चिकित्सक के परामर्श के साथ दंत चिकित्सक से भी अनिवार्य जांच करानी चाहिए। इससे जच्चा बच्चा दोनों संक्रमण से सुरक्षित होंगे। कहा गर्भावस्था के दौरान महिलाओं में हारमोंस परिवर्तन और बैक्टीरियल संक्रमण बढ़ जाता है। डॉ राजेश ने कहा झारखंड राज्य में तंबाकू सेवन का प्रचलन काफी ज्यादा है। तंबाकू सेवन करने वाले लोगों को मुख का कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है। मुख की नियमित जांच कराने से इससे समय रहते छुटकारा पाया जा सकता है।

## पाकरटांड़ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए सरकार : भूषण बाड़ा

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र के माध्यम से पाकरटांड प्रखंड में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराने की मांग की है। विधायक ने कहा है कि पाकरटांड़ के प्रखंड बने 18 वर्ष हो गए। पर इन 18 वर्षों में यहां के लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस प्रखंड में अब तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक का निर्माण नहीं हो पाया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण नही होने से पाकरटांडवासी मामूली बीमार होने पर भी इलाज के लिए कई किमी दूर स्थित सदर अस्पताल पर निर्भर रहते हैं। इससे यहां के लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं कभी कभी तो सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति अथवा सांप कटी से घायल व्यक्ति को भी समय पर इलाज नहीं मिल पाता है। इस कारण कई मरीज जान तक गंवा चुके हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण होने से यहां के लोगों को कई परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। विधायक ने जनहित के लिए इसे प्राथमिकता के आधार पर दूर करने की मांग की है।

## कांग्रेस ने झूलन सिंह चौक में केंद्रीय गृह मंत्री का जलाया पुतला

**सिमडेगा।** कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की की अध्यक्षता में सोमवार को भारत सरकार गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन झूलन सिंह चौक में किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ने गृह मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा केंद्रीय सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परममित्र अडाणी को बचाने एवं सच्चाई को छुपाने की कवायद में पूरी तरह बौखला गये है। अडाणी मामले में राहुल गांधी के सवालो से प्रधानमंत्री मोदी पूरी तरह घबराए हुए है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान महिलाओं के द्वारा साझा किए गए अपने दर्द एवं समस्याओं के विषय में 45 दिनों के बाद पुलिस द्वारा राहुल गांधी के घर जाकर पूछ ताछ की करवाई मोदी सरकार के कायराना एवं तानाशाही रवैये को दशार्ता है। जिसे खिलाफ कांग्रेस पार्टी के अंदर रोष है और इसी को लेकर पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश कमिटी के महासचिव पुष्पा कुल्लू, सचिव नॉमिता बा, पीसीसी डेलिगेट प्रदीप केशरी, कौशल किशोर रोहिल्ला, शांति बाला केरकेट्टा, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, विधायक प्रतिनिधि समी आलम उपस्थित थे।

## लोहरदगा : भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी और महुआ शराब जब्त

**लोहरदगा।** अवैध शराब बिक्री को लेकर सोमवार को सदर थाना क्षेत्र के कुजरा बरवाटोली में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा, सदर अंचलाधिकारी सनी कुमार दास के द्वारा औचक छापामारी किया गया। इस दौरान कुजरा निवासी धनंजय साहू के होटल सह मकान में छुपा कर रखे गए देसी विदेशी और महुआ शराब को जब्त किया गया। छापामारी के दौरान धनंजय साहू के ठिकाने से ब्लेंडर प्राइस, ओल्ड मंक, किंगफिशर, मैकडॉवेल सिग्नेचर, टंच, 8 पीएम,समेत अन्य अवैध अंग्रेजी शराब समेत 15 15 केजी का 9 जरकिन महुआ शराब जब्त किया गया। उत्पाद विभाग और सदर थाना की पुलिस ने जप्त अवैध शराब को अपने कब्जे में ले लिया। शराब का अवैध कारोबार करने के आरोप में मौके से होटल संचालक धनंजय साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। स्थानीय प्रशासन द्वारा अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ चलाया जा रहा है छापामारी अभियान से भय और सनसनी व्याप्त है।

### उत्साह : सालाना उर्स मेले पर कव्वाली का आयोजन

# अमन-चैन की दुआ मांगी : संदेश एक्का

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा/कोलेबिरा**

कोलेबिरा थाना परिसर स्थित अंजन शाह पीर बाबा की मजार पर सालाना उर्स मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान मेले के दूसरे दिन उर्स ए पाक अवसर पर कव्वाली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का के द्वारा मजार पर चादर पेशी करते हुए सिमडेगा जिले वासियों की सुख-समृद्धि अमन चैन की दुआ मांगी। जिसके बाद विधिवत रूप से रिबन काटकर की गई। इसके बाद आए हुए कव्वाल के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति करते हुए आए हुए लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए संदेश एक्का ने कहा कि कव्वाली हमारी सांस्कृतिक विरासत है। आज लोग इसे भूलते जा रहे हैं। कव्वाली, नात,



मुशायरा, भजन-कीर्तन से लोगों का नाता टूट रहा है। युवा वर्ग पश्चिमी संगीत की ओर भाग रहे हैं। हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाने की पहल करनी चाहिए। बहुत दिन पहले यहां कव्वाली मुकाबला बन्द हो चुकी थी पर उसे पुनः मेरे पिताजी पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कमिटी के लोगों को सहयोग कर सुरु कराया था बीच में कोविड के कारण बंद था फिर शुरूवात हुई है और आगे जब तक हो हमारी ओर से सहयोग मिलता रहेगा। क्योंकि झारखंड पार्टी जात पात से उपर उठकर राजनीति करती है यहां सभी जाति समुदाय के लोग मिलकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यहां पर सभी प्रकार की समुचित व्यवस्था की पूर्ति के लिए प्रयास किए जाएंगे क्योंकि झारखंड पार्टी लगातार इस क्षेत्र के विकास के लिए कृत संकल्पित होकर काम कर रही है पूर्व में मेरे पिता एनोस एक्का के दौरान भी इस क्षेत्र का जो विकास हुआ है वह किसी से छुपा हुआ नहीं है। आज क्षेत्र में विकास की गति थम सी गई है जिसे एक बार गति देने के लिए झारखंड पार्टी का सहयोग करें ताकि आने वाले दिनों में फिर से कोलेबिरा के क्षेत्र में लोगों का चहुमुखी विकास हो सके इधर कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में आए हुए दर्शकों की भीड़ उमड़ी।

ज्ञान की बात

गोविंद ! तुम हस्तिनापुर जाओगे तो संधि की बात करते हुए स्मरण रखना कि वहीं कौरवों की द्युतसभा में पापी दुःशासन ने रजस्वला , एकवस्त्रा कृष्णा को उनके इन केशों से पकड़कर घसीटते हुए सभा में प्रस्तुत किया था। उस द्रौपदी को, जो सम्राट द्रुपद की पुत्री हैं, वीर धृष्टद्युम्न तथा महारथी शिखंडी की बहन है। इन वीर पांडवों की पत्नी होने के साथ- साथ पांच महारथी पुत्रों की माता ही नहीं, तुम्हारी सखी भी है। जहां द्रौपदी के साथ यह व्यवहार हो सकता है, इसकी तुम कल्पना कर हो सकते हो गोविंद। - ठाकुरजी

# घोटाला व हमारी संवेदना

**पूरे** देश में घोटाले की बाढ़ आ गयी है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या हमारी संवेदना एकदम से मर गयी है क्या?क्या झारखंड में भी दिल्ली की तर्ज पर शराब घोटाला हुआ है? जैसे सवाल हर झारखंडवासियों को बैचेन किये हुए है। विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के मुख्य सचेतक और बोकारो के विधायक बिरंची नारायण ने यह मामला उठाया है। हालांकि मामले के उठाने भर से कोई दोषी नहीं हो सकता है। लेकिन अगर कहीं आग लगी है तो धुआं तो उठेगा ही। ऐसे में अगर आरोप लगे हैं तो उसका जवाब तो देना ही पड़ेगा। जांच के आकाश में गर्मी के अरमान पर पानी फिरने की उम्मीद से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि भाजपा विधायक के सवाल पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने भाजपा विधायक के आरोप को आधारहीन बताया है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल की जो आपत्तियां थीं, उन्हें दूर करने की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन इसके बाद भी अगर तथ्य लाया जायें कि कहां-कहां गड़बड़ी हुई है, तो सरकार जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करेगी। यह सही है कि किसी पर आरोप लगा देने से कोई आरोपी नहीं हो सकता। लेकिन सच्चाई से मुंह भी नहीं छिपाया जा सकता है। बहरहाल सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में शराब बिक्री से मिलनेवाले राजस्व का लक्ष्य 2500 करोड़ रखा है। इसके विरुद्ध 15 फरवरी तक 1607 करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ है। 14 मार्च 2023 तक 690 करोड़ राजस्व का नुकसान हुआ है। ऐसे में इस क्षति को क्या नाम दिया जा सकता है। विपक्ष का यह आरोप कि राज्य में छत्तीसगढ़ मॉडल के आधार पर नई उत्पाद नीति लायी जा रही थी तभी इसकी विसंगतियों के आठ बिंदुओं पर राजस्व पर्षद एवं अन्य ने आपत्ति दर्ज की थी। नवंबर 2022 में राज्यपाल ने भी इस पॉलिसी के बिल को वापस लौटाते हुए इसमें संशोधन का निर्देश दिया था। इसके बाद भी राज्य सरकार नहीं मानी। दिल्ली की तर्ज पर झारखंड में भी शराब का घोटाला हुआ है। होलोग्राम निजी कंपनी से बनवाया गया। शराब में पानी मिलाकर बॉटलिंग की जा रही थी। 44 करोड़ की बैंक गारंटी को जब्त किया गया। जिन कंपनियों ने बैंक गारंटी नहीं दिया, उन पर क्या कार्रवाई हुई। ऐसे में अगर ऐसा हुआ है तो झारखंड में शराब घोटाले का किंगपिन कौन है, इसकी सीबीआई से जांच कराने की जरूरत है। ताकि दूध का दूध और पानी का पानी सामने आ जाये। हालांकि जिन बातों का जिक्र हम सब कर रहे हैं,उसके पीछे की पटकथा पहले ही लिख ली गई हैं। ऐसे में सरकार ने सारी आपत्तियों को दूर कर नियमावली पर कैबिनेट से स्वीकृति पहले ले ली है। इसमें कोई अनियमितता हुई है या नहीं जांच के बाद ही तय होगी। लेकिन इतना तय है कि जांचोपरांत अगर कोई नई बात सामने आती है तो यह समझा जा सकता है कि हमारे आंगन के धूपों का रंग पीला हो चला है। ऐसे में जरूरत है कि हम अपनी संवेदनाओं को सहेज कर रखें। कारण धन के पीछे भागने से बहुत कुछ हासिल नहीं किया जा सकता है। अपने अंदर के आदमी को पहचानना जरूरी है। हाल के दिनों में घोटलेबाजों को जो मंच मिला है, वह कहीं से जायज नहीं है। मंच पर बैठे वैसे लोगों की तलाश में अपनी भूमिका का भी ख्याल रखना जरूरी है।

**भाजपा विधायक के सवाल पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने भाजपा विधायक के आरोप को आधारहीन बताया है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल की जो आपत्तियां थीं।**

# भ्रष्टाचार का पाप और भाजपा की वैतरणी





निशिकांत ठाकुर

**पिछले** कुछ दिनों से ऐसा लगने लगा है जैसे देश में भ्रष्टाचारियों की अचानक बाढ़ आ गई हो और छापे रूपी बांध से उन्हें बांधने के लिए सरकार ने अपने सारे तंत्र खोल दिये हों। क्या भ्रष्टाचारियों की इतनी तेज आंधी आ गई है कि देश भ्रष्टप्लावित हो गया और छापों की असंख्य बौछार से उसे एकसाथ रोकने का प्रयास किया जा रहा है? इस प्रकार के योजनाबद्ध छापों से दो प्रकार की सोच पनप रही है- पहला तो यह कि विपक्ष के प्रति आमजन के मन में घृणा उत्पन्न हो जाय और दूसरा यह सोचने पर मजबूर हो जाय कि छापेमारी करवाने वाला अपने प्रतिद्वंद्वियों को एक तरह से समूल नष्ट कर देना चाहता हो। आप आज जिस किसी माध्यम से देश-दुनिया के हालात को जानने का प्रयास करेंगे, तो भयभीत हो जायेंगे, क्योंकि अपनी दिनचर्या के अनुसार आप सुबह समाचार जानने के उद्देश्य से अखबार पढ़ना शुरू करेंगे, तो छापों के समाचार से ही इसकी शुरूआत होगी। पता नहीं, रात में आपके पड़ोसी के यहां किसी सरकारी जांच एजेंसियों का छापा पड़ गया हो और अभी आपको समाचार पत्रों से पता चल रहा हो कि आपका पड़ोसी तो उच्च कोटि का भ्रष्ट अधिकारी था या सत्तारूढ़ दल के विरुद्ध बात करता था अथवा विपक्षी दल का कार्यकर्ता अथवा नेता था? पिछले दिनों कर्नाटक में भाजपा विधायक के ठिकानों से कुल आठ करोड़ रुपये कैश बरामद होने पर कांग्रेस लगातार भाजपा पर हमलावर है। सिद्धारमैया ने सीएम बोम्मई को करप्शन का सबूत बताते हुए कहा कि उन्हें सीएम पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार में मंत्री सत्येंद जैन महीनों से जेल में बंद हैं, वहीं अब उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को भी छापेमारी के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी तथा उनके कई रिश्तेदारों के यहां छापेमारी के बाद पूछताछ जारी है। पंजाब कांग्रेस से जुड़े पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर दिया गया है। उन पर भी मुख्यमंत्री रहने के दौरान भ्रष्टाचार करने के आरोप हैं। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल से विधायक और लालू-राबड़ी देवी के करीबी अबु दोजान के फुलवारी शरीफ के हारून नगर आवास और कई ठिकानों पर छापेमारी की गई है। ईडी छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के नेता विनोद तिवारी को दफ्तर बुलाकर दस घंटे तक पूछताछ की गई। यह तो महज चंद उदाहरण हैं, यदि संपूर्णता में इसे देखें तो इनकी संख्या सैकड़ों नहीं, हजारों में है जिन पर ईडी, सीबीआई के छापे पिछले कुछ वर्षों में डाले जा चुके हैं। इन छापों के कारण भ्रष्टाचार से कमाई करने वालों के रातों की नींद हराम हो गई है। स्वाभाविक है कि जिनकी लगाम कसी जायेगी, वह अपने पक्ष में कुछ–न–कुछ कहानियां सुनायेंगे ही। केंद्र सरकार में सत्तारूढ़ भाजपा का कहना है कि भ्रष्टाचार की शुरूआत कांग्रेस शासन की देन है और अब यदि उसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ रहा है, तो इसकी आलोचना उनके द्वारा क्यों की जाती है। इसे इस प्रकार भी समझा जा सकता है कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव से पूछताछ के बाद जमीन के बदले नौकरी घोटाले में तथाकथित 600 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग के जो सबूत मिले हैं, क्या उसका दोष भी तत्कालीन सरकार पर मढ़ा जायेगा? होना तो यही चाहिए कि जो अपराध करे, उसको उसके कृत्य की सजा तो मिलनी ही चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। विपक्ष इसी को मुद्दा बनाकर जनता के सामने पेश कर रहा है कि भाजपा सरकार अपने विरोधियों के प्रति किस प्रकार एक पक्षीय है। दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री की बेटी के. कविता से यदि ईडी नौ घंटे पूछताछ करती है और दोषी पाये जाने पर गिरफ्तार करती है, तो उसमें किसी को क्या परेशानी हो सकती है? स्पष्ट है कि जो अपराध करेगा, उसे उसकी सजा मिलेगी, लेकिन विपक्ष यही प्रश्न पूछकर सरकार को कठघरे में खड़ा करता है, तो इसमें असहज होना क्या उचित है? विपक्ष कई नामों में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शरमा, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री येदुरप्पा के अलावा कई और नेताओं का नाम लेकर भाजपा पर प्रहार करते हैं कि कांग्रेस में जब तक ऐसे व्यक्ति थे, तब तक भाजपा ने इनपर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगाये गये थे, लेकिन जैसे ही उन्होंने दल बदला, उनकी छवि सुधर गई और ये पाक-साफ होकर भाजपा के सर्वप्रिय व सम्मानित नेता बन गये। क्या भाजपा गंगा नदी जैसी स्वच्छ और पवित्र पार्टी है कि कोई व्यक्ति उसमें डुबकी लगाते ही दोषमुक्त हो जाता है? लालू यादव ट्यूट करते हैं, हमने आपातकाल का काला दौर भी देखा है। हमने वह लड़ाई भी लड़ी थी। आधारहीन प्रतिशोधात्मक मामलों में आज मेरी बेटियों, नन्हें-मुन्ने नातियों और गर्भवती पुत्रवधू को भाजपाई ईडी ने 15 घंटों से बैठा रखा है। क्या इतने निम्नस्तर पर उतरकर भाजपा हमसे राजनीतिक लड़ाई लड़ेगी?' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट किया, 'मोदी सरकार, विपक्षी नेताओं पर ईडी-सीबीआई का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की हत्या का कुत्सित प्रयास कर रही है।' खरगे ने कहा कि जब देश से भगोड़े करोड़ों लेकर भागे, तब मोदी सरकार की एजेंसियां कहां थीं? जब परम मित्र की संपत्ति आसमान छूती है, तो जांच क्यों नहीं होती? इस तानाशाही का जनता मुंहतोड़ जवाब देगी। अब पानी सिर के ऊपर से चला गया है। कांग्रेस हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने का बाद से भाजपा सरकार और विशेषरूप से प्रधानमंत्री पर आक्रामक है। इस मामले में राहुल गांधी के साथ विपक्षी दल के सभी नेताओं का गुस्सा भाजपा को झेलना पड़ रहा है। राहुल गांधी ने संसद और संसद से बाहर सरकार पर आरोप लगाया है कि घोटाला मामले में जितने भी भगोड़े है, सबको सरकार का प्रश्रय हासिल है, इसलिए उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होती है। इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सत्ता में आने के बाद से उद्योगपति गौतम अडाणी की मदद करने और वास्तविक मुद्दों की बात न करके लोकतंत्र को खत्म करने का आरोप लगाया। झारखंड के साहेबगंज जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा, '2019 में अडाणी की संपत्ति एक लाख करोड़ रुपये थी। ढाई साल के भीतर उनकी संपत्ति बढ़कर 13 लाख करोड़ रुपये हो गई। यह वही (गौतम) अडाणी थे, जिनकी फ्लाइट से मोदी शपथ लेने आये थे। वह कौन सी जादुई छड़ी है, जिसने उनकी संपत्ति कई गुना बढ़ा दी? ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि मोदी ने जनता के पैसे से अपने दोस्त को फंडिंग की।' सच्चाई तो यह है कि भाजपा देश के अधिकांश भागों में सत्ता में काबिज है।

**आप आज जिस किसी माध्यम से देश-दुनिया के हालात को जानने का प्रयास करेंगे, क्योंकि अपनी दिनचर्या के अनुसार आप सुबह समाचार जानने के उद्देश्य से अखबार पढ़ना शुरू करेंगे, तो छापों के समाचार से ही इसकी शुरूआत होगी।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आईए सुनें भगवान इन्द्र देव की कथा

**लेकिन** ये इंद्र न तो वैदिक इंद्र जैसे है न हि पौराणिक इंद्र जैसे हैं। बौद्ध ग्रंथों में इंद्र को शक्र कहा गया हैं। कहते है कि जब बुद्ध को निर्वाण प्राप्त हुआ तब वे ब्रह्मा के साथ इंद्र के सामने प्रस्तुत हुए। और उनसे एक इच्छा प्रकट की कि के अपने ज्ञान का प्रचार विश्व भर में करे। इंद्र के स्वर्ग को ३३ देवताओं का स्वर्ग माना जाता हैं। जो मेरु पर्वत के ऊपर हैं। वेदों में इंद्र की पत्नी का नाम इंद्राणी बताया जाता हैं। असुरों के साथ इंद्र के हमेशा युद्ध और मतभेद होते रहते हैं। जैन ग्रंथों में इंद्र को हमेशा तीर्थकरों की सेवा करते दिखाया गया हैं। इंद्राणी या सची के साथ जब किसी तीर्थकर का जन्म होता है तब उस घटना स्थल पर इंद्र हमेशा प्रस्तुत होकर उनकी सेवा करते हैं। मन्दिरों में भी वे सेवक के रूप में दिखाये गये हैं। इसका अर्थ है वे देवों के राजा है लेकिन जैन तीर्थकरों के सेवक तमिल ग्रंथों में वरुण को समुद्र का देवता माना गया हैं। मुरुगन को पहाड़ों का देवता तो इंद्र को मैदानों का देवता मरु भूमि मरुस्थल को काली देवी के साथ जोड़ा गया हैं। और जंगलों को विष्णु के साथ। यहाँ पर इंद्र का अधिक वर्णन न होते हुए भी वे एक क्षेत्र से जुड़े हुए है न की पानी या स्वर्ग से। इस प्रकार पांच प्रकार के इन्द्रों का वर्णन मिलता हैं। वैदिक काल के इंद्र, पौराणिक काल के इंद्र, बौद्ध धर्म के इंद्र, जैन धर्म के इंद्र और तमिल परम्परा के इंद्र, कौन से इंद्र सत्य है, आजकल ऐरावत वाले इंद्र को हम ज्यादा सत्य मानते हैं। जो शिव विष्णु एवं अन्य देवों की आराधना करते हैं। इंद्र के कोई मन्दिर नहीं होते, लेकिन इंद्र की सबसे पुरानी छवि हमें पुणे के पास भाजा नामक एक बौद्ध गुफा में मिलती हैं। यह गुफा लगभग २२०० वर्ष पुरानी हैं। और यहाँ पर इंद्र ऐरावत के ऊपर बैठे दिखाई देते हैं। संभवतः यह ऐसी पहली छवि होगी, जिसमें वे ऐरावत पर बैठे हैं। हिमयुग के दौर में मेघ अर्थात बादल तथा जल को सबसे अधिक विनाशक माना जाता था।

*(क्रमशः)*

# योगी यूपी के रास्ते ही भाजपा को 2024 में सत्ता सौंपेंगे



आर.के. सिन्हा

**अगर** सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो अगले साल के शुरूआती के तीन महीनों के दौरान देश में लोकसभा चुनाव की हलचल को महसूस किया जाने लगेगा। सभी दल अपने घोषणापत्र को अंतिम रूप दे रहे होंगे और प्रत्याशियों के नामों पर भी अंतिम विचार चल रहा होगा। फिजा में लोकसभा चुनाव का पूरा माहौल बन गया होगा। दरअसल, यह चुनाव आजाद भारत का एक ऐसा चुनाव होगा जब कांग्रेस छोड़ किसी दूसरी विचारधारा की सत्ता की पारी दशकीय सीमा लांघकर एक नई तारीखी लकीर खींचने की ओर आगे बढ़ेगी। इस चुनाव के लिहाज से राज्यों की राजनीति भी गरमा रही है। पर बात करें भाजपा की तो देश के सबसे बड़े सूबे में उसकी निश्चिंतता का आलम कुछ और ही है। वैसे भी दिल्ली के सियासी गलियारों में यह बात शुरू से कही और मानी जाती रही है कि देश की सत्ता का रास्ता राम और कृष्ण के जन्म स्थान उत्तर प्रदेश से होकर ही गुजरता है। इस सूबे की सियासी धाक यह है कि इसने देश को अबतक सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री दिये हैं। आज अगर गुजरात से निकलकर देश की राजनीति का ध्रुव बनकर नरेन्द्र मोदी उभरे हैं तो वे भी यहीं से दो-दो बार निर्वाचित हुए हैं। देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद के निचले सदन यानी लोकसभा के लिए 80 सांसदों को चुनकर भेजने वाले इस सूबे की सियासी अहमियत निर्विवाद है। यहां पर भाजपा का प्रदर्शन लगातार सुधर ही रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी जीत को दोहराया ही नहीं है, वह लगातार विपक्ष की राजनीतिक जमीन को कमजोर भी कर रही है। कभी मंडल और कमंडल की राजनीति का गढ़ रहा यह प्रदेश मंदिर का घंटा और सख्त कानून व्यवस्था का डंडा एक साथ बजा रहा है। भगवा आस्था और विकास की नई प्रयोगशाला बनकर उभरा उत्तर प्रदेश आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष के लिए कड़ी चुनौती पेश करेगा। उत्तर प्रदेश में विपक्ष तो पहले से ही तार-तार हो चुका दिख रहा है। बेशक, यह समझना दिलचस्प है कि हिंदी पट्टी में विपक्ष की राजनीति का केंद्र रहा उत्तर प्रदेश देश के सबसे चर्चित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में किस तरह भाजपा के अभेद्य किला के तौर पर लगातार मजबूत होता गया है। आपको याद होगा कि 2019 में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सूबे की 80 में से 64 सीटें अकेले दम पर जीत ली थीं। इसी तरह वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने अकेले दम पर कुल उत्तर प्रदेश विधानसभा की 403 सीटों में से 225 सीटें जीत कर उत्तर प्रदेश की सत्ता में धमाकेदार वापसी की। अपने सहयोगियों के साथ भाजपा की सीटों का आंकड़ा 272 तक पहुंच गया। इस जीत ने सूबे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता को एक प्रकार से प्रतिष्ठित कर दिया। राज्य की जनता ने उनके नेतृत्व पर मानों मोहर लगा दी। उसके बाद से राज्य में हुए लगभग तमाम उप चुनावों में भाजपा ने जीत ही दर्ज की है। उत्तर प्रदेश में विपक्ष के बिखराव की तस्वीर साफ है। मतों के लिहाज से प्रदेश में अपनी प्रभावी उपस्थिति रखने वाले समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के बीच सुलह की संभावना आज के दिन दूर-दूर तक नहीं दिखती। लोकदल का असर कुछ जिलों में सीमित ही है। अन्य पिछड़ा वर्ग की राजनीति करने वाले बाकी दल भाजपा के खेमे में आनंद से समय गुजार हैं। इधर, कांग्रेस का जनाधार यूपी में लगभग समाप्त हो चुका है। ऐसे में भाजपा के सामने प्रदेश में विपक्ष की चुनौती बेहद कमजोर है। आंकड़ों से परे जाकर, यदि यह मान भी लिया जाय कि हर चुनाव का अपना एक अलग गणित होता है, अपना एक अलग मिजाज होता है, तो भी यह चुनाव विपक्ष के लिए आसान नहीं होगा।

**भगवा आस्था और विकास की नई प्रयोगशाला बनकर उभरा उत्तर प्रदेश आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष के लिए कड़ी चुनौती पेश करेगा। उत्तर प्रदेश में विपक्ष तो पहले से ही तार-तार हो चुका दिख रहा है।**

देश-दुनिया


## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट

**पटना रेलवे जंक्शन पर अचानक से चलने लगी पोर्न फिल्म, दत्ता कम्युनिकेशन एजेंसी ब्लैक लिस्टेड**

## फेसबुक वॉल से




# प्राचीन समय से है मानव जीवन का कठपुतलियों का साथ



रमेश सर्राफ धमोरा

**हम** हर साल 21 मार्च को विश्व कठपुतली दिवस मनाते हैं। इसका उद्देश्य कठपुतली को वैश्विक कला के रूप में मान्यता देना है। यह दुनिया भर के कठपुतली कलाकारों का सम्मान करने का एक प्रयास भी है। एक समय कठपुतली को सिर्फ मनोरंजन का माध्यम समझा जाता था। आज कठपुतली कला मनोरंजन के साथ लोगों को जागरूक भी कर रही है। प्राचीनकाल से ही जादू टोनों एवं कुदरती प्रकोपों से बचने के लिए मानव जीवन में पुतलों का प्रयोग होता रहा है। भारत में ही नहीं बल्कि अन्यत्र भी काष्ठ, मिट्टी व पाषाण से निर्मित ये पुतले जातीय एवं पारिवारिक देवताओं के रूप में प्रतिष्ठित होते रहे हैं। कठपुतलियों का इतिहास बहुत पुराना है। ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में पाणिनी की अष्टाध्यायी के नटसूत्र में पुतला नाटक का उल्लेख मिलता है। कुछ लोग कठपुतली के जन्म को लेकर पौराणिक आख्यान का जिक्र करते हैं कि शिवजी ने काठ की मूर्ति में प्रवेश कर पार्वती का मन बहलाकर इस कला की शुरूआत की थी। सतवर्द्धन काल में भारत से पूर्वी एशिया के देशो इंडोनेशिया, थाईलैंड, म्यांमार, जावा, श्रीलंका आदि में इसका विस्तार हुआ। आज यह कला चीन, रूस, रूमानिया, इंग्लैंड, चेकोस्लोवाकिया, अमेरिका व जापान आदि अनेक देशों में पहुंच चुकी है। इन देशों में इस विधा का सम-सामयिक प्रयोग कर इसे बहुआयामी रूप प्रदान किया गया है। वहां कठपुतली को मनोरंजन के अलावा शिक्षा, विज्ञापन आदि अनेक क्षेत्रों में इस्तेमाल किया जा रहा है। भारतीय कठपुतलियों का पौराणिक ग्रन्थों में उल्लेख मिलता है। महाभारत में अर्जुन द्वारा ब्रहन्नला को कठपुतलियों का खेल सिखाने का उल्लेख है। महाभारत में रूपजीवन शब्द का भी काफी प्रयोग हुआ है और वह भी पुतलियों के खेल-तमाशों के संदर्भ में। पंचतंत्र नामक ग्रन्थ में ऐसी कठपुतलियों का जिक्र है जो लकड़ी की खूटियों के सहारे नाना प्रकार के मानवी करतब दिखलाती थीं। विक्रमादित्य के समय सिंहासन बत्तीसी नामक एक ऐसा सिंहासन था जो दिन में सम्राट के बैठने के काम आता था और रात को उसकी बत्तीस कठपुतलियां विभिन्न प्रकार से रागरंग कार्यक्रम कर सम्राट को रिझाती थी। राजस्थान की स्ट्रिंग कठपुतलियां दुनिया भर में मशहूर हैं। इसके अलावा ओडिशा, कर्नाटक और तमिलनाडु में भी कठपुतलियों की यही कला प्रचलित है। राजस्थानी कठपुतलियों का ओवल चेहरा, बड़ी आंखें, धनुषाकार भौंहें और बड़े होठ इन्हें अलग पहचान देते हैं। 5-8 स्ट्रिंग्स से बंधी ये कठपुतलियां राजस्थानी संगीत के साथ नाटक पेश करती हैं। राजस्थान में कठपुतलियों का प्रचलन काफी समय से हो रहा है। यहां कठपुतलियां नटों तथा भाटों द्वारा प्रयुक्त होती हैं। ये नट नाटक भी करते थे, नाचते भी थे एवं विभिन्न प्रकार के शारीरिक करतब भी दिखलाते थे। यह रस्सियों पर भी चलते थे ओर कठपुतलियां भी नचाते थे। नट जाति में प्रचलित एक किवदंती के आधार पर ब्रह्मा के वरदान से एक आदि नट की उत्पत्ति हुई थी। इन नटों के पूर्वज ही विक्रमादित्य के समय में 'सिंहासन बत्तीसी' नामक कठपुतली नाटक के सर्जक थे। भारत की पुरातन संस्कृति का केन्द्रस्थल उत्तर भारत का राजस्थान एवं सिंध क्षेत्र रह चुका है। राजस्थान के नट जो पहले राजा-महाराजाओं के दरबारों की शोभा बढ़ाते थे। धीरे-धीरे सामाजिक एवं आर्थिक कारण से पिछड़ते चले गये और छोटी-छोटी जातियों के याचक बन गये। जिन राजाओं तथा विशिष्टजनों ने उन्हें प्रोत्साहन एवं संरक्षण प्रदान किया उन्हीं की जीवन-गाथायें इनकी पुतलियों का विषय बन गई। जैसे विक्रमादित्य के काल की 'सिंहासन बत्तीसी, पृथ्वीराज चौहान के समय की 'पृथ्वीराज संयोगिता व अमरसिंह राठौड़' का खेल प्रमुख थी। परम्परा एवं जातीय बन्धनों में बंधे ये भाट आज भी अपनी पुतलियों में संशोधन आदि का सुझाव नहीं मानते हैं।

**भारत में ही नहीं बल्कि अन्यत्र भी काष्ठ, मिट्टी व पाषाण से निर्मित ये पुतले जातीय एवं पारिवारिक देवताओं के रूप में होते रहे हैं। चौथी शताब्दी में पाणिनी की अष्टाध्यायी के नटसूत्र में पुतला नाटक का उल्लेख मिलता है।**

दिवस विशेष

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# बालूमाथ में 'रूमी मार्ट' का जिप उपाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** तरक्की और सुविधाओं के मामले में बालूमाथ की तुलना शहरों से की जा सकती है। उक्त बातें लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने बतौर मुख्य अतिथि बालूमाथ में एनएच 22 स्थित नये प्रतिष्ठान 'रूमी मार्ट' के उद्घाटन करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि बालूमाथ के लोगों का जीवन स्तर शहरी और सुविधाओं से युक्त रही है। 'रूमी मार्ट' के शुरू हो जाने से शहरों में खरीदारी करने का एहसास बालूमाथ में ही मिलेगा। इससे पूर्व मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी एवं पूर्व शिक्षक शशिभूषण प्रसाद ने फीता काट कर 'रूमी मार्ट' का विधिवत शुरूआत किया। मौलाना हसनैन ने सामूहिक दुआ करा कर इस नए प्रतिष्ठान की तरक़्क़ी और बरकत की दुआ मांगी। उन्होंने उपस्थित समूह को संबोधित करते हुए कहा कि कारोबार की तरक़्क़ी की बुनियाद ईमानदारी है। सही सामान को सही कीमत में उपलब्ध कराना भी इंसानियत की सेवा है। मौलाना नईम ने बालूमाथ में इस तरह का प्रतिष्ठान का खुलने को इस जगह की तरक़्क़ी का नमुना बताया। 'रूमी मार्ट' के संचालक मौलाना जियाउल्ला ने बताया कि साढ़े चार हजार वर्गफीट में फैला 'रूमी मार्ट' बालूमाथ का पहला व पियोर ए टू जेड ग्रोसेरी सॉल्यूशन मार्ट है। जहाँ दैनिक व घरेलू जरूरतों के उत्पाद के चार से पाँच विकल्प मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि ग्राहकों के बचत का विशेष ख्याल रखते हुए अनेक प्रोडक्ट बाजार मूल्य से कम कीमत पर उपलब्ध कराया गया है। संचालक ने यह भी बताया कि फ्री होम डिलेवरी की सुविधा भी रूमी मार्ट में उपलब्ध है। बालूमाथ व आसपास के क्षेत्र के लिए यह पहला वृहद ग्रोसेरी मार्ट है। ज्ञात हो कि 'रुमी मार्ट' बालूमाथ के विश्वसनीय रूमी स्टोर का एक्स्टेंशन है। जहाँ ग्राहकों की सुविधा का ख्याल रखते हुए अच्छी क्वालिटी व उचित कीमत पर प्रोडक्ट उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबाधता को कायम रखने का हरसंभव कोशिस की जायेगी। मौके पर रूमी मार्ट' के निदेशक अनवर हुसैन, प्रसिद्ध फुटबॉलर सुरेश सिंह, मौलाना जसीम, हाजी जैनुल आब्दीन, हाजी शब्बीर, हाजी तौकीर अहमद, जुगेश्वर राम, अमित कुमार, मोजम्मिल



हुसैन, मो अली, मो मीनू, दुर्गा प्रसाद, पंकज कुमार, हाजी इमरान अली, मो नईम समेत सेंकडो लोग मौजूद थे।

## फरार वारंटी को धराया, जेल भेजा



**बारियातू।** थाना पुलिस ने फरार चल रहे वारंटी अजय गंझु को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है ।जिसका बारे में जानकारी देते हुए बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि फरार चल रहे वारंटी अजय गंझु अपने घर जबरा ग्राम आया हुआ है ।जिस पर त्वरित छापामारी दल गठित करते हुए उपरोक्त वारंटी के घर से वारंटी अजय गंझु को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अजय गंझु 302 का अभियुक्त है जिसे गिरफ्तार कर लातेहार कारा भेज दिया है। इस छापेमारी दल में थाना प्रभारी मुकेश चौधरी के अलावे पु अ नी रवि कुमार, पुनि बिंदेश्वर महतो, पुनि दीपक नारायण सिंह, सअनि नीरज कुमार दुबे एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

## तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन

**महुआडांड।** पतंजलि योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में, महिला पतंजलि योग समिति, जिला लातेहार की इकाई द्वारा ,आपके महुआडांड़ स्थित ,दुर्गा मंदिर के प्रांगण में, हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में, तीन दिवसीय निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर विशेष तौर पर मातृशक्ति को समर्पित है। परंतु इस शिविर में पुरुष भाई भी उपस्थित रहते हुए, योगाभ्यास कर सकते हैं। योग का लाभ ले सकते हैं। आप सभी से विनम्र निवेदन है कि, महुआडांड़, दुर्गा मंदिर के प्रांगण में ,21 मार्च से 23 मार्च तक ,होने वाले निशुल्क योग शिविर में भाग लेकर ,योगाभ्यास से अनेक प्रकार की बीमारियों से दूर होने के उपाय को जान सकते हैं ।आसपास की जड़ी बूटियों के उपयोग से भी आप कैसे स्वयं को स्वस्थ रह सकते हैं ,इस विषय में भी आप सभी को जानकारी दी जाएगी। समस्त रोगों का उपचार योग के माध्यम से कराए जाएंगे ।आप सभी महुआडांड़ वासियों से निवेदन है कि इस निशुल्क योग शिविर का पूरा लाभ ले एवं अपने प्रखंड में योग का अलख जगाने मेंअग्रणी भूमिका निभाए। 22 मार्च जो हिंदू नव वर्ष उस दिन हम विशेष योग शिविर का आयोजन करेंगे साथ ही यह यज्ञ का भी आयोजन किया जाएगा। आप सभी से अनुरोध है और दोनों का लाभ लेने के लिए आप अवश्य 3 दिनों तक अपना बहुमूल्य समय दें । योग शिविर का समय होगा प्रातः प्रातः 5:00 से 7:00 बजे तक।

## महुआडांड़ के विदेशी शराब दुकान सील

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत बाजार स्थित विदेशी शराब दुकान को महुआडांड़ अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन द्वारा सील किया गया। इस संबंध महुआडांड़ अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन ने कहा कि प्राप्त सूचना के अनुसार विदेशी शराब दुकान में शराब की बिक्री निर्धारित मूल्य से अधिक लेने के सत्यापन के उपरांत एवं अन्य गैर कानूनी गतिविधियों की आशंका को देखते हुए, विदेशी शराब दुकान को विभागीय कार्रवाई होने तक सील किया गया एवं कार्यरत कर्मियों को सूचित कर हस्ताक्षर लिया गया है। मौके पर दंडाधिकारी जितेंद्र कुमार, पुआनि संजय रतन और जिला पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## एसडीओ ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

**महुआडांड़।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा संचालित मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू हो गई है। कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर प्रशासन और शिक्षा विभाग की टीम सतर्क दिखी। सोमवार को मैट्रिक की परीक्षा शुरू होते ही एसडीओ नीत निखिल सुरीने ने प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय व संत तेरेसा बालिका हाई स्कूल परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओ ने निर्देश दिया कि कदाचार मुक्त परीक्षा दे । साथ ही खराब मौसम होने के कारण परीक्षा दे रहे बच्चों के रूम में उचित लाईटों की व्यवस्था करने का निर्देश दिया ।ताकि किसी भी छात्रों को कोई समस्या न हो ।

# ओबीसी आरक्षण नहीं देने पर आक्रोश मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। हेरहंज** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित भंडार चौक से प्रखण्ड कार्यालय लातेहार में जीरो आरक्षण के खिलाफ जन आक्रोश मार्च निकाला गया ।जिसकी अध्यक्षता ओबीसी के जिलाध्यक्ष शत्रुधन प्रसाद ने किया ।जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा,कांग्रेस, या जेएमएम सभी ने ओबीसी के खिलाफ काम किया हैं ।सरकार ने लातेहार जिला में ओबीसी आरक्षण को जीरो कर दिया हैं जिसके खिलाफ जन आक्रोश मार्च निकाला गया हैं ।सरकार हमलोगों को अन्य जिले की तरह लातेहार को भी 27 प्रतिशत आरक्षण देने का काम करें ।अगर सरकार आरक्षण नही देगी तो हमलोग सभी ओ बी सी मोर्चा के लोग उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे ।रंजीत जायसवाल ने कहा सरकार




हमलोग के साथ आरक्षण के नाम पर लातेहार जिला वासियों को झुनझुना थमा दी। हमलोग झारखंड सरकार के खिलाफ आक्रोश मार्च निकालकर इसकी शुरूआत हेरहंज प्रखण्ड से किये हैं। यह कार्यक्रम पूरे जिले में होगी। ओ बी सी मोर्चा के लोगों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की जिसमें हेमन्त सरकार होंश में आव,ओ बी सी को ठगना बन्द करो,लातेहार ओ बी सी को आरक्षण दो,आरक्षण नही तो वोट नही इत्यादि नारे लगाये गए। यह आक्रोश मार्च मुख्यालय स्थित भण्डार चौक से बस स्टैंड होते हुए ब्लॉक परिसर पहुंची जहां कार्यक्रम का समापन किया गया। ओ बी सी आक्रोश मार्च में जिला मुख्यालय सहित प्रखण्ड क्षेत्र के सैकड़ो की संख्या में ओबीसी मोर्चा के लोग मौजूद थे।

## लिफ्ट में फंसने से दो मजदूरों की मौत

**लातेहार।** लातेहार जिले के दो मजदूरों की मौत आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा के पावर मैक नामक कंपनी के प्लांट के लिफ्ट में फंसने से शनिवार को हो गई। दोनों की पहचान बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत अंतर्गत ग्राम कुटमु निवासी छोटू सिंह (21) पिता संतोषी सिंह एवं जितेंद्र सिंह (21) पिता देनी सिंह के रूप में की गई है। आपस में दोनों चचेरे भाई थे। मृतक छोटू सिंह तीन भाइयों में दूसरे और जितेंद्र सिंह तीन भाइयों में पहले नंबर पर थे। दोनों की शादी नहीं हुई थी। जानकारी के अनुसार दोनों ने एक ही दिन जन्म लिया था। दोनों की एक ही दिन मौत होने की सूचना मिलने के बाद पूरा गांव शोक में डूब गया है। बताया गया कि गत माह ही दोनों एक साथ दिहाड़ी मजदूरी का काम करने विजयवाड़ा आंध्रप्रदेश के लिए घर से निकले थे। शनिवार को काम करने के दौरान अचानक लिफ्ट की चैन टूट गई। जिससे गिरकर दोनों युवकों की मौत हो गई।

## नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत स्मृति महोत्सव 30 को



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** प्रखंड के सीएमएम पथ (चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज)स्थित कारीटाँड़ चौक के समीप नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत स्मृति महोत्सव मनाने को लेकर स्मारक समिति की बैठक आयोजित की गई ।बैठक की अध्यक्षता डुमारो मुखिया सुनिता खलखो कर रही थी ।बैठक में सर्वसम्मति से 30 मार्च को नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत स्मृति महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया महोत्सव के दौरान जतरा मेला लगाने का भी निर्णय लिया गया है ।महोत्सव की सफलता को लेकर पुरानी स्मारक समिति को भंग करते हुए नई समिति का गठन किया गया जिसमें संरक्षक चंदवा पूर्वी जिप सदस्य प्रतिमा देवी को चुना गया है ।शिवशंकर टाना भगत को अध्यक्ष, मुखिया सुनिता खलखो को कार्यकारी अध्यक्ष, पंसस संगीता देवी मुनेश्वर प्रजापति व लाला उरांव को उपाध्यक्ष ।मुखदेव गोप को महासचिव, एतवा टाना भगत को महामंत्री, सुशील तिवारी को संगठन सचिव, समाजसेवी रोहित यादव को कोषाध्यक्ष, रामचरित्र टाना भगत को उप कोषाध्यक्ष, शंकर टाना भगत को सचिव, फूलचंद मुंडा व बंसत मिस्त्री को उपसचिव, सुरेश टाना भगत को संयुक्त सचिव और चन्द्रमा टाना भगत को सांस्कृतिक संगठन सचिव चुना गया है।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आज 30 तीर्थयात्रियों के जत्थे को किया गया रवाना



**लातेहार।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आज दिनांक 20.03.2023 को समाहरणालय परिसर से 30 तीर्थयात्रियों के जत्थे को सोमनाथ तीर्थ यात्रा हेतु परियोजना निदेशक श्री विंदेश्वरी ततमा,अपर समाहर्ता श्री आलोक शिकारी कच्छप, जिले के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। लातेहार जिले से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत तीर्थ यात्री रांची पहुंचेंगे। पर्यटन विभाग द्वारा रांची से सोमनाथ तीर्थ यात्रा के लिए यात्रियों के विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक उम्र के बीपीएल बुजुर्ग व्यक्तियों को तीर्थ स्थलों को भ्रमण कराया जाता है। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, एनडीसी बंधन लांग, जिला खेल पदाधिकारी श्री शिवेंद्र कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारियों की बैठक

**बरवाडीह।** प्रखंड के सामुदायिक भवन में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की बैठक वरीय सदस्य मुरलीधर प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आंदोलनकारी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे .बैठक में झारखंड आंदोलनकारियों की समस्याओं पर चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने आंदोलनकारी सदस्यों को सरकार द्वारा चिन्हित करण कार्य अविलंब पूरा करने की मांग किया ताकि सभी आंदोलनकारी सदस्यों को उचित मान सम्मान मिल सके। बैठक में मुरलीधर प्रसाद ने अपने विचार रखते हुई. आंदोलनकारियों की मांगों को दोहराते हुए सभी सदस्यों को उचित पेंशन देने की मांग किया। बैठक में सर्वसम्मति से बरवाडीह आंदोलनकारी मंच का गठन किया गया। जिसमें विक्टर करकेटा को सर्वसम्मति से मंच का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। राकेश कुमार को सचिव बनाया गया। वही मंच में 11 कार्यकारिणी सदस्यों को रखा गया है।

## डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक

**चतरा।** सोमवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) प्रबंधकीय समिति की बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट के वार्षिक कार्य योजना का निर्माण, ग्राम सभा से पारित योजनाओं का अनुमोदन, डीएमएफटी अन्तर्गत क्रियान्वित योजनाओं की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान करने हेतु बैठक की गई। बैठक में ग्राम सभा से पारित विभिन्न योजनाओं यथा सभी प्रखंड व मुख्यालय में बहुद्देश्यीय सामुदायिक भवन सह स्किल सेंटर निर्माण, किसानों को रोबोटिक सोलर पंप सेट/सयंत्र/उपकरण का वितरण आदि योजनाओं को अनुमोदन की स्वीकृति के लिये रखा गया।

# महिला हत्या मामले में तीन धराये, भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा** जिले के कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत मरगड्डा जंगल में कोयली भारती की पत्नी सुधनी देवी के हत्या मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बीते 17 मार्च को मरगड्डा जंगल से संदेहास्पद स्थिति में उक्त महिला का शव पुलिस ने बरामद किया था। जिसके बाद मृतका के पति द्वारा डायन भूत को लेकर झगड़ा व प्रताड़ित करने तथा हत्या करने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसमें 55 वर्षीय रमेश भारती पिता जुगुन भारती, 20 वर्षीय संतोष कुमार भारती पिता रमेश भुइयां व बसंती देवी पति रमेश भारती मरगड्डा गांव टोला एकता निवासी को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। सोमवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के उपरांत न्यायालय में प्रस्तुत करने के उपरांत जेल भेज दिया।

## पुलिस ने दो अवैध महुआ शराब की भट्ठी को किया ध्वस्त

**मयूरहंड(चतरा)।** जिले के मयूरहंड थाना क्षेत्र अंतर्गत पथरा में संचालित दो अवैध महुआ शराब भट्ठी को पुलिस ने सोमवार को ध्वस्त करते हुए जावा महुआ एवं बनाने वाले उपकरणों को नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी रामवृक्ष राम ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की पथरा गांव में दो घरों में भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब भट्ठी का संचालन किया जा रहा है। किसके आलोक में सहायक अवर निरीक्षक एसके ठाकुर के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई करते हुए दोनो स्थानों पर आभियान चलकर साथ जावा महुआ के साथ बनाने वाले उपकरणों को नष्ट कर अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं थाना की गाड़ी आते देख अवैध महुआ शराब कारोबारी पहले ही फागने में सफल रहे।

## रघुवर दास के आगमन को लेकर भाजपा की बैठक



**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत बालू ग्राम में तीन अप्रैल को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के आगमन को लेकर होटल प्रतीक्षा में लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं की एक बैठक संपन्न हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का आगमन जन चौपाल को लेकर तीन अप्रैल को बालूमाथ प्रखंड के बालू ग्राम में होना है ।जिसकी तैयारी को लेकर सोमवार को पूर्व श्री राम के नेतृत्व में हुई बैठक में भाजपा कार्यकताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत करने का निर्णय लिया। साथ ही चौपाल कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाजपा कार्यकर्ता को जुड़ने की सहमती बनी। इस मौके पर भाजपा युवा नेता रवि सिंह,कृष्णा यादव,रविंद्र प्रसाद गुप्ता,राजेंद्र उरांव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जेंडर जस्टिस सेंटर का शुभारंभ

**महुआडांड़।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंग डांग की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें महिला हिंसा के खिलाफ कार्य करने जागरुकता लाने को लेकर केंद्र सरकार ने जेंडर जस्टिस सेंटर के संचालन का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रखंड के अलग-अलग चार कलस्टर में कुल 4 संकुल संगठनों में जेंडर जस्टिस सेंटर का शुभारंभ किया गया। बीडीओ अमरेंग डांग ने कहा इस जेंडर जस्टिस सेंटर का उद्देश्य महिला हिंसा के खिलाफ जागरुकता लाना है। जेंडर जस्टिस सेंटर का संचालन जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला संगठनों के द्वारा किया जाएगा।

# चतरा से 27 यात्री सोमनाथ के लिए हुए रवाना




**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** सोमवार को विकास भवन गेट से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत तीर्थ यात्रियों की बस को उपायुक्त अबु इमरान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त इमरान ने सभी तीर्थ यात्रियों से कुशलक्षेम एवं स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और शुभकामनाएं दी। साथ ही जिले के बेहतरी के लिए प्रार्थना करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आप सभी सकुशल तीर्थ यात्रा कर वापस लौटे। इस क्रम में जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत बीपीएल श्रेणी के 60 साल से ऊपर के तीर्थयात्रियों को विशेष ट्रेन द्वारा रांची से ट्रेन के माध्यम से द्वारकापुरी और सोमनाथ मंदिर तीर्थ यात्रा कराया जायगा। चतरा से कुल 27 तीर्थ यात्रियों को तीर्थ दर्शन हेतु भेजा गया है। संध्या हटिया रेलवे स्टेशन, रांची से झारखंड के सभी जिलों से आए तीर्थयात्रियों को विशेष ट्रेन से रवाना किया जाएगा।

**समस्या**

## चंदवा में माकपा जिला कमेटी की बैठक

# देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की बैठक सोमवार को ललन राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई, आगामी पांच अप्रैल को किसान मजदूरों की दिल्ली रैली में भागीदारी सुनिश्चित करने, जून में पार्टी क्लास आयोजित करने, संगठन को मजबूत करने समेत कई निर्णय लिये गए। राज्य कमेटी के सदस्य सह लातेहार जिला प्रभारी संजय पासवान ने बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली नरेंद्र मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण देश में भय, भूख, भ्रष्टाचार,महंगाई चरम पर पहुंच गया है। पेट्रोल डीजल के दाम लगातार बढ़ने से खाने पीने कि सामग्री का




मूल्य असमान छु रही है वहीं लोगों को आमदनी बढ़ नहीं रही है। वहीं दूसरी तरफ केंद्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार में अडानी और अमीर हो रहा है, गरीब और गरीब हो रहा है। केंद्र सरकार की गलत नितियों के कारण देश की जनता की गाढ़ी कमाई तथा शादी विवाह और जरुरी कार्यों के लिए जमा पूंजी सहारा बैंक में डुब गया है। किसानों को उसके फसल आलू, टमाटर आदि के लागत दाम नहीं मिल पा रहे हैं, श्रमिक रोजगार के अभाव में प्लायन करने को मजबूर हैं ।मोदी सरकार के कथनी अनुसार आज भी किसानों की आय दुगुनी नहीं हो पाई है। रसोई गैस में बढ़ी कीमतों ने घर का बजट तहस नहस कर दिया है। विकास का पहिया थम जाने के कारण गांव के गरीब मजदूर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ईडी, सीबीआई और कई संस्थानों को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। देश में लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। हेमंत सोरेन की सरकार में भी राज्य में कानून व्यवस्था चरमरा गई है, लोगों को न्याय के लिए दरदर की ठोकरें खानी पड़ रही है, अफसर बेलगाम हो गए हैं, सरकार के नियंत्रण से सबकूछ बाहर हो गया है। जन समस्याएं आज भी मुंह बांएं खड़ी है, हेमंत सोरेन की सरकार से लोगों का भरोसा उठ रहा है, राज्य में भ्रष्टाचार बेकाबू है, इसके आगे सरकार नतमस्तक हो गया है। बैठक में संगठन को मजबूत करने, किसान मजदूर की पांच मार्च की दिल्ली रैली में जिले से भागीदारी सुनिश्चित करने के सहित कई निर्णय लिए गए। मौके पर जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, पार्टी के वरिष्ठ नेता अयुब खान, पचु गंझु, रसीद मियां, ललन राम, द्वारिका ठाकुर, बैजनाथ ठाकुर, मनु उरांव, साजीद खान समेत अन्य शामिल थे।

### भाजपा का बूथ निर्माण व सशक्तिकरण को लेकर बैठक

# कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ : बलवंत

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कमिटी के निर्देशानुसार सोमवार को प्रखंड के बरवाटोली पंचायत के देवीमंडप प्रागण में बूथ निर्माण एवं सशक्तिकरण अभियान के तहत मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता व मंडल प्रभारी बलवंत यादव जी के उपस्थिति में बूथ अध्यक्ष का चुनाव करते हुए बूथ कमिटी का विस्तार किया गया ।बैठक को सम्बोधित करते हुए मंडल प्रभारी बलवंत यादव ने कहा कि किसी भी संगठन का रीढ़ होते हैं कार्यकर्ता बिना कार्यकर्ताओं के संगठन की कल्पना महज दिखावा होता है ।मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में पार्टी को पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने के



लिए हमे अभी से ही तैयारी में जुट जाना है। मौके पर बूथ निर्माण एवं सशक्तिकरण अभियान के मंडल विस्तारक सह मंडल उपाध्यक्ष जयराम साहू,मंडल विस्तारक सहयोगी सह मंडल महामंत्री दीपक निषाद, पंचायत प्रभारी अमित सिंह, संतोष उरांव, संदीप मुंडा, पप्पू पूरी, युगल महतो, मनोज पाहन, अनंदु महतो, महेंद्र प्रजापति,अनिल यादव, कर्मा मुंडा समेत बूथ स्तर के कार्यकर्ता मौजूद थे।




## NEWS इन ब्रीफ

### माकपा विधायक ए. राजा को केरल हाईकोर्ट ने ठहराया अयोग्य

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने सोमवार को माकपा विधायक ए. राजा को अयोग्य घोषित कर दिया। जांच में यह पाया गया कि वह अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित नहीं हैं, जिसके लिए इडुक्की के पहाड़ी जिले में देवीकुलम विधानसभा क्षेत्र आरक्षित है। राजा के खिलाफ मामला कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ उम्मीदवार डी. कुमार ने दायर किया था। कुमार अप्रैल 2021 के केरल विधानसभा चुनाव में राजा से 7,848 वोटों से हार गए थे। कुमार ने आरोप लगाया था कि राजा परिवर्तित ईसाई समुदाय से हैं और उन्होंने अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित विधानसभा सीट के लिए खुद को चुनाव लड़ने के योग्य बनाने के लिए फर्जी प्रमाण पत्र जमा किया था।

### सिक्किम भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डीबी चौहान ने दिया इस्तीफा

**गंगटोक।** सिक्किम भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डी.बी. चौहान ने सोमवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और राष्ट्रीय पार्टी से सारे संबंध खत्म कर लिए। चौहान ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को संबोधित अपने त्याग पत्र में कहा- मैंने पिछले 10 वर्षों में पार्टी में विभिन्न पदों पर काम किया जिसमें मैंने पार्टी मंच के माध्यम से राज्य की सेवा करने की कोशिश की। मैं पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं, नेताओं और शुभचिंतकों का आभारी हूं जिन्होंने मुझे और पार्टी को समर्थन दिया। मुझे अब एहसास हुआ है कि पार्टी में अब मेरी सेवा की जरूरत नहीं है।

### फडणवीस की पत्नी को धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री की पत्नी को धमकी, ब्लैकमेल और रिश्वत की पेशकश से संबंधित मामले में मुंबई पुलिस ने पांच साल से अधिक समय से फरार चल रहे अहमदाबाद के एक सट्टेबाज का पता लगाया और उसे गिरफ्तार किया। आरोपी अनिल जयसिंघानी है, जिसकी बेटी अनीक्षा जयसिंघानी को पिछले हफ्ते डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस की पत्नी, बैंकर-गायिका अमृता फडणवीस द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया था। हमने उसे पिछले पांच दिनों से टेक-इंटेल सर्विलांस के तहत रखा था, लेकिन वह गुजरात के अलग-अलग शहरों में लगातार घूम रहा था।

### कोरोना या फ्लू या दोनों के बढ़ रहे मामले?

# धरना-प्रदर्शन पर हो सकती है रोक

**केरल, महाराष्ट्र, गुजरात में ज्यादा केस**

**तेलंगाना, तमिलनाडु, कर्नाटक को भी परीक्षण, ट्रैक, उपचार व टीकाकरण की पांच गुना नीति पालन की सलाह**

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

क्या कोरोना के बढ़ने की संभावना के तहत किसी रैली, प्रदर्शन व लोगों के एक जगह इकट्ठा होने पर पाबंदी लगाई जा सकती है? मास्क फिर से अनिवार्य किया जा सकता है? इस बारे में पूछने पर कई चिकित्सक व राजनेता मुस्कराते हुए कहते हैं : कुछ भी हो सकता है। केंद्र सरकार का स्वास्थ्य मंत्रालय एक बार फिर कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी की बात कहने लगा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बीते 24 घंटे के अंदर देशभर में कोरोना के 918 नए मामले सामने आए हैं, जबकि चार मरीजों ने दम तोड़ दिया। देश में अब सक्रिय मरीजों की संख्या 6,350 हो गई है। मरीजों की बढ़ती संख्या देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 20 मार्च को एक बैठक की। इसमें संक्रमण की स्थिति को लेकर समीक्षा की हुई है। पिछली बार छह नवम्बर 2022 को देश में सबसे ज्यादा कोरोना के एक हजार मरीजों की पहचान हुई थी।

इस दौरान संसद की हालत यह है कि विपक्ष जहां हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से संबंधित अडाणी मुद्दे पर संसदीय जांच समिति बनाने की मांग कर रहा है, वहीं सत्ता पक्ष कांग्रेस नेता राहुल के लंदन में एक कार्यक्रम में कहे को लेकर माफी मांगने की मांग कर रहा है। लेकिन राहुल गांधी सदन में अपनी बात रखकर बताना चाहते हैं कि लंदन के कार्यक्रम में जो कहा वह वही कहा जो संसद में कह चुके हैं। उसके अलग कुछ नहीं। इधर, राहुल की भारत यात्रा में कुछ कहने को लेकर दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी को नोटिस दिया है। इस पर कांग्रेसी कार्यकर्ता संभावना जताने लगे हैं कि इस मामले में राहुल गांधी के विरूद्ध कुछ हो सकता है। अगले माह से कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए भी गहमागहमी बढ़ जाएगा। ऐसे में यदि इसी दौरान कोरोना की जाँच तेज कराकर आंकड़ा आवे की बढ़ने लगा है, तो और बढ़े नहीं इसके किसी भी तरह की रैली व धरना प्रदर्शन पर रोक लगाया जा सकता है। यदि इस दौरान चुनाव हुआ तो वैसे ही हो सकता है जैसे कई तरह के सेमी पाबंदी में प. बंगाल में विधान सभा चुनाव हुआ था।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सबसे ज्यादा सक्रिय मामले केरल, महाराष्ट्र और गुजरात से सामने आए हैं। केंद्र सरकार ने तेलंगाना, तमिलनाडु और कर्नाटक के साथ इन तीन राज्यों को भी परीक्षण, ट्रैक, उपचार और टीकाकरण की पांच गुना रणनीति का पालन करने की सलाह दी है। बीते कुछ हफ्तों से कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बीमारी को लेकर संशोधित दिशा-निर्देश जारी किया है।

**निर्देश : कोरोना संक्रमण के साथ स्थानीय संक्रमण की संभावना को भी ध्यान में रखें**

**संशोधित** दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि दवा लेने से पहले कोरोना संक्रमण के साथ अन्य स्थानीय संक्रमण की संभावना को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। हल्की बीमारी में स्टेरॉयड के इस्तेमाल की सलाह नहीं जाती है। मंत्रालय ने शारीरिक दूरी बनाए रखने, बंद जगहों पर मास्क के इस्तेमाल, समय-समय पर साबुन से हाथ धोते रहने को कहा है। बीमारी के लक्षणों पर नजर रखने, शरीर के तापमान की जांच कराते रहे और ऑक्सीजन में उतार-चढ़ाव पर भी निगरानी रखने की सलाह दी है। दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि अगर किसी को सांस में लेने में दिक्कत हो रही हो तो उसे तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। अगर पांच दिन से तेज बुखार और खांसी हो तब भी चिकित्सकीय सहायता लेने की सलाह दी गई है। जोखिम वाले लोगों को अत्यधिक सावधानी बरतने को कहा गया है। मध्यम या गंभीर रोग के बढ़ने का खतरा हो तो रेमडेसिवीर दवा पांच दिन तक लेने की सलाह दी गई है। इसमें पहले दिन 200 एमजी की और उसके बाद चार दिन 100 एमजी दवा लेने को कहा है।

## आतंकियों की मदद करने के आरोप में दो घरों को किया कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में आतंकवादियों को शरण देने और उन्हें रसद सहायता प्रदान करने पर अपनी कार्रवाई जारी रखते हुए पुलिस ने कार्यकारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में दो मंजिला आवासीय घरों को कुर्क कर लिया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि कुर्क किए गए घर गुंडपोरा रामपुरा में आरोपी एजाज अहमद रेशी उर्फ डॉक्टर के पिता अब्दुल मजीद रेशी और आरोपी मकसूद अहमद मलिक के पिता मोहम्मद जमाल मलिक थाना अरगाम बांदीपोरा थाना क्षेत्र के चिट्टीबंदेय निवासी के खिलाफ धारा 25 यूएपी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहाः दोनों आरोपी आतंकवादी सहयोगी थे और पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

# पहला इक्वीनॉक्स आज, रात 7 मिनट लंबी होगी : सारिका घारू

**मार्च इक्वीनॉक्स की यह घटना 19, 20 या 21 मार्च को होती है**




**नवीन मेल नेटवर्क। भोपाल**

राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि पृथ्वी के अपने अक्ष पर झुके हुए सूर्य की परिक्रमा करते रहने से साल में दो इक्वीनॉक्स आते हैं। इनमें से पहला मंगलवार को है। सारिका ने बताया कि पृथ्वी के भूमध्य रेखा के उपर एक काल्पनिक रेखा पर मंगलवार को सूर्य की स्थिति आएगी। मंगलवार को पृथ्वी की धुरी न तो सूर्य की ओर झुकी रहेगी, न ही दूर रहेगी। इस कारण यह सूर्य की किरणों के लम्बवत है। मंगलवार को सूर्योदय ठीक पूर्व दिशा में होगा तथा सूर्यास्त ठीक पश्चिम दिशा में होगा।

सारिका ने बताया कि सोशल मीडिया में मंगलवार को दिन और रात के बराबर होने की बात कही जाती है जबकि दिन की अवधि रात से लगभग 7 मिनट अधिक होगी। दिन-रात बराबर होने की घटना इसके कुछ दिन पहले हो चुकी है। एक अन्य भ्रांति यह है कि मंगलवार के दिन अंडा अपने सिरे पर खड़ा हो जाता है जबकि यह इसे अभ्यास करके साल के हर दिन खड़ा किया जा सकता है। मार्च इक्वीनॉक्स की यह घटना 19, 20 या 21 मार्च को होती है। इस साल यह 21 मार्च को हो रही है।

## ईडी के सामने पेश हुई कविता

**दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामला**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी और विधान परिषद सदस्य के. कविता सोमवार को दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में दूसरे दौर की पूछताछ में शामिल होने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुख्यालय पहुंचीं। गुरुवार को उनसे दूसरे दौर की पूछताछ की जानी थी, लेकिन वो नहीं पहुंची, यह कहते हुए कि वह ईमेल के माध्यम से जवाब देंगी। उसके बाद, ईडी ने उन्हें 20 मार्च को जांच में शामिल होने के लिए एक और समन भेजा। अपनी पहली उपस्थिति के दौरान, उनका सामना हैदराबाद के बिजनेसमैन अरुण पिल्लई से हुआ था, जिन्होंने साउथ ग्रुप का प्रतिनिधित्व किया, जिसने कथित तौर पर आप नेताओं को 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी थी। इस पैसे का इस्तेमाल गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान किया गया था। पिल्लई ने कहा है कि वह कविता के सहयोगी थे। ईडी ने 15 मार्च को बीआरएस एमएलसी के पूर्व ऑडिटर और साउथ ग्रुप के सदस्य बुच्ची बाबू का बयान दर्ज किया था। कविता ने कहा है कि वह दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से कभी नहीं मिलीं। सिसोदिया को सीबीआई और ईडी ने गिरफ्तार किया है। कविता का कहना है कि इस मामले में उनका नाम अनावश्यक रूप से घसीटा जा रहा है।

## भगोड़ा अमृतपाल सिंह का चाचा पंजाब में गिरफ्तार

**एजेंसी। चंडीगढ़**

फरार स्वयंभू कट्टरपंथी सिख उपदेशक और 'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख अमृतपाल सिंह के चाचा हरजीत सिंह और एक अन्य को पंजाब के शाहकोट इलाके से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) स्वप्न शर्मा ने सोमवार को यह जानकारी दी। उधर, पंजाब पुलिस ने तीसरे दिन भी सोमवार को 'भगोड़े अमृतपाल सिंह के खिलाफ अपनी कार्रवाई जारी रखी। पुलिस ने अमृतपाल के सहयोगियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। अवैध हथियार मामले में उसके और उसके सहयोगियों के खिलाफ एक नई प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने राज्य में शांति और कानून व्यवस्था को भंग करने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों की प्रतिबंधात्मक गिरफ्तारी की।

खालिस्तानी विचारधारा के वित्त को संभालने वाले दलजीत सिंह कलसी को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया। पिछले महीने अमृतसर के अजनाला इलाके में एक थाने का घेराव करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए अमृतपाल के सात साथियों को ब्यास की एक अदालत ने 23 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। फरार कट्टरपंथी नेता के चार सहयोगियों को सुरक्षा कारणों से असम के डिब्रूगढ़ ले जाया गया।

# मोदी ने की जापान के प्रधानमंत्री किशिदा के साथ द्विपक्षीय वार्ता

**किशिदा ने मोदी को इस साल हिरोशिमा में होने वाले जी-7 नेताओं के सम्मेलन में शामिल होने का दिया निमंत्रण**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा ने सोमवार को द्विपक्षीय चर्चा की। किशिदा के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर सोमवार सुबह भारत आने के बाद दोनों नेताओं के बीच वार्ता हुई। उन्होंने मोदी को हिरोशिमा में इस साल मई में होने वाले जी7 नेताओं के शिखर सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। इसे प्रधानमंत्री ने स्वीकार कर लिया। वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने भारत-जापान वैश्विक रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने का संकल्प लिया। इस बात पर जोर दिया कि यह एक शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध भारत-प्रशांत के लिए महत्वपूर्ण है।

द्विपक्षीय वार्ता के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मोदी ने जी-20 में भारत के अध्यक्ष पद और जी7 समूह की अध्यक्षता वाले जापान का जिक्र किया और कहा कि वैश्विक भलाई के लिए दोनों पक्षों की प्राथमिकताओं पर मिलकर काम करने का यह सबसे अच्छा अवसर है। मोदी ने कहाः आज, मैंने पीएम किशिदा को हमारे जी-20 अध्यक्षता की प्राथमिकताओं के बारे में विस्तार से बताया। हमारे जी-20 अध्यक्षता का एक महत्वपूर्ण आधार ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को आवाज देना है। एक संस्कृति जो वसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास करती है, सभी को एक साथ लाकर आगे बढ़ने में विश्वास करती है। उन्होंने जी7 नेताओं के शिखर सम्मेलन में आमंत्रित करने के लिए किशिदा को भी धन्यवाद दिया। मोदी ने कहाः इस साल सितम्बर में मुझे फिर से जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए भारत में पीएम फुमियो किशिदा का स्वागत करने का अवसर मिलेगा।

**पेशाब मामला** पीड़िता ने सुप्रीम कोर्ट का किया रुख

# दुर्व्यवहार रोकने के लिए नियम बनाएं

**एजेंसी। नई दिल्ली**




एयर इंडिया में पेशाब करने के मामले में पीड़ित ने सुप्रीम कोर्ट का रुख कर नागरिक उड्डयन महानिदेशक (डीजीसीए) और एयरलाइन कंपनियों को निर्देश देने की मांग की कि विमान में सवार यात्रियों के दुर्व्यवहार की घटनाओं से निपटने के लिए नियम बनाए जाएं। पीड़ित ने स्पष्ट जीरो-टोलरेंस की नीति पर जोर दिया और कहा कि ऐसे नियम हों जिसमें कानून प्रवर्तन को रिपोर्ट करना अनिवार्य हो, विफल होने पर सभी मामलों में एयरलाइनों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से मीडिया को कार्यवाही पर रिपोर्टिंग करने से रोकने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि फ्लाइट में अत्यधिक शराब परोसे जाने के बाद एक अनियंत्रित यात्री ने याचिकाकर्ता पर पेशाब करने के बाद, नागरिक उड्डयन महानिदेशक (डीजीसीए) जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करने में विफल रहा है। याचिका में कहा गया है कि अनुमानों से भरी व्यापक राष्ट्रीय प्रेस रिपोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत पीड़ित के रूप में याचिकाकर्ता के अधिकार को गंभीर रूप से कम कर दिया है और निष्पक्ष रूप से अभियुक्तों के अधिकारों को भी प्रभावित किया है। अधिवक्ता राहुल नारायण के माध्यम से दायर याचिका में कहा गयाः याचिकाकर्ता की एयर सेवा शिकायत के चयनात्मक रूप से लीक होने, प्राथमिकी और एक विशिष्ट कथा से मेल खाने के लिए चुनिंदा गवाहों के बयान मीडिया को जारी किए जाने के कारण स्वतंत्र और निष्पक्ष सुनवाई के उनके अधिकार भी काफी हद तक प्रभावित हुए हैं। गौरतलब है कि 26 नवम्बर 2022 की घटना के लिए आरोपी शंकर मिश्रा को 6 जनवरी को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया था।




## अच्छी कंटेंट वाली फिल्में दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच सकती हैं : रानी



**एक्ट्रेस** रानी मुखर्जी हाल ही में रिलीज हुई अपनी फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' को मिल रही प्रतिक्रिया से काफी खुश है। उनका मानना है कि महामारी के बाद की दुनिया में अच्छे कंटेंट वाली फिल्में दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच सकती है, बशर्ते यह उन्हें जोड़े और कुछ नया पेश करें। रानी मुखर्जी बताती हैं कि उनकी हालिया रिलीज इसका एक प्रमुख उदाहरण है। एक्ट्रेस ने कहा : मुझे खुशी है कि 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' हमें दिखा रही है कि महामारी के बाद की दुनिया में एक कंटेंट फिल्म एक थिएटर फिल्म हो सकती है। मुझे लगता है कि एक इंडस्ट्री के रूप में हमें बस ऐसी फिल्में बनाने की जरूरत है जो लोगों के दिलों को छूएं और इस बात पर ध्यान न दें कि कौन सी शैली बड़े पर्दे पर चलेगी और कौन सी नहीं। अगर हम एक अच्छी फिल्म बनाते हैं, तो ऐसे कई दर्शक होंगे, जो बड़े पर्दे पर अनोखे अनुभव के लिए आएंगे।

## 'सपनों की छलांग' में मेघा रे साहसी लड़की का किरदार निभाएंगी

**रंग** जाउं तेरे रंग में, अपना समय भी आएगा और दिल ये जिद्दी है जैसे शो के लिए पहचानी जाने वाली टीवी अभिनेत्री मेघा रे आगामी शो 'सपनों की छलांग' में दृढ़ इच्छाशक्ति और साहसी लड़की का किरदार निभाएंगी। राधिका (मेघा रे) की कहानी है, जो सामाजिक प्रतिबंधों के



बावजूद अपने सपने को पूरा करने का फैसला करती है और बिना किसी झिझक या अनिच्छा के अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए दूसरे शहर में शिफ्ट हो जाती है। मेघा कहती हैं: सपनों की छलांग प्यारी कहानी है, जो शुरुआत से ही आप पर हावी हो जाएगी, जैसा कि इसने मेरे साथ किया। यह हर उस लड़की की यात्रा को दर्शाता है जिसने अपने सपनों को पूरा करने के लिए अपने कम्फर्ट जोन को छोड़कर नए शहर में जाकर विश्वास की छलांग लगाई। उन्होंने कहाः लड़कों को काम के लिए पलायन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जब उन्हें अच्छे रोजगार के प्रस्ताव मिलते हैं तो यह गर्व की बात होती है; लेकिन जब स्थिति बदल जाती है, तो लड़कियों को हमेशा पुनर्विचार करने, घर के करीब नौकरी खोजने या पूरी तरह से अनुमति नहीं दी जाती है। राधिका इस कहानी में ऐसी कई बाधाओं को तोड़ती हुई नजर आएंगी। अभिनेत्री आगे कहती हैं कि वह एक भरोसेमंद चरित्र है और दर्शक निश्चित रूप से शो में राधिका से जुड़ेंगे। मेघा ने साझा कियाः बॉम्बे की लड़की होने के बावजूद, मेरे घर के आराम ने मुझे पेशे के रूप में अभिनय करने से रोक दिया था।

## 'स्कूल कॉलेज एनी लाइफ' से रोहित शेट्ठी ने मराठी फिल्मों में रखा कदम

**बॉलीवुड** सुपरस्टार फिल्मकार रोहित शेट्टी विहान सूर्यवंशी द्वारा निर्देशित मराठी फिल्म 'स्कूल कॉलेज एनी लाइफ' के निर्माता बन गए हैं। फिल्म में 'बिग बॉस 15' विनर तेजस्वी प्रकाश और करण परब हैं, जो 'मीरा' और 'द फाइनल कॉल' सीरीज में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। 'स्कूल कॉलेज एनी लाइफ' एक पारिवारिक मनोरंजक फिल्म है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे एक नौजवान स्कूल और कॉलेज लाइफ की चुनौतियों और खुशियों का सामना करता है। रिलायंस एंटरटेनमेंट के सहयोग से रोहित शेट्टी, पवित्रा गांधी और विवेक शाह द्वारा निर्मित यह फिल्म विहान सूर्यवंशी द्वारा निर्देशित है। 'स्कूल कॉलेज एनी लाइफ' 14 अप्रैल 2023 को स्क्रीन पर आएगी।

## चित्रांगदा सिंह ने 'गैसलाइट' किरदार के लिए वॉयस मॉड्यूलेशन पर ध्यान दिया



**अभिनेत्री** चित्रांगदा सिंह जो अपनी आगामी स्ट्रीमिंग फिल्म 'गैसलाइट' के लिए तैयार हैं। उन्होंने फिल्म में किरदार के लिए वॉयस मॉड्यूलेशन पर पैमाने पर काम किया है। सिंह ने एक अलग दृष्टिकोण लेते हुए, ट्रेबल (उच्च स्वर) के बजाय अपनी आवाज (वॉयस) के बेस पर ध्यान केंद्रित किया। अभिनेत्री ने थ्रिलर को एक शैली के रूप में समझने और इसे बेहतर ढंग से समझने के लिए अपने कैरेक्टर पर काम करने के लिए एक्टिंग कोच रूपेश के साथ काम किया अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह ने कहाः रुक्मिणी की तरह दिखने और उनकी तरह बोलने के लिए मैंने खुद को एक्टिंग कोच को सौंप दिया। मैंने अपनी आवाज पर काम किया ताकि यह खुशनुमा न लगे और इसका बेस और टोन कम हो।

# धान बेचकर पछता रहे हैं किसान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राज्य सरकार के धान अधिप्राप्ति केंद्र में धान देकर अन्नदाता किसान पछता रहे हैं। लैंपस में अधिकतर किसानों ने जनवरी महीने तक धान अधिप्राप्ति केंद्रों में धान बेच दिया था, लेकिन उन्हें मात्र 50 फीसदी रकम का ही भुगतान किया गया है। जानकारी के अनुसार फरवरी महीने में लैंपस में धान बेचने वाले किसानों को तो फूटी कौड़ी नहीं मिली है। तोरपा लैपस के निदेशक हेमंत गुप्ता बताते हैं कि कुछ किसानों को आधी रकम का भुगतान किया गया है, लेकिन कुछ किसानों को एक पैसा भी नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसान लैंपस में आते हैं और निराश होकर लौट जाते हैं। बताया गया कि खूंटी जिले में विभिन्न लैंपस के माध्यम से 14 हजार 328.30 क्विंटल धान किसानों से की गई है। एक करोड़ 86 लाख 14 हजार 866 रुपये का भुगतान किसानों को करना है। इसमें एक करोड़ 11 लाख 82 हजार 229.40 रुपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है, जो कुल देय राशि का 76.51 फीसदी है। इसी प्रकार सरायकेला-खरसांवा जिले में दो करोड़ 82 लाख 67 हजार 188.60 रुपये का भुगतान किसानों को करना है। यहां 27 हजार 712.10 क्विंटल धान की खरीदारी हुई है। धनबाद जिले में किसानों को 33 लाख 42 हजार 333 रुपये का भुगतान नहीं मिला है। पाकुड़ जिले में 46 लाख छह हजार 65 रुपये, पालामू में 22 करोड़ 84 लाख आठ सौ रुपये का भुगतान सरकार ने नहीं किया है। सबसे अधिक बकाया पश्चिमी सिंहभूम जिले के किसानों का है। इस जिले में 49 करोड़ 91 लाख 77 हजार 636.80 रुपये का भुगतान किसानों को नहीं किया गया है। वहां चार लाख 89 हजार 389.84 क्विंटल धान की खरीदारी हुई है। इसी प्रकार गढ़वा जिले के एक करोड़ 54 लाख 13 हजार 209 रुपये का भुगतान किसानों को करना है। भुगतान नहीं मिलने के बारे में तोरपा प्रखंड के मरचा गांव के किसान सूरज कुमार कहते हैं कि उन्होंने 48 क्विंटल धान लैंपस में दिया है, लेकिन अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। रकम नहीं मिलने से काफी परेशानी हो रही है। उसी गांव के किसान आशुतोष साहू, मनोज केसरी, धनंजय केंसरी सहित अन्य किसान कहते हैं कि वे सरकार के पास धान बेचकर पछता रहे हैं। महाजन भी लगभग इसी दर पर धान की खरीदारी कर रहे थे और उसका भुगतान भी तुरंत हो जाता है। किसानों का कहना है कि भुगतान में विलंब कोई नई बात नहीं है। इसी कारण किसान अपने उपाद को सरकार के न बेचकर महाजनों के पास बेच देते हैं। प्रायः हर साल किसानों को भुगतान की समस्या का सामना करना पड़ता है।

## राज्य सरकार बनाएगी अपना ग्राउंड वाटर बोर्ड

**रांची।** राज्य सरकार अपने स्तर से रही राज्य में ग्राउंड वाटर बोर्ड बनाने की तैयारी में है। इससे नीचे जाते जलस्तर की समस्या की पहचान और इसके लिए निराकरण में मदद मिलेगी। विधानसभा के जारी बजट सत्र में विधायक प्रदीप यादव ने जल संकट से निपटने के लिए सरकार की तैयारियों के ऊपर सवाल पूछा था। उन्होंने कहा कि विभिन्न जिलों में भू-गर्भ जल नीचे चला गया है। रांची, धनबाद और रामगढ़ जिले में स्थिति चिंताजनक है, कई जिलों में अलर्ट की स्थिति है। ऐसे में पानी निकाले जाने पर और गंभीर संकट बन सकता है। सरकार की इसकी लिए क्या तैयारी है। इस पर जल संसाधन मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि राज्य का अपना ग्राउंड वाटर बोर्ड बनाए जाने की तैयारी है। ऐसा होने के बाद कड़े कदम उठाए जाएंगे। बोर्ड गठन के लिए ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है, बोर्ड के एक्टिव होने से लाभ मिलेगा। अभी 33 राज्यों में से 14 में ही राज्य का भू-जल बोर्ड काम कर रहा है।

## प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**रांची।** समाजसेवी खलील अहमद की याद में माही और पारामाउंट स्कूल की ओर से सोमवार को हिंदपीढ़ी, मक्का मस्जिद के समीप विद्यार्थियों के बीच चित्रकारी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 70 बच्चों ने भाग लिया। चित्रकारी में प्रथम स्थान कक्षा 8 की छात्रा सानिया परवीन ने हासिल किया, जबकि कक्षा 6 की सना परवीन ने द्वितीय और कक्षा 4 की छात्रा जस्मीन तबस्सुम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114**
**Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com**

आम सूचना
(प्रेस विज्ञप्ति)
ग्रीष्मकालीन बंद नलकूपों के मरम्मति हेतु आवश्यक सूचना

एतद द्वारा गढ़वा जिला के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आसन्न गर्मी को देखते हुए जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में अवस्थित बन्द नलकूपों के साधारण मरम्मति कार्य हेतु शिकायतों को दर्ज करने के लिए प्रमण्डलीय (जिला स्तरीय) स्तर पर तथा अवर प्रमण्डलीय स्तर पर नियंत्रण कक्ष (Control Room) की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष में कार्यरत प्रभारी पदाधिकारियों के दूरभाष नं0 पर अपनी पेयजल समस्याओं/शिकायतों को अंकित कराया जा सकता है। ताकि त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतानुसार बन्द नलकूपों की मरम्मति कर चालू कराया जा सके। संधारित नियंत्रण कक्ष का ब्यौरा निम्नांकित रूप से प्रशारित किया जा रहा है।

(1) राज्य स्तर पर स्पादित नियंत्रण कक्ष का टोल फ्री नं0 18003456502
(2) प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का दूरभाश संख्या –

| क0सं0 | कार्यरत कर्मी का नाम/पदनाम | अपेक्षित प्रखण्ड | मोबाईल नम्बर | शिकायत का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मंगल राम, उच्चवर्गीय लिपिक | जिला के सभी प्रखण्ड | 6206117078 | कार्यालय अवधि में |
| 2 | श्री उपेन्द्र प्रसाद पंडित, निम्नवर्गीय लिपिक | " | 9931557072 | " |
| 3 | श्री राकेश उरांव, निम्नवर्गीय लिपिक | " | 7004146612 | " |
| 4 | श्री अमित कुमार सिंह, निम्नवर्गीय लिपिक | " | 9122540019 | " |
| 5 | श्री सुशील कुमार सोनी, निम्नवर्गीय लिपिक | " | 7979773722 | " |
| 6 | श्री उज्जवल कुमार, निम्नवर्गीय लिपिक | | 9693358878 | |
| 7 | श्री श्याम राम, कम्प्यूटर ऑपरेटर | " | 7209368126 | " |
| 8 | श्री रंजन कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर | " | 6204854087 | " |

(4) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या :–

| क0सं0 | कार्यरत कर्मी का नाम/पदनाम | अपेक्षित प्रखण्ड | मोबाईल नम्बर | शिकायत का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अरविन्द कुमार वर्मा, अवर प्रमण्डलीय लिपिक (अवर प्र0 01 एवं 02) | गढ़वा, डंडा, रंका, रमकण्डा, चिनियां, मेराल, डंडई, मझिऑव, बरडीहा, कांडी, भण्डरिया एवं बड़गड़ | 7050165135 | कार्यालय अवधि में |
| 2 | श्री रमेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, कार्यालय चपरासी | नगर उँटारी, रमना, विशुनपुरा, भवनाथपुर, केतार, खरौन्धी, धुरकी एवं सगमा | 9939568084 | " |

(5) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का दूरभाष :–

| क्र0सं0 | प्रभारी का नाम/पदनाम | मोबाईल नं0 | प्रशाखा का नाम | प्रखण्ड का नाम | पदस्थापित कनीय अभियंता का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मुकेश कुमार, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल संख्या 01, गढ़वा | 7979844385 | गढ़वा (ग्रा0) | गढ़वा एवं डंडा | धर्मेन्द्र प्रसाद मेहता | 9110019117 |
| | | | रंका | रंका, रमकण्डा एवं चिनियां | श्री महाबीर प्रसाद | 6200951319/ 9472711979 |
| 2 | मो0 शहनवाज आलम सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल संख्या 02, गढ़वा | 7992417837 | मेराल | मेराल एवं डंडई | श्री सोमा उरॉव | 9431993634 |
| | | | मझिऑव | मझिऑव, बरडीहा एवं काण्डी | श्री सिकन्दर प्रसाद | 7050965555 |
| | | | भण्डरिया | भण्डरिया एवं बड़गड़ | श्री महाबीर प्रसाद | 6200951319/ 9472711979 |
| 3 | श्री मुकेश कुमार, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर नगर उँटारी। | 7979844385 | नगर उँटारी | नगर उँटारी, रमना एवं विशुनपुरा | श्री भरत प्रसाद | 9973467400 |
| | | | भवनाथपुर | भवनाथपुर, केतार एवं खरौन्धी | श्री देवेन्द्र किस्कू | 9905326654 |
| | | | धुरकी | धुरकी एवं सगमा | श्री भरत प्रसाद | 9973467400 |

उपर्युक्त स्थापित नियंत्रण कक्ष (Control Room) के अलावे आम नागरिक अपनी पेयजल/नलकूप मरम्मति संबंधी समस्याओं को अंकित करने हेतु प्रखंड स्तर पर भी संधारित शिकायत पंजी का उपयोग कर सकते हैं, जिसके संदर्भ में निम्नांकित निर्देश सभी कनीय अभियंता/सभी सहायक अभियंता को अनुदेशित है:–

1 सभी कनीय अभियंता को निर्देश है कि अपने–अपने प्रखंडों में एक–एक शिकायत पंजी को संधारित कर प्रखंड कार्यालय में रखना सुनिश्चित करेंगे।
2 सहायक अभियंता नलकूप मरम्मति गैंगों का गठन कर प्रमंडलीय कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
3 सभी कनीय अभियंता/नलकूप मरम्मति गैंगों का यह दायित्व होगा कि प्रखंड कार्यालय में संधारित शिकायत पंजी में दर्ज शिकायतों को प्राप्त कर पेयजल संबंधी शिकायतों को दूर करना सुनिश्चित करेंगे।
4 नियंत्रण कक्ष के प्रभारी/नोडल पदाधिकारी उनके मोबाईल नम्बरों पर प्रतिदिन नलकूप मरम्मति हेतु प्राप्त शिकायतों को नलकूप मरम्मति गैंग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

"जल जीवन के अमृत है,
इसके एक–एक बूँद का सदुपयोग करें,
अनावश्यक वर्बाद न करें "

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,गढ़वा

PR 293050 Drinking Water and Sanitation(22-23).D


# रांची की सरहुल शोभायात्रा को पहला स्थान दिलाना है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सिरम टोली स्थित सरना स्थल में सोमवार को न्यू गार्डेन सरना समिति और केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधियों ने सरहुल शोभायात्रा को सफल बनाने को लेकर बैठक की। अध्यक्षता करते हुए अजय तिर्की ने कहा कि 24 मार्च को सरहुल शोभायात्रा निकाली जाएगी। जुलूस हातमा से शुरू होगा, जो सिरम टोली सरना स्थल तक जाता है। शोभायात्रा के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे। उन्होंने कहा कि देश में रांची की सरहुल शोभायात्रा का पांचवां स्थान है। इसको पहला स्थान दिलाया जाएगा। इसके लिए सभी आदिवासी संगठनों को एकजुट होने के लिए कहा गया। बताया गया कि दूरदराज से आने वाली खोड़हा मंडली के लिए नगर निगम बस की सुविधा उपलब्ध करायेगा। धर्म गुरु प्रवीण उरांव ने कहा कि सरहुल शोभायात्रा में धर्मावलंबियों को पारंपरिक वेश भूषा और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ खोड़हा के रूप में शामिल होना चाहिए। जुलूस में डीजे साउंड का कम इस्तेमाल किया जाएगा, क्योंकि इससे पारंपरिक वाद्य यंत्रों का महत्व कम हो जायेगा। अजीत उरांव ने कहा कि नगर निगम द्वारा मौसम को देखते हुए सिरमटोली सरना स्थल में वाटर फ्रूफ पंडाल बनाया जाएगा। सुजाता चौक से लेकर पटेल चौक तक लाइट की उत्तम व्यवस्था की जायेगी। मेडिकल टीम और पुलिस टीम की अतिरिक्त व्यवस्था की जायेगी। मौके पर नवनीत उरांव, अजय तिर्की, राजा हंस, शिबू तिग्गा, रमेशचंद्र उरांव, बसंत पाहन, रोहित पाहन, रंजीत उरांव, सुगिया कच्छप, सुनिता कच्छप, प्रकाश हंस, अरविन्द बाखला, गैना कच्छप, सोहन मुण्डा, कुंदरसी मुंडा समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड में एच1एन्1 व कोरोना के...**

है। एच3एन2 इन्फ्लुएंजा से संक्रमण के दूसरे मामले में चिन्हित की गई बच्ची का इलाज रांची के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक उसका इलाज ऑक्सीजन थेरेपी से किया जा रहा है। इधर, कोविड के केस बढ़ने की खबरें सामने आने के बाद लोग स्वास्थ्य केंद्रों और हॉस्पिटलों में कोविड टीकाकरण को लेकर इंक्वायरी कर रहे हैं। राज्य में 23 फीसदी लोग ऐसे हैं, जिन्होंने कोविड टीके का दूसरा डोज नहीं लिया है। स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों के टीकाकरण के लिए केंद्र सरकार से कोवीवैक्स टीके का डोज उपलब्ध कराने की मांग की है।

**कई मुद्दों पर गरमाया...**

मथुरा महतो ने भी जेपी आंदोलनकारियों को पेंशन व सम्मान देने की मांग सरकार से की।

**पक्ष-विपक्ष में तकरार :** झारखंड आंदोलनकारियों को चिन्हित किए जाने की बात को लेकर पक्ष-विपक्ष में तकरार हुई। सुदिव्य सोनू ने मंत्री के जवाब के दौरान कहा की वनांचल आंदोलन के नाम पर भाजपा आंदोलन को तोड़ रही थी, तब बिरंची ने कहा की दिल्ली की मंडी में आंदोलन बेचने वाले यहां बात ना करें। वहीं, भाजपा विधायक ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि उन्होंने सरकार से सवाल पूछा है, तब एक सदस्य इस तरह व्यवधान डाल रहे हैं, सदस्य से वह वरिष्ठ हैं, लेकिन पहली बार चुन कर आए सदस्य सुपर मंत्री की तरह व्यवहार ना करें। इस पर अमर बाउरी ने भी कहा कि माननीय सदस्य को मंत्री बना देना चाहिए। बिरंची ने कहा कि प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड राज्य दिया, उन्होंने बड़ा दिल दिखाते हुए वनांचल का नाम झारखंड किया। बिरंची नारायण ने कहा कि वह स्वयं 1995 में वनांचल आंदोलन में जेल गए थे, लेकिन उनका नाम आंदोलनकारी में चिन्हित नहीं है। उन्होंने हजारीबाग के एक केस का भी हवाला दिया, जिसमें वनांचल आंदोलनकारियों को चिन्हितिकरण आयोग ने झारखंड आंदोलन कारी नहीं माना। विधायक समरीलाल ने भी मांग की कि झारखंड ऑटोनोमस काउंसिल के सदस्यों को भी आंदोलनकारी का दर्जा दिया जाए।

**सदन में धनबाद में बार बालाओं के डांस का मुद्दा गूंजा :** सदन में धनबाद में बार बालाओं के डांस का मुद्दा गूंजा। झामुमो विधायक मथुरा महतो ने स्पीकर से इसपर संज्ञान लेने की मांग की। धनबाद के जियलगोड़ा स्टेडियम डिगवाडीह में 18 मार्च को सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया था। दिनभर खेल के इवेंट्स के बाद रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम में बार बालाओं के जमकर ठुमके लगे थे। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम का लुत्फ उठाते नजर आये। धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह की मौजूदगी में रातभर बार बालाएं नाचती रहीं।

**चतुर्थवर्गीय कर्मियों को फोर्थ से थर्ड ग्रेड में प्रमोशन जल्द होगा : आलमगीर आलम :** सदन में विधायक अमित यादव के अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि चतुर्थवर्गीय कर्मियों के प्रमोशन के लिए नियम बना हुआ है। विगत कुछ वर्षों से प्रमोशन नहीं हो पाया है, ये गंभीर मसला है। नियमावली के तहत सीमित परीक्षा से 15 प्रतिशत कर्मियों को फोर्थ से थर्ड ग्रेड में प्रमोशन करना है। सरकार इसपर जल्द कार्रवाई करेगी। विधायक अमित यादव ने अल्पसूचित प्रश्न सवाल किया कि झारखंड गठन के बाद चतुर्थवर्गीय कर्मियों के प्रमोशन के लिए सीमित परीक्षा नहीं हो पाई है। सरकार कबतक करेगी।

**सरयू राय अगर साबित कर दें कि मैंने एक...**

करें। आप जज नहीं हैं। कभी आप सरकार के पक्ष में बोलते हैं कभी आप सरकार के खिलाफ बोलते हैं। हम कोई भी काम करते हैं तो आपके पेट में दर्द होने लगता है। इसलिए सरयू राय जी आप अपनी नसीहत अपने पास रखें। हम लोग आपसे डरने वाले नहीं हैं।

**बन्ना गुप्ता और भानु प्रताप मर्द और राज धर्म पर आमने-सामने :** मर्द कौन है और राज धर्म को निभा रहा है, इसे लेकर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही के बीच नोंक-झोंक हुई। सदन के बाहर पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि भाजपा के लोग बताएं वे नई नियुक्ति नियमावली में हिंदी और संस्कृत के विरोधी हैं, अगर मर्द हैं तो खुलकर कहें। इस मामले को भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने फिर उठाया और सरकार से जवाब मांगा। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने फिर कहा कि यहां आप लोग कहिए कि आप लोग उर्दू और संस्कृत के विरोधी हैं। मर्द हैं तो बोलिए हम लोग भी इधर चूड़ी पहन कर नहीं बैठे हैं। समय बता देगा कि कौन मर्द है, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि आप लोग हमें राजधर्म ना सिखाएं। भानू प्रताप शाही ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के स्वास्थ्य को छोड़कर पूरे विभाग का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। पूरा बजट पुराने साल के बजट का कॉपी है। कोमा, फुल स्टॉप भी नहीं हटाया गया है, सबसे घटिया बजट है। भानू ने कहा कि मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में एमजीएम अस्पताल में सर्दी-खांसी तक की दवा नहीं है। मंत्री के क्षेत्र के 90 फीसदी अस्पतालों में आयुष्मान मरीजों का इलाज नहीं हो रहा है। पूरे राज्य में डॉक्टर के पद रिक्त हैं, मगर बहाली नहीं हुई, क्योंकि सरकार के पास कोई नियोजन नीति ही नहीं है।

**रामचंद्र चंद्रवंशी ने सरकारी मेडिकल कॉलेज से पढ़ने वाले डॉक्टरों का मामला उठाया :** भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने सदन में कहा कि सरकारी मेडिकल कॉलेज से पढ़ने वाले डॉक्टरों को पांच साल के लिए राज्य में ही रखा जाए, उन्हें बाहर जाने नहीं दिया जाए। क्योंकि सरकारी खर्च पर पढ़ने वाले डॉक्टर पढ़ाई पूरी करने के बाद तुरंत निजी अस्पतालों में राज्य और राज्य के बाहर चले जाते हैं, इससे हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित होती है। इसलिए सरकार ऐसी व्यवस्था करे कि सरकारी मेडिकल कॉलेज से पढ़ने वाले डॉक्टर कम से कम राज्य के सरकारी अस्पतालों में पांच साल तक सेवा दे सकें। इससे हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत होगी।

**रिटायर्ड डीएसपी व दरोगा से...**

वहीं, यज्ञनारायण तिवारी जब रिम्स में पंकज मिश्रा से मिले थे, तब वह सेवानिवृत नहीं हुए थे। पुलिस सेवा में रहते हुए न्यायिक हिरासत में पंकज मिश्रा से मुलाकात पर यज्ञनारायण तिवारी ने अपनी गलती मानी है।

**दोनों पदाधिकारियों की संपत्ति की जानकारी मांगी गई :** ईडी ने दोनों ही पुलिस पदाधिकारियों से उनकी संपत्ति का विवरण मांगा है। पुलिस पदाधिकारियों से उनकी व उनके आश्रितों की चल-अचल संपत्ति, बैंक खातों का पूरा विवरण मांगा है। ईडी ने पूछताछ के दौरान दोनों पुलिस पदाधिकारियों की स्वीकारोक्ति की वीडियोग्राफी की। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, यज्ञनारायण तिवारी ने कई जानकारियां ईडी को दी हैं। हालांकि, इन जानकारियों को लेकर ईडी ने अभी कोई खुलासा नहीं किया है।

**मुख्य न्यायाधीश ने कहा : सॉरी...**

सैनिकों के पेंशन भुगतान के लिए जो फार्मूला दिया उसके अनुसार, योग्य पारिवारिक पेंशनरों को 30 अप्रैल 2023 तक, सशस्त्र बलों के वीरता पुरस्कार हासिल कर चुके विजेताओं को 30 जून 2023 तक और 70 साल से ज्यादा उम्र के योग्य पेंशनरों को 30 अगस्त 2023 तक भुगतान करने का आदेश दिया है। इसके अलावा बाकी पेंशनरों को समान किस्तों में 28 फरवरी 2024 से पहले भुगतान करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहाः हमें सर्वोच्च न्यायालय में इस सीलबंद कवर प्रथा को समाप्त करने की आवश्यकता है। यह निष्पक्ष न्याय की बुनियादी प्रक्रिया के विपरीत है। चीफ जस्टिस ने कहाः मैं व्यक्तिगत रूप से सीलबंद लिफाफे के खिलाफ हूं। अदालत में पारदर्शिता होनी चाहिए... यह आदेशों को लागू करने के बारे में है। यहां गुप्त क्या हो सकता है। पीठ फिलहाल ओआरओपी बकाये के भुगतान को लेकर इंडियन एक्स-सर्विसमैन मूवमेंट (आईईएसएम) की याचिका पर सुनवाई कर रही है। शीर्ष अदालत ने 13 मार्च को चार किस्तों में ओआरओपी बकाये का भुगतान करने के एकतरफा निर्णय के लिए सरकार की जमकर खिंचाई की थी। रक्षा मंत्रालय ने हाल ही में शीर्ष अदालत में एक हलफनामा और एक अनुपालन नोट दायर किया है, जिसमें पूर्व सैनिकों को 2019-22 के लिए 28 हजार करोड़ रुपये के बकाए के भुगतान की समय सारिणी दी गई है। इसके पहले 13 मार्च को मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने रक्षा मंत्रालय से 20 जनवरी के उस आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लेने को कहा था, जिसमें चार किस्तों में वन रैंक वन पेंशन के भुगतान करने की बात कही गई थी। कोर्ट ने कहा थाः रक्षा मंत्रालय कानून अपने हाथ में नहीं ले सकता है। इसपर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि उसने पूर्व सैनिकों के बकाया ओआरओपी एरियर का एक किस्त का भुगतान कर दिया है, लेकिन पूरी तरह से भुगतान करने के लिए और अधिक समय चाहिए।

**शिक्षित राज्य से ही पूरी होगी...**

कोई कमी नहीं है बस थोड़ा हमसभी और आने वाले पीढ़ी को जागरूक होने की आवश्यकता है। समय के साथ-साथ स्वतः सभी चीजें सुधरेंगे और हमारा राज्य तेज गति से आगे बढ़ेगा।

**प्रबंधन समिति की भूमिका महत्वपूर्ण :** श्री सोरेन ने कहा कि राज्य की स्कूली व्यवस्था प्रबंधन समिति के देख-रेख में चलता है। स्कूलों के सफल एवं उत्कृष्ट संचालन के लिए स्कूल प्रबंधन समिति की जिम्मेदारी अहम और महत्वपूर्ण रहती है। स्कूल प्रबंधन समिति को अब पहले से ज्यादा बेहतर होने की आवश्यकता है तभी हम उत्कृष्ट विद्यालय की परिकल्पना को साकार कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ग, हर समूह के बच्चे-बच्चियों को शिक्षा का समान अधिकार तथा अवसर देना है। प्रबंधन समिति के सदस्य गांव-गांव, घर-घर पहुंचकर बच्चों का स्कूलों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराएं। हमारी सरकार ने शिक्षा-व्यवस्था में सुधार को एक चुनौती के रूप में लिया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यूं तो पिछले कई वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य हो रहे हैं। परंतु मौजूदा वक्त में शिक्षा के महत्व को समझना हम सभी के लिए अत्यंत जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में स्किल्ड तथा अनस्किल्ड मजदूर के रुप में ही लोग आगे बढ़ते रहे हैं। इस को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ने यहां की शिक्षा स्तर को एक नई आयाम के साथ आगे बढ़ने का कार्य कर रही है। हमने झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को एक चुनौती के रूप में लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए कई बड़े समूह राज्य सरकार के साथ जुड़ रहे हैं।

**बच्चे-बच्चियों के हौसले को देना है पंख :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस समय में अध्ययनरत बच्चे-बच्चियों को आगे बढ़ने के लिए हौसला देने की आवश्यकता है। राज्य स्तर पर मेधावी टॉपर बच्चे-बच्चियों को राज्य सरकार प्रोत्साहन राशि के साथ-साथ अब लैपटॉप तथा मोबाइल भी देगी, जो गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा हेतु वर्तमान समय में आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब चयनित उत्कृष्ट विद्यालयों में भी कंपटीशन कराया जाएगा। जिन विद्यालयों का परिणाम बेहतर होगा उन विद्यालयों के कर्मियों एवं बच्चों को देश के अन्य राज्यों का भ्रमण कराया जाएगा। अन्य राज्यों के स्कूलों में हमसे क्या बेहतर है हमारे बच्चे उसे देखेंगे तथा सीखेंगे।

**क्वालिटी एजुकेशन के साथ-साथ पाठ्यक्रममें कला संस्कृति के विषय जुड़ेंगे :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार स्कूलों में क्वालिटी एजुकेशन के साथ-साथ हमारे बच्चों को झारखंड की कला संस्कृति के संरक्षण हेतु प्रेरित करेगी तथा पाठ्यक्रम में नए विषयों के रूप में झारखंड की कला संस्कृति से संबंधित एक अलग विषय जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की भाषा, कला संस्कृति को आने वाली पीढ़ी भूले नहीं यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। हमें अपने भाषा संस्कृति को अक्षुण्ण रखने की आवश्यकता सदैव रहेगी।

**झारखंड के 1000 तीर्थयात्री हुए...**

यात्रियों को निशुल्क ट्रेन यात्रा, नाश्ता, भोजन, होटल में ठहरने एवं बस के माध्यम से स्थानीय तीर्थ स्थलों का दर्शन कराया जाएगा। विदित हो कि इससे पूर्व 15 से 21 फरवरी के बीच मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिए भी अजमेर शरीफ, आगरा एवम फतेपुर सीकरी के लिए तीर्थयात्रियों को रवाना किया गया था। मौके पर पर्यटन निदेशक अंजलि यादव एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**एन0आर0ई0पी0, चतरा।**

ई–अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या– EE/NREP/CHATRA/11/2022-23 दिनांक– 18.03.2023

1. मद का नाम: DMFT योजना अन्तर्गत :–

| क्र. सं. | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | टण्डवा | सराढु | देवालगडा | ग्राम सराढु टोला उपकापानी स्कुल में चाहर दिवारी का निर्माण। | 1448992 | 29000 | 2500 | 3 माह |
| 02 | टण्डवा | बहेरा | बिजैन | बिजैन स्कुल की चाहर दीवारी निर्माण एवं पेयजलापूर्ति हेतु योजना निर्माण | 1194796 | 23900 | 2500 | 3 माह |
| 03 | टण्डवा | बहेरा | कारो | उ0म0वि0 कारो की चाहर दीवारी निर्माण एवं सौर्दयीकरण | 1609343 | 32200 | 5000 | 3 माह |
| 04 | टण्डवा | बहेरा | सिदालु | ग्राम सिदालु अखरा से धनेश्वर गंझू के घर तक पी0सी0सी0 | 1378964 | 27600 | 2500 | 3 माह |
| 05 | टण्डवा | डाहु | गोन्दा | ग्राम गोन्दा में अम्बातरी से लेकर पप्पु उरावं के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 5956548 | 119200 | 10000 | 6 माह |
| 06 | टण्डवा | बडगांव | बडगांव | रूपु बांध खेल मैदान से केरी स्कुल तक पी0सी0सी0 निर्माण 1.5 किमी0 कार्य | 9727040 | 194600 | 10000 | 6 माह |
| 07 | टण्डवा | बडगांव | बडगांव | प्रभु यादव के घर से चौबेटोला शिवमंदिर तक पी0सी0सी0 निर्माण। | 2928260 | 58600 | 5000 | 3 माह |
| 08 | टण्डवा | बडगांव | बडगांव | सदीक मियां के घर से अम्बा टोला स्कुल से महतो आहर होते हुए प्रदीप महतो के घर तक पी0सी0सी0 निर्माण। | 3416770 | 68400 | 5000 | 3 माह |
| 09 | टण्डवा | बडगांव | बडगांव | ग्राम बडगांव रामकुमार उरावं के घर से हरीजन टोला होते हुए जलेश्वर के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3871070 | 77500 | 5000 | 3 माह |
| 10 | टण्डवा | डहु | सिदपा | ग्राम सिदपा में भुनेशवर उरावं के घर से लेकर गजु उरावं के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2358196 | 47200 | 5000 | 3 माह |
| 11 | टण्डवा | बडगांव | बडगांव | ग्राम बडगांव नवादा पथ से कैत गाछ से नायक टोला शिव लोहार टोला होते हुए रघुन ठाकुर के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2117909 | 42400 | 5000 | 3 माह |
| 12 | टण्डवा | कल्याणपुर | डाहु | ग्राम दुन्दुवा में गोवाट से छठ घाट तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 5454382 | 109100 | 10000 | 6 माह |
| 13 | टण्डवा | कीचटो | तरवां | ग्राम तरवां में टेकलाल महतो के घर से सुरज महतो के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण दुरी 1 कि0मी0 | 9686595 | 193800 | 10000 | 6 माह |
| 14 | टण्डवा | बचरानॉर्थ | बचरानॉर्थ | महेश महतो के घर से उपर नदी बचरा टांड में पी0सी0सी0 सडक निर्माण 1 कि0मी0 | 4759575 | 95200 | 5000 | 3 माह |
| 15 | टण्डवा | मल्याणपुर | नईपारम | ग्राम नईपारम मेघु महतो घर से नदी तक पी0सी0सी0 निर्माण। | 7382119 | 147700 | 10000 | 6 माह |
| 16 | टण्डवा | सराढु | कुड़लौंगा | ग्राम कुड़लौंगा में पानी टंकी से पारगढ़ा मुकेश यादव के घर तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 9649135 | 193000 | 10000 | 6 माह |
| 17 | टण्डवा | सराढु | कुण्डी | ग्राम कुण्डी में चैता साव के घर से शमशान घाट तक पी0सी0सी0 पथ एवं पुलिया का निर्माण। | 2710504 | 54300 | 5000 | 3 माह |
| 18 | टण्डवा | बेंती | बेंती | उत्क्रमि उच्च विद्यालय बेंती में चाहर दिवारी चार कमरा एवं सोन्द्रयीकरण का कार्य | 4140458 | 82900 | 5000 | 3 माह |
| 19 | टण्डवा | बेंती | बेंती | राजेश प्रजापति के घर से कारु भुईया के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण ग्राम बेंती | 4464423 | 89300 | 5000 | 3 माह |
| 20 | टण्डवा | बेंती | बेंती | भोला गंझु के घर रोहन गंझु के घर तक पी0सी0सी0 निर्माण। | 8674359 | 173500 | 10000 | 6 माह |
| 21 | टण्डवा | बहेरा | राजधार | ग्राम राजधर में सोमा उरावं के घर से सुखदेव उरावं के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 9407382 | 188200 | 10000 | 6 माह |
| 22 | टण्डवा | बेंती | बेंती | विजय प्रजापति के घर से बुधन भुईया के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 4426378 | 88600 | 5000 | 3 माह |
| 23 | टण्डवा | बहेरा | बहेरा | बहेरा मस्जिद से जैनुल अंसारी के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं नाली निर्माण। | 6990458 | 139900 | 10000 | 6 माह |

2. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि – 01.04.2023
3. ई –निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 08.04.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. (i) एन.आर.ई.पी., चतरा एवं (ii) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 10.04.2023 पूर्वाहन् 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 11.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी. चतरा
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं. – 7979730487, 9572666229, 8789430732(संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई–निविदा शूल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउण्ट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन.आर.ई.पी. चतरा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. Ucan Registration फोटोकॉपी Upload करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
एन.आर.ई.पी., चतरा।

PR 293065 (NREP) 22-23 (D)

## एशियाई बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप

# पंकज आडवाणी ने जीता खिताब

### लगातार दूसरी और कुल नौवीं बार अपने नाम किया खिताब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पंकज आडवाणी ने कतर के दोहा में आयोजित एशियाई बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप का खिताब जीत लिया है। पंकज ने मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन बृजेश दमानी (भारत) को 5-1 से हराकर लगातार दूसरी और कुल नौवीं बार खिताब अपने नाम किया। क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड के प्रपुट चैथानासाकुन पर 5-1 से जीत के बाद, पंकज ने म्यांमार के पाउक सा को सेमीफाइनल में समान स्कोर लाइन से हराया।

पंकज ने 51-ब्रेक के साथ शुरुआत की और इसके बाद 88 का स्कोर करर बेस्ट-ऑफ-9 मैच में 2-0 की बढ़त बना ली। अंतर्राष्ट्रीय बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में अपना पहला बड़ा फाइनल और पदक खेलने वाले बृजेश ने 75 के स्कोर के साथ वापसी की, लेकिन इसके बाद पंकज ने 3-बॉल के खेल में 66 का स्कोर कर 4-1 से बढ़त बनाते हुए खिताब की ओर कदम बढाया और अंत में 5-1 के स्कोर के साथ खिताब जीत लिया।

अपनी जीत पर पंकज ने कहा: खिताब जीतना एक बात है, इसका बचाव करना और भी संतोषजनक है! मैं 9वीं बार इस खिताब को हासिल करने के लिए बेहद रोमांचित हूं और मैं आने वाले वर्षों में इस तरह के कई और खिताब वापस लाने के लिए उत्सुक हूं। प्रक्रिया के अनुसार, मुझे इस साल सभी बिलियर्ड्स अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सीधा प्रवेश मिला था, जिसमें यह एशियाई टूनार्मेंट भी शामिल था और मैं अपने साथियों के साथ खेलने के लिए उत्सुक था। खिताबी मुकाबले के छठे और अंतिम फ्रेम में पंकज ने चैंपियनशिप जीतने के लिए 64 का स्कोर कर कुल मिलाकर अपना 13वां एशियाई खिताब और 9वां बिलियर्ड्स हासिल किया।



# नीरज चोपड़ा 61 दिनों तक तुर्की में लेंगे प्रशिक्षण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा तुर्की के ग्लोरिया स्पोर्ट्स एरिना में प्रशिक्षण लेंगे। खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने मध्य पूर्व देश में 61 दिनों की अवधि के प्रशिक्षण के उनके प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

नीरज 01 अप्रैल को तुर्की जाएंगे और 31 मई तक वहीं रहेंगे। सोमवार को एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया कि टॉप्स फंडिंग में नीरज, उनके कोच क्लाउस बाटरेनिट्ज और उनके फिजियोथेरेपिस्ट का विमान किराया, बोर्डिंग और लॉजिंग, चिकित्सा बीमा और स्थानीय परिवहन लागत शामिल होगी। नीरज के अलावा, एमओसी सदस्यों ने 16 मार्च को अपनी बैठक के दौरान बधिर ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता दीक्षा डागर के लिए गोल्फ सेट उपकरण की खरीद और एक व्यक्तिगत कोच, फिटनेस और पोषण प्रशिक्षक की भर्ती के लिए वित्तीय सहायता को भी मंजूरी दी।

## NEWS इन ब्रीफ

### पीसीबी ने सीरीज की तारीखों में किया बदलाव

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को न्यूजीलैंड की पुरुष क्रिकेट टीम के अप्रैल में पांच वनडे और पांच टी-20 मैचों के पाकिस्तान दौरे की तारीखों में बदलाव की पुष्टि की। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड टी20 सीरीज शुरू में 13 से 23 अप्रैल के बीच खेली जानी थी, लेकिन अब मैच 14 अप्रैल से शुरू होंगे और 24 अप्रैल को समाप्त होंगे। इसके बीच होने वाले टी-20 अब 15, 17 और 20 अप्रैल को खेले जाएंगे। दौरे के बाद के एकदिवसीय मैच के कार्यक्रम में भी बदलाव किया गया है। श्रृंखला 26 अप्रैल से शुरू होगी और 7 मई को समाप्त होगी।

### ब्राजील टीम में ब्रेमर अल्बटरे शामिल

**रियो डी जनेरियो।** जुवेंटस के डिफेंडर ब्रेमर और कोरिंथियंस के स्ट्राइकर यूरी अल्बटरे को मोरक्को के खिलाफ दोस्ताना मुकाबले के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है। यह जोड़ी पेरिस सेंट-जर्मेन के डिफेंडर मारक्विनहोस और टोटेनहम हॉटस्पर फॉरवर्ड रिचर्डसन की जगह में है, जो चोट के कारण शनिवार को टैंगियर में होने वाले मुकाबले से बाहर हो गए थे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की एक रिपोर्ट में सोमवार को कहा गया कि मार्क्विनहोस के पेट में खिंचाव है।

### सैन फ्रांसिस्को की कप्तानी करेंगे फिंच

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच संयुक्त राज्य अमेरिका के नए टी-20 टूर्नामेंट मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के उद्घाटन संस्करण में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स की कप्तानी करेंगे, जबकि दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक सिएटल ओरकास के लिए खेलेंगे। फिंच और डी कॉक रविवार को मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) 'डोमेस्टिक प्लेयर ड्राफ्ट' के दौरान घोषित छह विदेशी हस्ताक्षरों में से एक थे, जिसमें छह टीमों में से प्रत्येक ने नौ यू.एस.-आधारित खिलाड़ियों को चुना। फिंच ने ट्वीट किया: मेजर लीग क्रिकेट में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं।

# न्यूजीलैंड ने अपने नाम की टेस्ट सीरीज

## दूसरे टेस्ट में श्रीलंका को पारी और 58 रनों से हराया



### फॉलो-ऑन मिलने के बाद श्रीलंकाई टीम अपनी दूसरी पारी में 358 रनों पर आउट हो गई

**एजेंसी। वेलिंगटन**

न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को दूसरे और अंतिम टेस्ट में पारी और 58 रन से हरा दिया और सीरीज को 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। फॉलो-ऑन के लिए कहे जाने के बाद, मेजबान टीम को बैटिंग कराने के लिए श्रीलंका को 416 रन बनाने थे, लेकिन अपनी दूसरी पारी में वो 358 रनों पर आउट हो गई। जीत श्रीलंका से परे लग रही थी, जब वे सुबह के सत्र में 113/2 पर फिर से शुरू हुए, लेकिन कुछ उम्मीद थी कि वे दिन में बल्लेबाजी कर सकते हैं और यहां तक कि पांचवें दिन भारी बारिश के पूर्वानुमान की मदद से मैच को बचा सकते हैं। चार बल्लेबाजों ने अर्धशतक जमाए और नंबर 6 धनंजय डी सिल्वा ने चाय तक अर्धशतक पूरा किया।

हालांकि, डी सिल्वा के 98 रन पर आउट होने सहित एक और विकेट ने न्यूजीलैंड के हाथों में खेल वापस ला दिया। तब श्रीलंका सात विकेट पर 318 रन बना पाया था। टेलेंडर्स प्रभात जयसूर्या और कसुन राजिथा ने एक घंटे तक क्रीज पर अच्छा प्रदर्शन किया, इससे पहले जयसूर्या ने 45 गेंदें खेली और दो रन पर आउट हो गए। साउदी ने अंत में सफलता दिलाई जब कुमारा ने स्लिप में ब्रेसवेल को कैच थमा दिया और सात रन पर आउट हो गए। न्यूजीलैंड को अंतिम विकेट हासिल करने के लिए अतिरिक्त ओवर दिए गए थे। श्रीलंका ने दूसरी पारी में दस विकेट के नुकसान पर 358 रन बनाए।

### संक्षिप्त स्कोर

**श्रीलंका पहली पारी :** 164/10 (दिमुथ करुणारत्ने 89; मैट हेनरी 3-44, माइकल ब्रेसवेल 3-50)।

**श्रीलंका दूसरी पारी :** 358/10 (धनंजय डी सिल्वा 98, दिनेश चंडीमल 62; टिम साउदी 3-51, ब्लेयर टिकनर 3-84)।

**न्यूजीलैंड पहली पारी :** 580/4 घोषित। (केन विलियमसन 215, हेनरी निकोल्स 200 नाबाद; कसुन राजिथा 2-126)।



# डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में भारत दूसरे और श्रीलंका पांचवें स्थान पर

**एजेंसी। दुबई**

2021-23 आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अवधि के लिए रैंकिंग को अंतिम रूप दे दिया गया है। फाइनल ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच द ओवल में जून में खेला जाना बाकी है। वेलिंगटन में सोमवार को न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच दूसरे टेस्ट के पूरा होने के बाद आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की मौजूदा अवधि समाप्त हो गई। श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट के चौथे दिन कुछ संघर्ष किया, लेकिन कप्तान टिम साउदी (3/51) को अंतिम सफलता मिली, जिससे न्यूजीलैंड ने दिमुथ करुणारत्ने की टीम पर एक आरामदायक पारी और 58 रन की जीत सुनिश्चित की। जीत ने न्यूजीलैंड को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग पर आठवें से छठे स्थान पर ला दिया। साथ ही पाकिस्तान और वेस्टइंडीज एक स्थान गिर गया। अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल बाकी है, ऑस्ट्रेलिया और भारत जून की शुरूआत में लंदन के द ओवल में शीर्ष स्थान के लिए भिड़ेंगे। दक्षिण अफ्रीका भारत से पीछे तीसरे स्थान पर रहा, जबकि इंग्लैंड तीसरे स्थान पर। श्रीलंका अगर न्यूजीलैंड से 2-0 सीरीज जीत पाता तो फाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकता था, लेकिन सीरीज के पहले मैच में हार और दूसरे टेस्ट में निराशाजनक प्रदर्शन ने उसे टेस्ट रैंकिंग में पांचवें स्थान पर ला दिया।

# स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट से जीत की राह पर लौटना चाहेंगी सिंधु

### सिंधु और लक्ष्य सेन ने इस सीजन में किया है संघर्ष

### दोनों ही खिलाड़ी कई प्रतियोगिताओं से जल्दी हो गए बाहर

### विश्व में नौवें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय भी बेहतर प्रदर्शन करने की करेंगे कोशिश



**एजेंसी। नई दिल्ली**

बैडमिंटन क्वीन और मौजूदा चैंपियन पीवी सिंधु स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट से जीत की राह पर लौटना चाहेंगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को होगा। विश्व में नौवें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय भी ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में दूसरे दौर से बाहर होने के बाद बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। हालांकि, टूर्नामेंट में पांचवें वरीयता प्राप्त प्रणय के लिए 2018 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता चीन के शी यूकी के खिलाफ शुरुआत करना कठिन होगा, जो पिछले सप्ताह बर्मिंघम में दूसरे स्थान पर रहे थे। सिंधु और लक्ष्य सेन ने इस सीजन में संघर्ष किया है, ये दोनों ही खिलाड़ी कई प्रतियोगिताओं से जल्दी बाहर हो गए। चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद परिणाम हासिल करने में विफल रहने के बाद कोरियाई कोच पार्क ताए-संग से अलग होने वाली सिंधु पिछले हफ्ते चीन की झांग यी मैन से हारने के बाद ऑल इंग्लैंड ओपन के पहले दौर में बाहर हो गईं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु को 210,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट में वापसी करते हुए अपना आत्मविश्वास फिर से हासिल करने की उम्मीद होगी और वह स्थानीय खिलाड़ी जेंजीरा स्टैडेलमैन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

मलेशिया और इंडिया ओपन से जल्दी बाहर होने वाले सेन ने पिछले हफ्ते चाउ टिएन चेन पर जोरदार जीत दर्ज की थी, लेकिन पूर्व विश्व नंबर 2 और दो बार के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन के खिलाफ लड़खड़ा गए। आठवीं वरीयता प्राप्त सेन हांगकांग के ली चेउक यियू के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। वहीं, किदांबी श्रीकांत चीन के 23 वर्षीय वेंग होंग यांग के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगे।

ऑल इंग्लैंड ओपन में लगातार दूसरे सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद, ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी पहले दौर में इंडोनेशिया की अप्रियानी रहायु और सिती फादिया सिल्वा रमाधंती से भिड़ेंगी। सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष भारतीय पुरुष युगल जोड़ी चीन की विश्व नंबर 10 लियांग वेई केंग और वांग चांग की जोड़ी का सामना करेगी। युगल में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला, कृष्ण प्रसाद गर्ग और विष्णुवर्धन गौड़. व अश्विनी और शिखा गौतम की जोड़ी भी मैदान में है।

# तेरह साल से मैंने अपना प्लान नहीं बदला है : मिचेल स्टार्क



### सीरीज के दो मैचों में आठ विकेट ले चुके हैं स्टार्क

**एजेंसी। विशाखापत्तनम**

भारत के खिलाफ दूसरे वनडे में सनसनीखेज पांच विकेट लेने के बाद ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने खुलासा किया है कि पावरप्ले के ओवरों में फुल लेंथ पर बॉलिंग करने की उनकी योजना पिछले 13 सालों से नहीं बदली है और इसने उनको अच्छा रिजल्ट दिया है। स्टार्क को रविवार को भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की 10 विकेट से जीत में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 53 रन देकर पांच विकेट लिए। सीरीज में अब तक हुए दो मैचों में वो आठ विकेट ले चुके हैं। पावरप्ले के दौरान स्ट्राइक करने की पेसर की क्षमता भारत में दिखी।

सीरीज के दूसरे मैच में स्टार्क के चार विकेट धमाकेदार ओपनिंग स्पैल के दौरान आए, जिसने मेजबान टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के तुरंत बाद बैकफुट पर ला दिया। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वह अपनी रणनीति नहीं बदलेंगे जिससे उन्हें सिर्फ 100 से अधिक एक दिवसीय मैचों में अपने देश के लिए 219 विकेट लेने में मदद मिली है। स्टार्क ने खेल के बाद कहा, मेरी योजना 13 साल से नहीं बदली है। पूरी लेंथ की गेंदबाजी करें, स्टंप्स पर बॉल डालें, कोशिश करें कि स्विंग हो। लंबे समय से मेरी भूमिका रही है कि मैं पावरप्ले में विकेट लेने की कोशिश करूं।

# टीम के हैरान कर देने वाले तर्कों से निराश हूं : डॉटिन

### डब्ल्यूपीएल नीलामी में डॉटिन को गुजरात जायंट्स ने 60 लाख रुपये में खरीदा था

### डिआंड्रा ने खुद को टीम से बाहर किये जाने के पीछे दिए गए कारणों को आश्चर्यजनक बताया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मौजूदा उद्घाटन सत्र की शुरुआत से ठीक पहले वेस्टइंडीज की हरफनमौला खिलाड़ी डिआंड्रा डॉटिन को मेडिकल आधार पर गुजरात जायंट्स की टीम से बाहर कर दिया गया था, लेकिन 31 वर्षीय डिआंड्रा ने खुद को टीम से बाहर किये जाने के पीछे दिए गए कारणों को आश्चर्यजनक बताया है।

अडाणी समूह के स्वामित्व वाली गुजरात फ्रेंचाइजी द्वारा डब्ल्यूपीएल नीलामी में डॉटिन को 60 लाख रुपये में खरीदा गया था, लेकिन टूर्नामेंट शुरू होने से कुछ दिन पहले उसका नाम टीम से गायब हो गया। गुजरात टीम द्वारा दिए गए कारण यह थे कि डॉटिन समय सीमा से पहले मेडिकल क्लीयरेंस प्राप्त करने में विफल रहीं। डॉटिन की जगह ऑस्ट्रेलिया के किम गर्थ को टीम में शामिल किया गया है।

डॉटिन ने ट्विटर पर पोस्ट किया: मैं भारत में होने वाली उद्घाटन महिला प्रीमियर लीग से हाल ही में बाहर किए जाने को लेकर चल रही अटकलों के आलोक में एक संक्षिप्त बयान जारी करना चाहती हूं। मैं मेरे डब्ल्यूपीएल से बाहर होने के गुजरात जायंट्स के हैरान कर देने वाले तर्कों से बेहद निराश हूं। टूर्नामेंट की शुरुआत में फ्रेंचाइजी ने दावा किया कि मुझे टीम से इसलिए बाहर किया गया क्योंकि मैं जाहिर तौर पर एक मेडिकल सिचुएशन से उबर रही हूं।

## खुलासा | खाने के मामले में पूर्व भारतीय कप्तान काफी अजीब

# बिना चिकन के बटर चिकन खाते हैं धोनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दाएं हाथ के बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने महेंद्र सिंह धोनी के बारे में एक दिलचस्प तथ्य का खुलासा करते हुए कहा कि खाने के मामले में पूर्व भारतीय कप्तान काफी अजीब हैं। उथप्पा और धोनी एक-दूसरे को दो दशकों से जानते हैं, उथप्पा ने धोनी को करीब से देखा और साथ में बिताए समय को याद किया।



उथप्पा ने जियो सिनेमा के हवाले से एक एपिसोड 'माई टाइम माई हीरो' में कहा: उनकी सादगी कुछ ऐसी है जो हमेशा से रही है और यह कुछ ऐसी है जो नहीं बदली है। वह आज भी उतने ही सरल हैं जितने कि मैं उनसे पहली बार मिला था। धोनी दुनिया के सबसे सरल व्यक्ति हैं। भारत के पूर्व बल्लेबाज ने 2003 में पहली बार धोनी से मिलने की कहानी साझा की। उन्होंने कहा : पहली बार मैंने एमएस को 2003 में एनसीए बैंगलोर में एक भारतीय शिविर में देखा था। वह मुनाफ पटेल के खिलाफ बल्लेबाजी कर रहे थे जब वह स्लिंग एक्शन के साथ तेज गेंदबाजी करते थे। अन्य तेज गेंदबाज भी गेंदबाजी कर रहे थे। एमएस बल्लेबाजी कर रहे थे और उन पर लंबे-लंबे छक्के लगा रहे थे। उन्होंने एस श्रीराम को घायल कर दिया। श्रीराम उन्हें गेंदबाजी कर रहे थे और धोनी ने क्रीज के बाहर निकलकर गेंद को जोर से मारा। श्रीराम ने हाथ से छुआ और गेंद 10-20 गज पीछे चली गई। हमें लगा कि श्रीराम गेंद के पीछे दौड़ रहे हैं, लेकिन वह गेंद के पीछे भागा और सीधे ड्रेसिंग रूम में चला गया क्योंकि उसकी दो अंगुलियां टूट गई थीं। हम देखना चाहते थे कि एमएस में कितनी ताकत है और यह विस्फोटक था। उस वक्त मुझे पता था कि वह भारत के लिए खेलेगा। वह एक विशेष बल्लेबाज है।

हम हमेशा साथ खाना खाते थे। हमारे पास एक समूह था: सुरेश रैना, इरफान पठान, आरपी सिंह, पीयूष चावला, मुनाफ (पटेल), एमएस और मैं। हम दाल मखनी, बटर चिकन, जीरा आलू, गोभी और रोटियां आर्डर करते थे। लेकिन जब खाने की बात आती है तो एमएस बहुत कठोर व्यक्ति होते थे। वह बटर चिकन खाते थे, लेकिन चिकन के बिना, सिर्फ ग्रेवी के साथ! जब वह चिकन खाते थे तो रोटियां नहीं खाते थे। जब खाने की बात आती है तो वह काफी अजीब होते हैं।

### भारत और सीएसके को मिली अभूतपूर्व सफलता

**धोनी** को एक कप्तान के रूप में भारत और सीएसके दोनों के लिए अभूतपूर्व सफलता मिली और उथप्पा ने इसका कारण बताया। उनके पास तेज प्रवृत्ति है और वह अपनी सहज प्रवृत्ति का समर्थन करते हैं। यही कारण है कि वह इतने सफल कप्तान रहे हैं। वह हर परिणाम की जिम्मेदारी लेते हैं, चाहे वह जीत हो या हार। उथप्पा ने धोनी के अन्य गुणों के बारे में भी बात की और कुछ साल पहले आईपीएल नीलामी के बाद धोनी के साथ हुई पहली बातचीत को साझा किया। एमएस बहुत खुले व्यक्ति हैं। वह सच बोलने से नहीं हिचकिचाते, भले ही इससे आपको ठेस पहुंचे।

